

सीएम योगी के सघन टीबी अभियान के 56 दिन बेमिसाल, 53251 मरीज चिन्हित। एक जनवरी से पूरे प्रदेश में चले अभियान में खोजे तकरीबन 40 हजार मरीज।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 33 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आआपा) संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में आआपा कार्यकर्ताओं पर हो रहे कथित हमले का जिक्र किया है। उन्होंने चिट्ठी में लिखा है कि ऐसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार पुलिसवालों को तुरंत सस्पेंड किया जाए। इसके साथ ही हमला करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। केजरीवाल ने चुनाव आयोग से नई दिल्ली विधानसभा में इंडिपेंड इलेक्शन ऑब्जर्वर नियुक्त करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली विधानसभा सीट इस चुनाव में सबसे हाईप्रोफाइल सीट है। यहां पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, भाजपा से प्रवेश वर्मा और कांग्रेस से संदीप दीक्षित चुनावी मैदान में हैं।

# झाड़ू के तिनके बिखर रहे: मोदी

● 'पार्टी के नेता उसे छोड़कर जा रहे हैं, पार्टी अब जनता के सामने बेनकाब हो गई'

**आप को घेरा**

▶▶ आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपनी हार को देखते हुए हर घंटे झूठी घोषणाएं कर रही: पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपनी हार को देखते हुए हर घंटे झूठी घोषणाएं कर रही है। दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। पार्टी के नेता उसे छोड़कर जा रहे हैं। पार्टी अब जनता के सामने बेनकाब हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को दिल्ली में आरके पुरम सेक्टर 12 में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 8 फरवरी के बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी और अगले महीने इसी दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। 8 मार्च तक दिल्ली की बहनों के खातों में ढाई हजार रुपये पहुंचाना शुरू हो जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वसंत पंचमी से मौसम में बदलाव होना शुरू होता है। तीन दिन बाद 5 फरवरी को दिल्ली में विकास का नया वसंत आने वाला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। वे दिल्ली वालों को गारंटी देते हैं कि उनकी हर मुसीबत और हर परेशानी को समाप्त करके रहेंगे। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग के हर परिवार को खुशहाल करना डबल इंजन सरकार का लक्ष्य है। वह चाहते हैं कि दिल्ली इस बार भाजपा को मौका दे। उन्होंने कहा कि इस साल के बजट से मध्यम वर्ग राहत महसूस कर रहा है। हमारी सरकार ने 12 लाख रुपये तक की आमदनी को कर मुक्त कर दिया है। इससे मध्यम वर्ग के हजारों रुपये बचेंगे। भाजपा मध्यम वर्ग को सम्मान देती है और ईमानदार करदाताओं को पुरस्कार देती है। पीएम ने कहा कि हर परिवार खुशहाल हो ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली में बनेगी, दिल्ली के विकास में ऊर्जा लगाए ऐसी सरकार बनेगी। अब भाजपा की पक्की सरकार बनानी है। दिल्ली के लोगों के गुस्से से आपदा पार्टी इतनी डर रही है कि हर घंटे झूठी घोषणा कर रही है। आपदा पार्टी का नकाब उतर चुका है, 10 साल से आपदा वाले झूठी घोषणा पर वोट मांग रहें हैं। अब दिल्ली वाले झूठ नहीं सहेंगे। कल का बजट जनता-जनार्दन का बजट है, आज भारत की अर्थव्यवस्था 5वें नंबर पर पहुंच चुकी है। भाजपा सरकार देशवासियों का पैसा देश की भलाई और कल्याण में लगा रही है। बजट लागू होने के बाद कपड़े, जूते, टीवी और मोबाइल सहित अन्य चीजों की कीमतें कम होंगी।



### 8वें वेतन आयोग से सैलरी और पेंशन बढ़ेगीः पीएम

**पीएम ने** कहा कि ये बजट ऐसा है हिंदुस्तान का हर परिवार खुशियों से भर गया है, हमारी सरकार ने 12 लाख की आय पर टैक्स जीरो कर दिया, इससे मध्यम वर्ग के हजारों रुपये बचेंगे, दिल्ली के मध्यम वर्ग के लोगों की जेब में लाखो रुपये आने वाले है, इससे पहले इतनी बड़ी राहत कभी नहीं मिली। अगर नेहरू के जमाने में 12 कमाते होते तो एक चौथाई सैलरी सरकार ले लेती, अगर इंदिरा की सरकार होती तो 12 लाख आय पर 10 लाख टैक्स में चले जाते। कांग्रेस की सरकार सिर्फ अपना खजाना भरने के लिए टैक्स लगती थी।
प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने 8वें वेतन आयोग से सैलरी और पेंशन बढ़ेगी।

### गलती से भी 'आपदा' सरकार नहीं आनी चाहिएः पीएम मोदी

**पीएम ने** कहा, 'आपने आने वाले पांच साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है, अब गलती से भी यहां आप-दा सरकार नहीं आनी चाहिए, जो दिल्ली के पांच और साल बर्बाद कर दे। मैंने विकसित भारत के निर्माण के लिए चार स्तंभों को मजबूत करने की गारंटी देश को दी थी। ये स्तंभ हैं- गरीब, किसान, नौजवान और नारीशक्ति। कल जो बजट आया है, वो मोदी की ऐसी ही गारंटियों को पूरा करने की गारंटी है।' पीएम मोदी ने कहा, 'कल बजट आने के बाद से पूरा मिडिल क्लास कह रहा है कि ये बजट, भारत के इतिहास में मिडिल क्लास के लिए सबसे फ्रेंडली बजट है। हमारी सरकार ने 12 लाख रुपए तक की आमदनी पर इनकम टैक्स पूरी तरह जीरो कर दिया है।

# राजकोषीय अनुशासन और विकास को लेकर सरकार प्रतिबद्धः निर्मला

**आर्थिक नीति**

▶▶ भारत सरकार वित्तीय अनुशासन और विकास के संतुलन को बनाए रखने की नीति पर कार्यरत है : निर्मला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः भारत की** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को देश की बेदाग वित्तीय साख और मजबूत आर्थिक नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने कभी भी अपने राजकोषीय समेकन या ऋण कटौती लक्ष्यों से पीछे नहीं हटने दिया। उन्होंने यह बयान तब दिया जब मूडीज जैसी रेटिंग एजेंसियों ने भारत की साख में बढ़ोतरी नहीं की। भारत सरकार वित्तीय अनुशासन और विकास के संतुलन को बनाए रखने की नीति पर कार्यरत है। ऋण-से-जीडीपी अनुपात को नियंत्रित करने, पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देने और राजकोषीय घाटे को चरणबद्ध तरीके से कम करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।



**डॉलर को छोड़कर अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपया स्थिर- सीतारमण**
वित्त मंत्री ने कहा, 'मैं रुपये की विनिमय दर में गिरावट से चिंतित हूं लेकिन मैं इस आलोचना को स्वीकार नहीं करूंगी कि, ओह रुपया कमजोर हो रहा है! हमारी वृहद आर्थिक बुनियाद मजबूत है। अगर बुनियाद कमजोर होती, तो रुपया सभी मुद्राओं के मुकाबले स्थिर नहीं होता।' सीतारमण ने कहा, 'रुपये में जो अस्थिरता है, वह डॉलर के मुकाबले है। रुपया किसी भी अन्य मुद्रा की तुलना में कहीं अधिक स्थिर रहा है।'

## अमेरिका ने कनाडा-मैक्सिको व चीन पर लगाया टैरिफ

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा के साथ आज से अमेरिका के तीन सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों मैक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगा दिया गया है। शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अवैध आव्रजन और मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित चिंताओं का हवाला देते हुए कनाडा और मैक्सिको से आयात पर 25 प्रतिशत तथा चीन से आयात होने वाले सामान पर 10 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की।

## भारत ने जीता महिला अंडर 19 टी20 विश्व कप का खिताब



**टीम एक्शन इंडिया**
**कुआलालंपुर। भारतीय** महिला अंडर 19 टीम ने आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2025 का खिताब जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका महिला अंडर 19 टीम को 9 विकेट से हराया। भारत ने लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है।
इस टूर्नामेंट की शुरूआत 2023 में हुई थी। पहले ही संस्करण में भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने शेफाली वर्मा की कप्तानी में जीत हासिल की थी।
अब दो साल बाद दूसरे संस्करण में निकी प्रसाद की कप्तानी में भारतीय टीम ने लगातार दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम की है।
कुआलालंपुर के बयूमास ओवल में रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका महिला अंडर 19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 82 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे भारतीय महिला अंडर 19 टीम को जीत के लिए 83 रनों का लक्ष्य मिला। जवाब में भारतीय टीम ने 11.2 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम किया और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। भारतीय टीम की जीत में गोंगाडी तृषा ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने फाइनल में ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए पहले गेंदबाजी में तीन विकेट लिए, फिर बल्ले से नाबाद 44 रन भी बनाए। 83 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने अच्छी शुरूआत की और चार ओवर में टीम का स्कोर 36 रन पहुंचा दिया।

**खिताब**

▶▶ भारत ने लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है

## राहुल-प्रियंका ने उठाया अयोध्या में बच्ची से दुष्कर्म का मामला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। लोक**सभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी ने अयोध्या में दलित बच्ची के साथ हुए कथित दुष्कर्म और हत्या को हृदय विधायक और शर्मनाक बताया है। दोनों नेताओं ने देशों के लिए सख्त से सख्त सजा की मांग की है। रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि अयोध्या में दलित बेटी से अमानवता और उसकी नृशंस हत्या हृदयविदारक और बहुत शर्मनाक है। आखिर कब तक और कितने परिवारों को इस तरह रोना-तड़पना पड़ेगा? उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में दलितों पर घृणित अत्याचार, अन्याय और हत्या बेलगाम बढ़ता जा रहा है। उन्होंने मांग की कि उत्तर प्रदेश सरकार अपराध की तुरंत जांच कर, दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के साथ ज़िम्मेदार पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई करे। कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी ने भी एक्स पर पोस्ट में कहा कि अयोध्या में भागवत कथा सुनने गई एक दलित बच्ची के साथ जिस तरह की बर्बरता हुई, उसे सुनकर किसी भी इंसान की रूह कांप जाए। ऐसी क्रूर घटनाएं समूची मानवता को शर्मसार करती हैं।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने विश्व वेटलैंड्स डे पर गोंडा में 'हम सभी के भविष्य के लिए आर्द्रभूमियों का संरक्षण' विषयक कार्यक्रम का किया शुभारंभ।

## बसंत पंचमी पर हाई अलर्ट मोड में रहा प्रशासन



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगरः** महाकुम्भ पर बसंत पंचमी के अमृत स्नान को लेकर पूरे प्रयागराज मंडल के डॉक्टरों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यहां आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए महाकुम्भनगर के साथ ही शहर व मंडल के सभी डॉक्टर सजग रहेंगे। 1200 से अधिक मेडिकल फोर्स महाकुम्भनगर में पूरी तरह से तैयार हैं। जो पलक झपकते ही श्रद्धालुओं की सेवा के लिए हाजिर होंगे। इसके अलावा मेले में ही पूरी मेडिकल फोर्स मुस्तैद रहेगी, जो 06 फरवरी के बाद ही यहां से जाएंगे। जरूरत के हिसाब से बैकअप प्लान भी तैयार कर लिया गया है। स्वरूपरानी और तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय भी अलर्ट मोड पर
महाकुम्भनगर में डॉक्टरों की चार सदस्यीय स्पेशल टीम ने मेले में एक-एक अस्पताल की जांच की। साथ ही मेला क्षेत्र में बने सेक्टर अस्पतालों में दवा के स्टॉक और मशीनें भी चेक की हैं। इसके अलावा स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल और तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय को भी पूरी सजगता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में 500 स्टाफ को अलर्ट मोड में रखा गया है। पहले के अधिकतर मरीज यहां से डिस्चार्ज किए जा चुके हैं और डेढ़ सौ बेड रिजर्व रख लिए गए हैं। एसआरएन में 60 रेजिडेंट डॉक्टरों को 24 घंटे अलर्ट मोड में रखा गया है और यहां 30 सीटी स्कैन मशीनें पूरी तरह तैयार हैं।

**मुस्तैद**

▶▶ एसआरएन में 200 यूनिट का ब्लड बैंक तैयार, महाकुम्भनगर के 360 बेड की क्षमता वाले 23 अस्पताल मुस्तैद

## कोई गुंडागर्दी की घटना होती है तो 'हैशटैग' करके ट्वीट करें : केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रेस वार्ता कर भाजपा पर हमला बोला।
केजरीवाल ने गृहमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा बुरी तरह से हार रही है। गृहमंत्री अमित शाह बुरी तरह से बौखला गए हैं। अब वो दिल्ली के लोगों पर हमले करवा रहे हैं। जगह-जगह लोगों को खुलेआम पीटा जा रहा है। पुलिस को ऊपर से आदेश है कि कुछ नहीं करना। मजबूरी पुलिस खड़े होकर जनता पर खुले आम हो रही हिंसा को देख रही है।
केजरीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा कि हिंसा के बाद हमला करने वालों को पुलिस भगा रही है और पीड़ित व्यक्ति को गिरफ्तार करके उस पर फर्जी केस किया जा रहा है।

## 12 फीसदी गंभीर आपराधिक छवि वाले उम्मीदवार मैदान में

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली** विधानसभा चुनावों में 19 प्रतिशत उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि गंभीर आपराधिक मामलों में (हत्या, हमला, अपहरण, दुष्कर्म, महिलाओं एवं बच्चों के ऊपर अत्याचार) संलिप्त उम्मीदवारों की संख्या 12 प्रतिशत है। प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों से लेकर निर्दलीय उम्मीदवारों तक, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं की मौजूदगी ने चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि दलगत स्थिति को देखा जाए तो 19 प्रतिशत आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों में 33 प्रतिशत राष्ट्रीय पार्टी के, 13 प्रतिशत राज्य पार्टी के, आठ प्रतिशत पंजीकृत अन्य पार्टी के और 10 प्रतिशत निर्दलीय उम्मीदवार हैं। गंभीर आपराधिक मामलों की बात करें तो इसमें 18 प्रतिशत राष्ट्रीय पार्टी के, 10 प्रतिशत राज्य पार्टी के, 6 प्रतिशत पंजीकृत अन्य पार्टी के और 8 प्रतिशत निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं।



**रिपोर्ट**

▶▶ आम आप, कांग्रेस और भाजपा जैसे दलों ने भी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को टिकट दिया है

विशेष रूप से आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जैसे प्रमुख दलों ने भी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को टिकट दिया है।

## संसद में दिखाई जाएगी 'रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** फिल्म डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी गीक पिक्चर्स ने रविवार को जानकारी दी कि 15 फरवरी को संसद में 1993 की जापानी-भारतीय एनिमेशन फिल्म रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा की स्पेशल स्क्रीनिंग की जा रही है। जापानी-भारतीय एनिमेशन फिल्म रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा की स्पेशल स्क्रीनिंग में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ संसद सदस्य और सांस्कृतिक क्षेत्रों से जुड़े खास लोग आमंत्रित हैं। फिल्म से जुड़ी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी इस अवसर को लेकर काफी खुश है।

**उपचुनाव**

### मुख्यमंत्री ने मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में की जनसभा

## जिससे सनातन धर्म का गौरव बढ़ता हो, सपा को उससे पीड़ा होती हैः सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्याः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी को खूब धोया। बोले कि 'एक्स' पर दो महीने से सपा अध्यक्ष के पोस्ट को देखिए, यह प्रयागराज महाकुम्भ का विरोध करते हुए आए हैं। अब तक 34 करोड़ श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी के संगम पर आस्था की डुबकी लगाई है। शनिवार को उप राष्ट्रपति, कई देशों के राजदूत-हाई कमिश्नर आए थे। पूरी दुनिया आकर अभिभूत है, लेकिन सपा को इससे पीड़ा हो रही है। जिससे सनातन धर्म का गौरव बढ़ता हो, भारतीयों का सीना चौड़ा होता हो, उससे सपा को पीड़ा होती है। सपा सनातन धर्म और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं की विरोधी है।
मुख्यमंत्री ने मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान के पक्ष में रविवार को जनसभा कर उन्हें जिताने की अपील की। अयोध्या के विकास से सपा को हो रही पीड़ा
सीएम ने कहा कि परसों (शुक्रवार) हेलीकॉप्टर से जा रहा था, अयोध्या धाम में हर तरफ जनसैलाब दिखाई दे रहा था। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने फोरलेन सड़कें, रेलवे लाइन को डबल, स्टेशनों का सुदृढ़ीकरण, इंटरनेशनल एयरपोर्ट का विस्तार नहीं किया होता तो प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु यहां नहीं आ पाते। केंद्र व राज्य सरकार का पैसा और हमारे जनप्रतिनिधियों का प्रयास रहा तो अयोध्या का विकास व व्यवसाय बढ़ रहा है।
जब भी हमने अयोध्या के विकास की कार्ययोजना को बढ़ाया तो सपा ने विरोध किया। सड़क चौड़ीकरण के दौरान 1700 करोड़.से अधिक का मुआवजा दिया गया। राम मंदिर का शिलान्यास और राम मंदिर में रामलला विराजमान हुए, तब भी सपा ने विरोध किया।



**साधा निशाना**

▶▶ हमारी सरकार में गोरखपुर व काशी से अधिक अयोध्या का विकास हुआ : मुख्यमंत्री योगी

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 03 फरवरी 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# बादली विधानसभा क्षेत्र में देवेन्द्र यादव ने किया जनसंपर्क, लोगों ने दिया जीत का आशीर्वाद





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बादली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव ने जहांगीरपुरी के बी और सी ब्लॉक में जनसंपर्क किया। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव ने कहा कि जनता जनार्दन का साथ, समर्थन और आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी ताकत है। बादली विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए मैं दृढ़ संकल्पित हूं। हम सब मिलकर बादली के उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि जहांगीरपुरी सहित कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है और जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। इस मौके पर प्रत्याशी देवेन्द्र यादव को बुजुर्गों ने जीत का आशीर्वाद दिया और जगह-जगह युवाओं ने भी कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव का स्वागत भी किया।

## दीपक चौधरी को मिल रहा है जनता का समर्थन: ढीका



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बादली** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका ने कहा कि बादली विधानसभा क्षेत्र में हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है, हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है, जनता भाजपा को समर्थन करने की बात कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह एक भी पूरे नहीं हो रहे है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि बादली क्षेत्र में आज भी गंदा पानी आ रहा है और जनता को मजबूर होकर बाजार से मंहगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि बादली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दीपक चौधरी भारी मतों से विजयी होगें।

## फेडरेशन पर यमुना भिक्षाटन महायज्ञ हुआ संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: फेडरेशन ऑफ** सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव की अध्यक्षता में यमुना जी की अविरलता और निर्मलता के लिए यमुना भिक्षु रविशंकर तिवारी के नेतृत्व में सदर बाजार में भिक्षाटन महायज्ञ आयोजित हुआ। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों से गणमान्यजन शामिल हुए और यमुना शुद्धिकरण के इस संकल्प को समर्थन दिया। इस अवसर पर रविशंकर तिवारी ने फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंदर महेंद्रु, राजकुमार गुप्ता, महासचिव कमल कुमार, कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल से उपकोषाध्यक्ष गोपाल ग्रोवर, व्यापारी नेता वरिंदर सिंह, नरेंद्र गुप्ता, राजीव सोहर, कुलदीप सिंह, सुनील पुरी, मुकेश शर्मा, अभय सभरवाल, तरुण सोनी सहित अनेक व्यापारियों ने यमुना जी की सफाई अभियान में शामिल होने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने कहा बड़े दुख की बात है कि दिल्ली के पानी व हवा जिस प्रकार खराब होती जा रही है यह लोगों की बीमारी का कारण बनता जा रहा है जिसमें बच्चे क्या महिलाएं, बुजुर्ग के साथ-साथ नौजवान भी इसके चपेट में आ रहे हैं। जिससे लोगों का जीना दुर्बल होता जा रहा है। परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने कहा कि करोड़ों रुपए का बजट होने के बावजूद भी यमुना जी की सफाई का कार्य नहीं हो पाया। सरकार को चाहिए इसके लिए प्रधानमंत्री यमुना शुद्धिकरण आयोग बनाए, जिसमें सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के पूर्व जज हो और आयोग का कार्य युद्ध स्तर पर कार्य करना होना चाहिए।

इस अवसर पर यमुना भिक्षु रविशंकर तिवारी ने कहा कि यमुना जी की सफाई के लिए वह भिक्षा मांग कर अभियान चलाएंगे और जगह-जगह लोगों को जागरूक करेंगे।

## पूनम को मिल रहा है जनता का अपार समर्थन: जिंगाला



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता अजय जिंगाला ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। उन्होंने आगे बताया कि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है, हमें जनता का अच्छा समर्थन मिल रहा है। जनता इस बार दिल्ली में भाजपा की सरकार चाहती है। श्री जिंगाला ने आगे बताया कि भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज भारी मतों से विजयी होगी। क्योंकि जनता भाजपा के साथ है। उन्होंने आगे बताया कि वजीरपुर जेजे कॉलोनी में हम जहां पर भी जनसंपर्क कर रहे है जनता भाजपा को वोट करने की बात कह रही है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने देश में विकास ही विकास किया है, जिससे लोग प्रभावित हो रहे है, भाजपा को वोट करने की बात कह रहे है।

## वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूनम भारद्वाज की होगी जीत: श्याम सुंदर



**श्याम ने कहा**

**वजीरपुर सीट पर कमल खिलेगा, क्योंकि हमें इस बार जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है: श्याम सुन्दर**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज भारी मतों से विजयी होगी। उक्त बातें भाजपा जिला केशवपुरम एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर ने कही। श्याम सुन्दर ने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है, जनता भाजपा को समर्थन करने की बात कह रही है। जिला उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर ने आगे कहा कि भाजपा की नीतियों व कार्यों से वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग काफी ज्यादा प्रभावित है, यही कारण है कि पूनम शर्मा भारद्वाज को जनसंपर्क के दौरान जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने आगे बताया कि वजीरपुर सीट पर कमल खिलेगा, क्योंकि हमें इस बार जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है और जनता इस बार बदलाव चाहती है और दिल्ली में भाजपा की सरकार चाहती है।

## 'आदर्श नगर में खिलेगा कमल, जनता का मिल रहा है समर्थन'



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आदर्श नगर** विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता इन्द्रजीत मुखी ने कहा कि इस बार आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में कमल खिलेगा, क्योंकि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे, हमें जनता का अच्छा समर्थन मिल रहा है।
उन्होंने आगे यह भी बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाया है, यही कारण है देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था में काफी सुधार किया है। इसलिए जनता इस बार भाजपा को वोट करने की बात कह रही है।
उन्होंने आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि आप सभी आने वाले 5 फरवरी को भाजपा के समर्थन में वोट करें और दिल्ली में सुशासन पाये।



लाल बाग में फरुखाबाद के सांसद मुकेश राजपूत ने भाजपा प्रत्याशी अशोक गोयल के समर्थन में जनसंपर्क किया। इस मौके पर केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन व पार्षद सुशील जोंटी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भारी मतों से विजयी होगी रेखा गुप्ता: रोशन सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा जिला केशवपुरम पूर्वांचल मोर्चा के जिला महामंत्री रोशन सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में कार्य करती है।
उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने जहां एक ओर शहरों में विकास ही विकास करके दिखाया है, वहीं गांव में भी भाजपा के राज में विकास हुआ है, जिससे देश के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रभावित है।
उन्होंने आगे बताया कि शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी रेखा गुप्ता जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रही है, जनता का उन्हें अपार समर्थन मिल रहा है, जनता भाजपा के समर्थन की बात कह रही है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा ने जो कहा है, वह करके दिखाया है, यही कारण है कि लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है और इस बार दिल्ली में भाजपा का परचम लहरायेगा।

## विंटेज ड्राइव का आयोजन

**नई दिल्ली: आगामी** दिल्ली विधानसभा चुनाव में मतदाता भागीदारी को मजबूत करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय नई दिल्ली द्वारा रविवार को एक विशेष विंटेज ड्राइव फॉर वोटर अवेयरनेस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम, इंडिया गेट, नई दिल्ली से प्रारंभ हुआ। इस अभियान का उद्घाटन भारत निर्वाचन आयोग के उप चुनाव आयुक्त हिर्देश कुमार, आईएएस, और दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज, आईएएस, द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी सनी कुमार सिंह, आईएएस मौजूद रहे।


# एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# जिसे कहते थे निकम्मा, अब उसी को पार्टी में शामिल करवायाः मुकेश गोयल

**● आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न क्षेत्रों में मुकेश ने किया जनसंपर्क ● लोगों से किया हर वादा निभाऊंगाः मुकेश गोयल**






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** चुनाव प्रचार थमने में कुछ घंटों का समय रह गया है। विभिन्न दलों के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में न दिन देख रहे न रात। जनसंपर्क, जनसभा, पदयात्रा कर लोगों के बीच अपनी बात रख रहे हैं। साथ ही अपनी नीतियों और पार्टी के घोषणापत्र से लोगों को वाकिफ करा रहे हैं। जनता भी प्रत्याशियों की बातों और योजनाओं को ध्यानपूर्वक सुन रही है और प्रत्याशियों को जीत का आशीर्वाद दे रही है। इसी कड़ी में आदर्श नगर

## वादे पूरे करूंगा..

**▶▶ आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने आदर्श नगर के विभिन्न क्षेत्रों में किया जनसंपर्क, आदर्श नगर को बनाउंगा आदर्शः मुकेश गोयल**

विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने आदर्श नगर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि राजस्थान उद्योग नगर, आदर्श नगर ए ब्लॉक, डीडीए फ्लैट जहांगीरपुरी में आयोजित जनसभा को सम्बोधित किया। जनता ने भी मुकेश गोयल को सुनने के लिए अपने घरों से निकल आई। महिला शक्ति भी कहां पीछे रहने वाली थी। भारी संख्या में महिलाओं ने मुकेश गोयल की जनसभा में पहुंचकर जनसभा को विसाल रैली के रूप में तब्दील कर दिया।

**जिसे कहते थे निकम्मा, अब उसी को शामिल करवायाः गोयल**


विधायक पवन शर्मा के भाजपा में शामिल होने के सवाल पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने कहा कि भाजपा वाले जिसे निकम्मा विधायक कहते थे, अब उसी को शामिल करवा लिया। बीजेपी वाले लोगों को बेवकूफ समझते हैं। ये चुनाव सच और झूठ के बीच है। काम कराने वाले और सिर्फ बहाना बनाने वाले के बीच का है। ये चुनाव आदर्श नगर के इतिहास में एक नई इबारत लिखेगा।

**मुकेश गोयल ने किया प्रचार, हर क्षेत्र का होगा विकासः मुकेश गोयलः** आदर्श नगर ए ब्लॉक, डीडीए फ्लैट जहांगीरपुरी में जनसभा के दौरान कहा कि जो भी वादे आपसे करूंगा, उनको चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद अमलीजामा जरूर पहनाऊंगा।

**मुकेश गोयल का हुआ भव्य अभिनंदनः** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने विधानसभा के कई क्षेत्रों जनसपर्क किया। इस दौरान मुकेश गोयल के साथ समर्थकों, कार्यकताओं, क्षेत्रवासियों को सैलाब चलता दिखाई देता है। पूरा क्षेत्र आम आदमी के रंग में रंग जाता है। जनसंपर्क के दौरान मुकेश गोयल जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे हर ओर सुनाई दे रहे थे। पूरा इलाका आम आदमी पार्टी के रंग में रंगा नजर आ रहा था।

**लोगों ने मुकेश गोयल के समक्ष रखी क्षेत्र की समस्याएंः** इस मौके पर मुकेश गोयल के समक्ष राजस्थान उद्योग नगर, आदर्श नगर ए ब्लॉक, डीडीए फ्लैट जहांगीरपुरी के निवासियों ने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। पीने के पानी का समस्या, सीवर की समस्या, सड़क की समस्या से मुकेश गोयल को अवगत कराया। मुकेश गोयल ने भी सभी की बातें ध्यान पूर्वक सुनीं और सभी को आश्वासन दिया कि सभी की समस्याएं चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद हल करूंगा। आप सब अपना प्यार वोटों के रूप में मुझे दें और भारी बहुमत से दिल्ली में आम आदमी पार्टी को लाएं, दिल्ली में विकास कार्य रूकेगा नहीं। दोगुने रफ्तार, नई ऊर्जा और आप सबके सहयोग से आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई इबारत लिख दूंगा।





**● नरेला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजकरण खत्री ने बांकनेर ,लामपूर, नई बस्ती में किया प्रचार, जनता से मिल रहा जीत का आशीर्वाद**

# चुनाव हार रहे हैं केजरीवाल, उनकी बौखलाहट, घबराहट और छटपटाहट से है साफः चिराग









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली : केंद्रीय** मंत्री चिराग पासवान ने नरेला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजकरण खत्री के प्रचार को जहां नया मुकाम दिया वहीं जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर चिराग पासवान ने कहा कि दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की बौखलाहट, घबराहट और छटपटाहट से साफ है कि वो चुनाव हार रहे हैं और इस बार दिल्ली को गंदा करने वाली आप-दा से भाजपा मुक्ति दिलाने जा रही है। चिराग पासवान ने ने कहा कि अरविंद केजरीवाल चुनाव हार रहे हैं और हताशा, निराशा केजरीवाल के चेहरे पर साफ दिख रही है। अरविंद केजरीवाल की बौखलाहट, घबराहट और छटपटाहट से साफ है कि वो उनकी आपदा पार्टी दिल्ली की सत्ता से जा रहे हैं और इसी तनाव में वो बेतुकी बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा दिल्ली में दो तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है, क्योंकि केजरीवाल सरकार पूरी तरह एक्सपोज हो चुकी है। आज से कुछ साल पहले केजरीवाल जी ने कहा था यमुना जी को साफ करूंगा और डुबकी लगाऊंगा। अब दिल्ली की जनता ने उनको डुबोने का मन बना लिया है। दिल्ली में न हवा साफ है, न पानी साफ है, न गंदगी के पहाड़ साफ है। इस बार दिल्ली से आम आदमी पार्टी ही साफ होने जा रही है।



सुशासन व लोककल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतारेगी। चिराग ने कहा अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी ने जनता से सिर्फ झूठ ही बोला है और दिल्ली को लूटा है। केजरीवाल ने दिल्ली को उसके हक से वंचित रखा है। इसलिए दिल्ली में भाजपा सरकार बनने पर महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह दिए जाएँगे। इसके अलावा हम मुख्यमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये की आर्थिक सहायता और छह पोषण किट की सहायता उपलब्ध करायेंगे। ऑटो और टैक्सी चालकों के लिए ऑटो ड्राइवर कल्याण बोर्ड का गठन करने के साथ ही भाजपा उन्हें 10 लाख तक का जीवन बीमा और पांच लाख तक का दुर्घटना बीमा देने के साथ उनके बच्चों को भी स्कालरशिप देने जा रही है। जरूरतमंद छात्रों को सरकारी संस्थानों में केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी, साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 रुपये की एकमुश्त सहायता, आवेदन शुल्क एवं यात्रा की लागत के लिए दो बार की प्रतिपूर्ति भी की जाएगी।

गैस सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी व होली-दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर देने के साथ साथ अटल कैंटीन योजना के तहत झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों के लिए पांच रुपये में पौष्टिक भोजन भी देने का काम भाजपा सरकार करेगी






# महिलाओं को सशक्त बनाने में जुटी सरकार: श्रुति चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण व स्वावलंबन के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि उनके दादा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी बंसी लाल ने करीब दो दशक पहले उनके पिता के देहांत के बाद सिर पर पगड़ी रखकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया था, वो आज कारगर सिद्ध हो रहा है। लड़कियां खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल लेकर आती हैं, तो उनका सम्मान भी पगड़ी पहनाकर करते हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी आज भिवानी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्थानीय भीम खेल परिसर में आयोजित बसंत पंचमी महोत्सव को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। इस दौरान भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी कुमार उपस्थित रही। उन्होंने बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का हरियाणा से विशेष स्नेह व लगाव है। इसका उदाहरण बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ राष्ट्रीय अभियान है जिसकी शुरूआत पानीपत की ऐतिहासिक भूमि से हुई थी।



उन्होंने कहा कि सरकार उनके दादा स्व. चौधरी बंसीलाल का सपना को साकार कर रही है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उनके दादा की दूरगामी सोच थी। उन्होंने कहा कि लगभग दो दशक पहले उनके पिता का दुर्घटना में देहांत हुआ तो सामाजिक रूढ़िवादी प्रथा को तोड़ते हुए मुझे पगड़ी पहनाकर साहसिक निर्णय लिया था। आज मौजूदा समाज में चौ. बंसी लाल का फैसला सार्थक साबित हुआ। उन्होंने आमजन का आह्वान करते हुए कहा कि बेटियों को स्वावलंबी व सशक्त बनाने के लिए सबको सामूहिक प्रयास करने होंगे। बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब अपना संबोधन शुरू करते है तो भारत माता की जय का नारा लगाते हैं। जहां मां दुर्गा, सरस्वती, मां काली की पूजा होती है, वहां नारी शक्ति कमजोर नहीं हो सकती। उन्होंने विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से भी अनुरोध किया कि वे निष्ठा व ईमानदारी से महिलाओं के हित में कार्य करें ताकि विभाग की योजनाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि महिलाओं व बच्चों पर सरकार की योजनाओं का असर दिखना चाहिए। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया कि बच्चों के पालन-पोषण के लिए राज्य सरकार के 100 दिन पूर्ण होने पर 324 क्रेच जनता को समर्पित किए गए है। उन्होंने कहा कि चौ. बंसीलाल ने भिवानी के भीम स्टेडियम के इसी मंच से उन्हे पगड़ी पहनाकर बेटियों को आगे बढ़ाने का कार्य किया था। जो पूर्व मुख्यमंत्री चौ. बंसीलाल की महिला समानता को लेकर ऊंची सोच को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने बजट में टैक्स सीमा 7 लाख से 12 लाख तक बढ़ाकर आमजन को बड़ी राहत दी है। विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी कुमार ने कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी व अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं व बच्चों के हित में लागू की गई योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त अभियान व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए। सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए महिला हित में कार्य किया जा रहा है। इन योजनाओं को विभाग द्वारा सही ढंग से लागू किया जाना चाहिए ताकि जरूरतमंद महिलाओं को इसका लाभ मिल सके।

## हमारी समृद्ध सनातन संस्कृति ही भारत की है पहचान: विज

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि हिंदुस्तान अपनी प्राचीन समृद्ध सनातन संस्कृति के लिए जाना जाता है। हमारे पवित्र धार्मिक अनुष्ठान और सनातन परंपरा हिंदुस्तान का निर्माण करती है। यह भारतीय संस्कृति की पहचान है। ऋषि मुनियों और संतों की वाणी ने हमेशा समाज को सही रास्ता दिखाने का काम किया है। धार्मिक अनुष्ठान जीवन की बाधाओं को पार करते हैं। विज रविवार को रोहतक शहर में माता दरवाजा के समीप स्थित परम सिद्ध पीठ शंकट मोचन धाम में आयोजित तीन दिवसीय हनुमान कथा के समापन अवसर पर मौजूद नागरिकों को मुख्य अतिथि के रूप में अपना संदेश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी उमंग और जोश का दिन है। यह संगीत और ज्ञान का दिन है। बसंत पंचमी झूमने, नाचने, गाने तथा हंसने और हंसाने का दिन है। यह दिन प्रकृति के साथ-साथ इंसान में भी सकारात्मक बदलाव लाता है। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड के बाद मौसम खुशनुमा होता है और मौसम सुहानी कर-वट लेता है। बुझे हुए फूल खिलने लगते हैं, जो आगे आने वाली खुशहाली का संकेत होते हैं। मौसम में एक तरह से बाहर आती है। उन्होंने कहा कि बसंत ऋतु में पक्षी भी अपने घोसलों से बाहर आकर प्रकृति का आनंद लेते हैं। परिवहन मंत्री अनिल विज ने अपना संदेश देते हुए कहा कि ईश्वर ने अनेक तरह के मौसम और फल-फूल के साथ विभिन्न तरह की अनमोल सौगात देकर इस धरती को एक स्वर्ग बनाया है। बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड जाने के बाद हमारे अंदर एक नई तरह की ऊर्जा आती है और जिससे काम में तेजी आती है। यह हर तरह से समृद्धि का प्रतीक है।

## न्यूज फ्लैश

### मेहनत करने वालो की सफलता सुनिश्चित- महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं है। शिक्षा के बल पर ही हम कोई भी मुकाम हासिल कर सकते हैं। शिक्षा से ही देश व समाज की तरक्की होती है। भारत युवाओं का देश है। पूरी दुनिया भारत का लोहा मानती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में पूरे विश्व की नजर भारत की तरफ होती है। भारत के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। इसलिए युवाओं को संस्कार एवं गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी आज भिवानी में स्थानीय वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि भारत उभरती हुई ताकत है। आने वाले समय में भारत दुनिया की सबसे बड़ी तीसरी ताकत होगा। भारत के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे कड़ी मेहनत करें। आज मेहनत करने वाले युवाओं के लिए हर तरफ दरवाजे खुले हैं। वे व्यापार, उद्योग, राजनीति, नौकर सहित किसी भी क्षेत्र में अपना भाग्य आजमा सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्व. चौधरी बंसीलाल हमारे ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। भिवानी जिले के लोगों से स्व. चौधरी बंसीलाल व चौ. सुरेन्द्र सिंह का गहरा लगाव रहा है। श्रुति चौधरी ने कहा कि मैं आपकी बेटी हूँ, भिवानी के लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाना मेरा नैतिक दायित्व है।

### आग की तीन घटनाओं में एक महिला की मौत, दो घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** शनिवार देर रात आग की तीन अलग-अलग घटनाओं में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। दमकल विभाग की दर्जनभर गाडियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस मामलों की जांच कर रही है। आगजनी की पहली घटना देर रात साढ़े 9 बजे की है। दमकल विभाग को सूचना मिली कि आईएमटी मानेसर स्थित एम/एस लाइफ लॉन्ग मेडिकाइट प्राइवेट लिमिटेड प्लॉट नंबर-18 सेक्टर में आग लग गई। आग में यूपीएस, इलेक्ट्रिक पैनल, प्लास्टिक से तैयार किया और कच्चे माल जलकर राख हो गया। आग की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फैक्टरी में लगी आग पर दमकल विभाग की लगभग 9 गाड़ियों ने काबू पाया। दूसरी घटना रात लगभग एक बजे की है। वजीरपुर-पटौदी रोड पर एक चलती कार में अचानक आग लग गई। कार चालक पवन पुत्र सुरेंद्र निवासी गांव झुंडसराय ने कार पर कंट्रोल करते हुए उसे रोक लिया।

### हरियाणा सरकार ने दिल्ली विधानसभा, 2025 के आम चुनाव सवेतन अवकाश की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली विधानसभा 2025 के आम चुनाव के लिए मतदान के दिन 5 फरवरी, 2025 (बुधवार) को राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों, बोर्ड और निगम आदि में कार्यरत उन कर्मचारियों को जो उक्त आम चुनाव में अपना वोट डालने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं, के लिए सवेतन अवकाश/विशेष आकस्मिक अवकाश (सवेतन) की अधिसूचना के माध्यम से घोषणा की गई है। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, हरियाणा में स्थित विभिन्न कारखानों, दुकानों और निजी प्रतिष्ठानों के कर्मचारी, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में मतदाता के रूप में पंजीकृत भी धारा 135-बी के तहत सवैतनिक अवकाश के हकदार हैं।

## रेलवे रोड पर छाया रहता है घना अंधेरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

महेंद्रगढ़। वैसे तो शहर की सभी सड़कों में गहरे गड्ढे बने हुए है। लेकिनशहर के अति व्यस्त मार्ग रेलवे रोड की हालत और भी खस्ता हैं। वहीं शाम होने के साथ ही वाहन चालकों की परेशानी ओर बढ़ जाती हैं। क्योंकि इस मार्ग कई सरकारी कार्यालय होने के बावजूद भी अंधेरा छाया रहता हैं। जिस कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही अंधेरे में सड़क पर बने गहरे गड्ढे के चपेट में आकर वाहन खुदभी घायल हो रहें है। इसमें सबसे अधिक दिक्कत बाइक चालकों को हो रहीं है। बता दें कि शहर की सड़कों पर लगी स्ट्रीट लाइट को मेंटेन करने कीजिम्मेदारी नगर पालिका की है, लेकिन इस मार्ग पर एक सप्ताह में करीब दो से तीन बार स्ट्रीट लाइट या तो खराब होती है या फिर रात के समय जलाई नहीं जाती। स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण रात के समय इस मार्ग पर घना अंधेरा छाया रहता है। यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रात के रेलवे स्टेशन के यात्री इसी मार्ग का इस्तेमाल करते है।

## नए जिले, तहसील, सब-तहसील के पुर्नगठन के संबंध में आगामी 4 फरवरी को होगी बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा में प्रशासनिक ईकाई जैसे मंडल, जिला, उपमंडल, तहसील, सब-तहसील, ब्लॉक्स, पंचायत और पंचायत समितियों के पुर्नगठन के संबंध में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में गठित मंत्री समूह की सब कमेटी की बैठक 4 फरवरी, 2025 को हरियाणा सिविल सचिवालय की चौथी मंजिल पर होगी। बैठक में सदस्य के रूप में शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढांडा, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहेंगे। कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में गठित मंत्री समूह की सब कमेटी की पिछली बैठक में चार महत्वपूर्ण फैसले लिए गए थे। जिसमें महेंद्रगढ़ जिले के मंडोला गांव को उप तहसील सतनाली में और जिला रेवाड़ी के गांव बरेली कलां को उप-तहसील पाल्हावास से निकालकर तहसील रेवाड़ी में शामिल किया गया। इसी प्रकार जिला यमुनानगर के गांव गुन्दियाना को तहसील रादौर से निकालकर उप-तहसील सरस्वतीनगर में, फरीदाबाद के सैक्टर 15, 15 ए, सैक्टर 16 ए को तहसील बड़खल से निकालकर फरीदाबद के रजिस्ट्रेशन सेंगमेंट में सैक्टर 21 ए तथा बी को तहसील फरीदाबाद से निकालकर तहसील बड़खल के रजिस्ट्रेशन सेंगमेंट में शामिल करने का भी निर्णय लिया गया था।

**बैठक**

**4 फरवरी को होने वाली बैठक में भी लोगों से प्राप्त आवेदनों पर कमेटी द्वारा विचार किया जाएगा**

आगामी 4 फरवरी को होने वाली बैठक में भी लोगों से प्राप्त आवेदनों पर कमेटी द्वारा विचार किया जाएगा और निर्धारित मानदंडों के अनुरूप में नए जिले, तहसील, उप-तहसील के सबंध में निर्णय लिया जाएगा।

## अरविंद शर्मा ने नजफगढ़ भाजपा प्रत्याशी नीलम के समर्थन में निकाला पैदल मार्च

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा** के सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर देश की जनता भरोसा करती है। आज दिल्ली की जनता समझ चुकी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनने से ही दिल्ली में विकास की रफ्तार बढ़ेगी। रविवार को सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में नजफगढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नीलम कृष्ण पहलवान के समर्थन में पैदल मार्च करते हुए आमजन से वोट की अपील की। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान, भाजपा प्रत्याशी नीलम पहलवान के साथ तकरीबन तीन किलोमीटर लंबे इस पैदल मार्च में अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि दिल्ली में आप-दा जा रही है और भाजपा की डबल इंजन की सरकार आ रही है। उन्होंने हजारों की संख्या में सड़क पर उतरे कार्यकताओं के जोश, उत्साह की तरफ इशारा करते हुए बताया कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और आप-दा के दिन अब लद गए हैं। जनता-जनार्दन समझ रही है कि अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगियों ने दिल्ली की जनता से किए वायदों को भूलकर आकंठ भ्रष्टाचार की गंगौत्री में डुबकी लगाई है। आज यह लोग अपने कारनामे छिपाने के लिए दिल्ली की जनता का ध्यान भटकाने का काम कर रहे हैं।

## रोडवेज बस चालक ने टोलकर्मी को कुचला

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम। सोहना** के घामड़ोज टोल प्लाजा पर शनिवार देर शाम दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें एक रोडवेज बस ने टोल प्लॉजा पर तैनात कर्मचारी के दोनों पैर कुचल दिए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। घायल टोलकर्मी की पहचान 34 वर्षीय दिलीप सिंह निवासी कानपुर के रूप में हुई है। टोल प्लाजा के मैनेजर मनोज बैंसला के अनुसार एक रोडवेज बस गुरुग्राम से सोहना की ओर जा रही थी। तेज गति से आ रही बस टोल प्लाजा पर पहुंची तभी बस चालक ने लापरवाही से बस चलाते हुए ड्यूटी पर तैनात दिलीप सिंह को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दिलीप सिंह के दोनों पैर बस के पहियों के नीचे आकर कुचल गए।

## गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी शक्ति को मजबूत करेगा बजट: पंवार



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट को हर वर्ग के लिए कल्याणकारी बताते हुए कहा कि बजट में विकसित भारत के चार स्तंभों गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को मजबूत करने की झलक दिखी है। वहीं, 12 लाख रुपए तक की आमदनी में आयकर छूट से नौकरीपेशा मध्यम वर्ग को भी बड़ी राहत देने का काम किया गया है। कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरे कार्यकाल में आम बजट आमजन की बेहतरी, विकास को गति देने वाला और मध्यम वर्ग की वित्तीय क्षमता बढ़ाने की दिशा में पेश किया गया बजट है।

उन्होंने कहा कि हर घर, नल से जल योजना को वर्ष 2028 तक बढ़ाने, महिला युवा उद्यमियों को 2 करोड़ रुपए तक का टर्म लोन, किसानों को क्रेडिट कार्ड लिमिट 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए किए जाने से हर वर्ग का कल्याण सुनिश्चित करने का प्रयास सरकार ने किया है।

**हरियाणा बनेगा वैश्विक शिक्षा का केंद्र, एआई और आधुनिक स्किल्स का मिलेगा प्रशिक्षण**

विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट में शिक्षा के क्षेत्र में आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय से शिक्षा हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता संबंधी एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का जो प्रकल्प किया है, वो आधुनिक शिक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसी दिशा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार का भी संकल्प है कि हम हरियाणा को वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनाएंगें, जो एआई और आधुनिक स्किल्स का प्रशिक्षण प्रदान करेगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

## हरियाणा में भाजपा जिलाध्यक्षों की घोषणा टली, अब पांच फरवरी के बाद संभव

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: दिल्ली** विधानसभा चुनाव के चलते हरियाणा में भाजपा जिलाध्यक्षों की घोषणा टल गई।यह घोषणा दो फरवरी तक किया जाना संभावित मांस गया था। हरियाणा भाजपा जिलाध्यक्ष तय करने में अभी कुछ और समय लग सकता है। पहले जिलाध्यक्षों की घोषणा दो फरवरी तक होने की संभावना थी, लेकिन हरियाणा के करीब दो दर्जन भाजपा नेताओं के दिल्ली चुनाव में व्यस्त होने की वजह से इन जिलाध्यक्षों के नामों की सूची जारी करने में देरी हो रही है। अब उम्मीद की जा रही है कि पांच फरवरी के बाद हरियाणा के भाजपा जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा की जाएगी। कांग्रेस आठ फरवरी को दिल्ली चुनाव के नतीजे आने के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता का चयन कर सकती है। करीब सवा तीन माह से कांग्रेस अपनी पार्टी के विधायक दल के नेता का चयन नहीं कर पाई है।हरियाणा भाजपा के प्रभारी डॉ. सतीश पुनिया, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा के बीच नये जिलाध्यक्षों के नामों पर चर्चा हो चुकी है। हरियाणा भाजपा के अध्यक्ष मोहन लाल बडौली और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा भी राष्ट्रीय नेतृत्व से नये जिलाध्यक्षों के नामों को लेकर चर्चा कर चुके हैं। अभी तक भाजपा की ओर से 22 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की जाती थी, लेकिन संगठनात्मक रूप से भाजपा ने पांच नये जिले और बनाए हैं। इसलिए अब 27 जिलाध्यक्षों की घोषणा की जाएगी। भाजपा की ओर से नये बनाए गए जिलों में हांसी, गोहाना, डबवाली, गुरुग्राम महानगर और बल्लभगढ़ शामिल हैं।

## मंत्री विज ने सीएम की कार्यप्रणाली पर फिर उठाए सवाल

**भले ही मंत्री पद छीन ले कोई फर्क नहीं पड़ता**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज की अपनी ही सरकार से नाराजगी दूर नहीं हो रही। रविवार को रोहतक पहुंचे विज ने कहा कि सीएम नायब सैनी मंत्रियों की बात सुनें और सरकार को ठीक से चलाएं। जब मैं कह रहा हूं कि सीएम सुनें और सरकार ठीक से चले तो आप समझ जाइए, किसकी चलती है और किसकी नहीं। ऐसे में उनका इशारा प्रदेश की अफसरशाही की तरफ समझा जा रहा है। विज ने इस दौरान मंत्रीपद छोड़ने, अंबाला में डीसी को बदलने और सीएम न बन पाने की टीस समेत सभी सवालों के खुलकर जवाब दिए। विज ने यह भी कहा कि सीएम चाहें तो मेरा मंत्रीपद समेत सब कुछ छीन सकते हैं लेकिन सिनियोरिटी और विधायकी नहीं छीन सकते। विज ने मंत्रीपद छोड़ने के सवाल पर कहा कि मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। वैसे भी मैंने मंत्री होने के बाद भी कोई सुविधाएं नहीं ले रखीं। मैंने कोठी नहीं ली। सिर्फ कार है। वर्करों ने कहा कि कार छीनेंगे तो हम लेकर दे देंगे। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। विज ने 100 दिन बाद अंबाला के डीसी पार्थ गुप्ता को हटाने पर भी नाखुशी जाहिर की। विज ने कहा- सरकार के 100 दिन होने के बाद डीसी बदले या ना बदले, कोई फर्क नहीं पड़ता। मैंने चुनाव जीतने के बाद ही खुले मंच से कहा था कि चुनाव में अधिकारियों ने मेरे खिलाफ काम किया है। मंत्री श्याम सिंह राणा केह्यहमारी तो चलती है के जवाब में विज ने कहा कि अच्छी बात है जो उनकी चलने लगी है, श्याम सिंह राणा ने 10 दिन पहले ही फोन पर कहा था कि यमुनानगर के अधिकारी मेरी नहीं सुन रहे, आप फोन कर दो।

## झज्जर जिले में बसंत पंचमी की धूम, लाखों श्रद्धालुओं ने की पूजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़। जिले में बसंत** पंचमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। 50 से अधिक जगह सरस्वती पूजा पंडाल सजाए गए। कुल मिलाकर पूर्वांचल के 2 लाख से अधिक लोगों ने श्रद्धा के साथ सरस्वती मां का पूजन किया। सरस्वती पूजा पंडालो में पूजन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। सबसे अधिक कार्यक्रम बहादुरगढ़ में हुए। बदली में झज्जर में भी सरस्वती पूजा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में पूर्वांचल के लोक कलाकारों ने जमकर समा बांधा। भोजपुरी नृत्य संगीत के कार्यक्रमों का हजारों लोगों ने आनंद उठाया। अनेक सरस्वती पूजा कार्यक्रमों में स्थानीय



राजनीतिक नेताओं ने भी उपस्थिति दर्ज करवाई।विधायक राजेश जून ने रविवार को बहादुरगढ़ हलके में कई स्थानों पर आयोजित बसंत पंचमी पूजा उत्सव में शिरकत की। उन्होंने छिक्कारा कॉलोनी व सेक्टर 7 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बिहार मिथिला जन कल्याण संस्था द्वारा आयोजित, नाहरा नाहरी रोड पर फ्लाईओवर के नीचे बाबा भृगुनाथ सेवा समिति द्वारा आयोजित ,लाइनपार में डिग्गी वाला रोड सूरत नगर व महेश्वरी भवन में आयोजित बसंत पंचमी उत्सव में पहुँचकर माता सरस्वती की पूजा की। सभी हलका वासियों के लिए सुख व समृद्धि की कामना की। उन्होंने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी न केवल विद्या वह समृद्धि का उत्सव है, बल्कि यह नवचेतना और उमंग का प्रतीक भी है। यह पर्व हमारे जीवन में नई ऊर्जा व उत्साह का संचार भी करता हैं। जून ने आयोजकों को बसंत पंचमी पूजा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन करने पर बधाई भी दी। बहादुरगढ़ में धर्म विहार स्थित यूनिक अर्थ पब्लिक स्कूल में वसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कीर्ति छिल्लर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उन्होंने वसंत पंचमी के महत्व और इसके पीछे की कथा को बताया। निदेशक कीर्ति छिल्लर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वसंत पंचमी का त्योहार ज्ञान और संस्कृति के महत्व को दशार्ता है। नगर पार्षद भूपेंद्र राठी ने भी कई कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को बसंत पंचमी मां सरस्वती पूजा की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचकर मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर सभी के लिए मंगल कामना की। आयोजकों की ओर से कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर इनेलो नेता भूपेंद्र राठी ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि बसंत पंचमी के ही दिन ब्रह्मा जी द्वारा मां सरस्वती की उत्पत्ति की गई थी। तभी से बसंत पंचमी का यह पर्व मां सरस्वती की आराधना का प्रमुख पर्व माना जाता है।

# पंचकूला को विशेष पर्वतीय क्षेत्र का दर्जा दिलाने के लिए किसान संघ ने भरी हुंकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूलाः नरेंद्र कुमार उजाला आज तक** भारतीय किसान संघ, पंचकुला ने गौरी शंकर मंदिर, में विशाल सभा बुलाई जिसमें पंचकुला के दूर दूर से आये सरपंचों के साथ सेंकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। सभा की शुरूआत यज्ञ के साथ हुई । सभा में सभी ने जिला पंचकुला को पर्वतीय क्षेत्र घोषित करवाने हेतु एकमत हुए और गाँव-गाँव में एक विशाल हस्ताक्षर अभियान चलाने और हजारों व्यक्तियों के साथ विशाल संचलन कर मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार को ज्ञापन देने की योजना बनाई। सभा में माननीय सुरेन्द्र जी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री, उत्तर भारत (भारतीय किसान संघ) भी पहुचें जिसका सभा की और से जिलाध्यक्ष हुसन चौधरी एव महामंत्री आचार्य नितिन कुमार जी ने गुलदस्ता, शाल आदि से स्वागत किया । माननीय सुरेन्द्र जी ने बड़े ही जोशीले शब्दों से सभा



का मार्गदर्शन करते हुए प्रेरणा की कि भारतीय किसान संघ जिला पंचकुला को उसका अधिकार दिलाने के लिए कटिबद्ध है अगर पर्वतीय क्षेत्र का दर्जा दिलाने के लिए भारतीय किसान संघ को आंदोलन भी करना पड़ा तो आंदोलन करेगा। विभाग संगठन मंत्री श्री विजय गौड़ जी ने भी योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी को एक संगठन में कार्य करने की प्रेरणा की। इसके अतिरिक्त सभी खण्डों की समस्याओं को चिह्नित किया गया और हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गयी। इस अभियान को चलाने के लिए जिला स्तर पर संघर्ष समिति का गठन भी किया गया। आचार्य नितिन जी, महामंत्री, भा कि सं (पंचकुला) हुसन चौधरी, जिलाध्यक्ष ने सभी का सहयोग के लिए आह्वान किया । सभी खण्डों के अध्यक्ष श्री चरण सिंह (बरवाला), मोहन जी मंत्री (बरवाला),विनोद जी (रायपुर रानी),रंजीत जी उपाध्यक्ष (मोरनी), ललित उपाध्यक्ष (कालका),अच्छर कुमार मंत्री (कालका) ने भी इस अभियान में अपनी भूमिका तन मन धन देने की बात की। अंत में जिला अध्यक्ष श्री हुसन चौधरी ने सभी का सभा में पधारने पर धन्यवाद कर सभा का समापन किया। सभा में सुखदेव जी वरिष्ठ उपाध्यक्ष , गुरबचन वरि.उपाध्यक्ष ,बलविंदर जी वरि उपाध्यक्ष, ज्वाला जी कोषाध्यक्ष, मनोज सह मंत्री ,संजीव सह मंत्री, नरेंद्र जी गौ सेवा एवं जैविक प्रमुख, भगवानदास जी गौसेवा कालका, प्रदीपजी गौ सेवा मोरनी, मोहन बिजली आयाम आदि सभी जिला कार्यकारिणी एवं खण्डों के सभी सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# अग्रवाल वैश्य वेलफेयर ट्रस्ट के जांच शिविर में 500 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। रेणु विद्या मंदिर** बहालगढ़ व अग्रवाल वैश्य वेलफेयर ट्रस्ट (शालीमार बाग दिल्ली)के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ रेणु विद्या मंदिर के चेयरमैन नानक चंद गुप्ता, के सहयोग से अग्रवाल वैश्य वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन राजेन्द्र मुरथलियां, सरंक्षक पंकज अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में आसपास के गांवों के करीब 500 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य की जांच करवाई। मंच संचालन मनोज कुमार (सहायक प्रोफेसर) एवं सौरभ (सहायक प्रोफेसर) द्वारा किया गया। शिविर में बतौर मुख्यातिथि कैबिनेट मंत्री अरविन्द शर्मा की तरफ बतौर प्रतिनिधि पहुंचे जे बी शर्मा व विधायक देवेन्द्र कादियान के प्रतिनिधि बाल कृष्ण शास्त्री व भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल पहुंचे। शिविर में बहालगढ़, राई, पतला, बढ़खालसा, खेवड़ा, व आसपास




के गांवों के सरपंचो ने भरपूर योगदान दिया।
संस्थान से नवीन (सहायक प्रोफेसर) एवं ज्योति कौशिक (सहायक प्रोफेसर) की देख में सभी अतिथियों और डॉक्टरों की टीम का दिव्यांग बच्चों द्वारा भव्य स्वागत किया, जो सभी के लिए एक भावनात्मक और प्रेरणादायक क्षण रहा। शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने विभिन्न रोगों की जाँच की और निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। साथ ही, प्रसिद्ध जादूगर एम. पी. अंसारी द्वारा हैरतअंगेज जादू का प्रदर्शन किया गया, जिसे लोगों ने खूब सराहा। कैबिनेट मंत्री अरविन्द शर्मा की तरफ बतौर प्रतिनिधि पहुंचे जे बी शर्मा व विधायक देवेन्द्र कादियान के प्रतिनिधि बाल कृष्ण शास्त्री व भाजपा नेता मास्टर सतनारायण आंतिल ने रेणु विद्या मंदिर बहालगढ़ व अग्रवाल वैश्य वेलफेयर ट्रस्ट (शालीमार बाग दिल्ली)द्वारा लगाए गए शिविर की सराहना की। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं को समय-समय पर ऐसे शिविर लगाते रहना चाहिए, इससे गरीब व जरूरमंद लोगों की मदद के साथ समय पर इलाज मिल जाता है। इस मौके पर संस्थान के शिक्षक मौजूद रहे।

# प्रयास इंटरनैशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में जूनियर ने सीनियर छात्रों को दी विदाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। रविवार को प्रयास इंटरनेशनल स्कूल** में कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया । विदाई समारोह फ्लाइट टू फ्यूचर थीम आधार बनाकर निर्धारित किए गए । वरिष्ठ वर्ग के छात्र-छात्राओं की आँखों में एक तरफ़ भविष्य में अपने सपनों को उड़ान देने की खुशी की चमक थी तो दूसरी तरफ अपने विद्यालय परिसर, अध्यापकों और स्कूल की उन मीठी यादों को छोड़ने का गम। छात्रों ने अपने शिक्षकों, साथियों और स्कूल के प्रति अपनी भावनाएँ व्यक्त की। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक अमित बत्रा ने विद्यार्थियों को खुली आँखों से सपने देखने की बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हमें अपने सपनों को साकार



करने के लिए निरंतर संघर्षरत रहना पड़ता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा यूनियन स्कूल एसोसिएशन के प्रधान सुशील त्यागी, अजय यादव, चंद्र प्रकाश के द्वारा की गई। अतिथियों ने अपने सम्बोधन में कहा की हम अपने छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामना देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे अपने जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे। प्रतियोगिताओं में इनाम पाने वालों में मिस ब्यूटीफुल स्माइल मान्या त्यागी, मिस्टर सोफिस्टिकेटेड निखिल, मिस्टर चार्मिंग साहिल, मिस चार्मिंग साक्षी ,मिस्टर जोवियल आर्यन, मिस जोवियल हर्षल आदि ने प्राप्त किया। कुमार प्रतीक और कुमारी नित्य बत्रा को मिस्टर और मिस फेयरवेल के खिताब से सम्मानित किया गया। उपप्रधानाचार्य मैडम दीपमाला जी की देखरेख में विदाई समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। इस मौके पर स्कूल निदेशक रुचिका बत्रा, प्रिंसिपल सुरेंद्र कुमार, वाइस प्रिंसिपल दीपमाला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से श्रमिक की मौत

**सोनीपतः** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने श्रमिक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल श्रमिक को अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के बेटे की शिकायत पर थाना बहालगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव मुढेरी बिहार हाल में बहालगढ़ पंजाब कॉलोनी निवासी सुमित ने बताया कि वह किराए के कमरे में रहता है। उसका परिवार दिहाड़ी-मजदूरी कर परिवार का गुजर-बसर कर रहे है।
वह सुबह मजदूरी के लिए गए थे। जब वापस लौट रहे थे। उसी दौरान उसके पिता मनोज को बहालगढ़ के पास सड़क पर चलते वक्त एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

# विकसित भारत की संकल्पना को चरितार्थ करने वाला बजटः कृष्णा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। राई से** विधायक कृष्णा गहलावत ने बजट-2025 को विकसित भारत की संकल्पना को चरितार्थ करने वाला वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं को आत्मनिर्भरता, किसानों को अधिक आय, नारी शक्ति को सम्मान व स्वाभिमान तथा विशेष रूप से मध्यम एवं निम्न आय वर्ग को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने वाला बजट है। विधायक कृष्णा गहलावत ने विकसित भारत के जनसंकल्प में हर भारतीय को शामिल करते हुए ह्यभारत के इस बजटह्व के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुशल वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण व उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि विगत दस वर्षों में दुनिया ने एक नया और सशक्त भारत देखा है, इस बजट से स्पष्ट है कि भारत वैश्विक आर्थिकी में अपनी भूमिका और भी बड़ी करने जा रहा है। विधायक



कृष्णा गहलावत ने कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट मध्यम वर्ग को समर्पित और भारत के विकास का बजट है। 12 लाख रुपये तक की इंकम को टैक्स फ्री करके मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग को बड़ी राहत पहुंचाई है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि यह बजट देश के 140 करोड़ भारतीयों के लिए अभूतपूर्व और आत्मनिर्भर व विकसित भारत के निर्माण का बजट है।

## संक्षिप्त खबरें

### गाड़ी चालक के साथ मारपीट कर छीने 1 लाख 50 हजार रुपये, मामला दर्ज

**गन्नौर। गाड़ी चालक** को एक व्यक्ति से अपने पैसे मांगने भारी पड़ गए। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर शराब के नशे में उसके व उसके भाइयों के साथ मारपीट की ओर 1 लाख 50 हजार रुपये की नकदी, गाड़ी की चाबी व अन्य समान छीन कर मौके से फरार हो गए। हमले में तीनों भाई घायल हो गए। घायल ने मामले की शिकायत बड़ी थानां पुलिस को दी है। शिकायत में गांव भिगान निवासी सुमित ने बताया कि वह 28 जनवरी को अपनी गाडी से किसी काम रामनगर जा रहा था। इस दौरान धर्म कांटे के पास उसे नरेश मिला। उसने नरेश से अपने पैसे मांगे तो नरेश ने उसके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। इस दौरान नरेश का साथी मोटरसाइकिल पर आया और दोनो ने डंडे से उसके ऊपर हमला कर घायल कर दिया। इस बीच उसका भाई गौरव व आशीष धतुरी गांव से आ रहे थे। उन्होंने उनका बीच-बचाव कराया। उन्होंने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने उसे रुकने के लिए कहा। इस दौरान नरेश से साथी गाड़ी ओर मोटरसाइकिल पर आए। आरोप है कि आरोपी शराब के नशे में थे और आते ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस को आता देख कर आरोपी उसके भाई की गाड़ी से 1 लाख 50 हजार रुपये की नकदी, गाड़ी की चाबी व अन्य समान छीन कर उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। बड़ी थाना पुलिस ने नरेश व उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सिटिजन पार्क में लगे रक्तदान शिविर में 55 लोगों ने किया रक्तदान

**गन्नौर। जनहित अभियान** फाउंडेशन द्वारा सिटीजन पार्क में रक्तदान शिविर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने किया। शिविर में



वर्मा लेब की टीम ने अपना सहयोग दिया। वहीं रक्तदान शिविर में 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। नरेंद्र हुड्डा कहा कि रक्तदान महादान है। हम स्वैच्छिक रक्तदान से किसी को जीवन दान दे सकते है। इस अवसर पर समाज सेवी राकेश रापड़िया,अंग्रजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह,मंजीत चीमा, फॉरेस्ट मेन राजपाल छिकारा,रंजीत,नवीन,सुनील,सुशील, शिव,महक फोगाट,विजय खोखर,सतपाल,सागर रापड़िया,संदीप,सुरेंद्र,वीरेन बेनीवाल, सुभाष ,सागर छिकारा, चिंटू मलिक,राजेश मलिक,सुरेंद्र, आदि मौजूद रहे।

### न्यू टैगोर विद्यालय में मनाया गया बसंत पंचमी पर्व

**राई। न्यू टैगोर वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय खेवड़ा में बसंत पंचमी के पर्व पर हवन का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सुरेश शर्मा, बेटे पुलकित शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप



प्रज्वलित किया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य,शिक्षक तथा विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के प्रांगण में हवन में आहुति दी गई। विद्यालय के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया। विद्यालय के प्रबंधक ने हवन तथा शिक्षा का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों को शिक्षाप्रद ज्ञान दिया।

# अतिक्रमण के कारण दिन-प्रतिदिन सिकुड़ती जा रही हैं शहर की सड़कें

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। अतिक्रमण के** कारण दिन-प्रतिदिन शहर की सड़कें सिकुड़ती जा रही हैं। शहर की सड़कों पर दुकानदारों व रेहड़ी चालकों का कब्जा है। कुछ जगह बचती भी है तो उस जगह पर लोग गलत तरीके से वाहन खड़ा कर देते हैं। जिसके बाद सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लगती है तथा पैदल राहगीरों के गुजरने के लिए भी रास्ता शेष नहीं बचता। जिसके कारण शहर के हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं।

**शहर में अतिक्रमण से भी होती है जाम की समास्या**

शहर में रेलवे रोड, आईटीआई रोड व सिनेमा रोड हो या फिर बाजार, हर जगह अतिक्रमण से जाम की समस्या है। दुकानदार सामान को दुकान के कई फुट बाहर तक लगा लेते हैं। इसके बाद जब ग्राहक दुकान पर खड़ा होता है, वह भी स्थान घेरता है। मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण के चलते सड़क काफी संकरी हो जाती है। ऐसे में राहगीरों एवं वाहनों के निकलने को स्थान नहीं मिलता और जाम के हालात बन जाते हैं। शहर के सब्जी मंडी रोड व शॉपिंग कॉम्पलैक्स में अतिक्रमण की भरमार है। ऐसे में यहां राहगीरों को चलने के लिए भी रास्ता नहीं मिल पाता। कई बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए गए। अभियान के दौरान तो अतिक्रमण हट जाता है लेकिन अभियान थमते ही फिर से अतिक्रमणकारियों का कब्जा हो जाता है। शहर में सिनेमा रोड, रेलवे रोड, 11 हट्टा बाजार, सब्जी मंडी रोड, आईटीआई रोड, सरार्फा बाजार, माता मसानी चौक सहित अन्य स्थानों पर भी यही स्थिति रहती है।

**धड़ल्ले से लगाया हुआ है सामान**

शहर की शायद ही ऐसी कोई सड़क मार्ग होगा, जहां अतिक्रमण न हो।

# कर्मचारियों ने 15 मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। सर्व कर्मचारी** संघ, हरियाणा सम्बन्धित अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ प्रधान सुनिल दत्त, देशराज नैन के नेतृत्व में कर्मचारियों की 15 मांगों को लेकर विधायक देवेन्द्र कादियान को उनके कार्यालय में कार्यालय प्रतिनिधि सुनील नैन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संघ ने हरियाणा का अलग से वेतन आयोग, पिछले वेतन आयोग में रह गई विसंगतियों को ठीक करने, 5000 रुपए प्रतिमाह अन्तरिम राहत देने के लिए विधानसभा में चर्चा करके गठित की मांग की। प्रधान ने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, प्रदेश में कार्यरत तमाम कर्मचारियों का सांझा संगठन है। हमेशा सार्वजनिक सेवाओं की बेहतरी के लिए और कर्मचारियों के हित में संघर्षरत रहता है। साथ ही व्यापक जन हित में सरकारी विभागों को बचाने और विकसित करने के लिए निरन्तर आन्दोलन करता है। ज्ञापन में कहा कि सरकार की तरफ से इस प्रकार



का कोई प्रयास नहीं किया गया है जिसके कारण कर्मचारी वर्ग में भारी रोष है। अब केन्द्र सरकार के द्वारा आठवें वेतन आयोग की घोषणा कर दी गई है। परन्तु हरियाणा के कर्मचारियों की कुछ समस्याएं अलग से हैं जिनकी केन्द्रीय वेतन आयोग में समुचित सुनवाई नहीं हो पाती। हरियाणा के कच्चे व पक्के कर्मचारियों व पेंशनर्स की सुनवाई किसी भी स्तर पर नहीं हो पाती। वेतन से सम्बंधित त्रुटियों व विसंगतियों को ठीक करने पर कोई बातचीत नहीं हो पाती। जिसको लेकर कर्मचारियों को आन्दोलन करना पड़ता है। बड़ी संख्या में विभागों में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों की अनेकों समस्याओं का हल वेतन आयोग के द्वारा सुनवाई करते हुए रेगुलराइजेशन की नीति बना कर किया जा सकता है। आर्थिक व सामाजिक ढांचे के अनुरूप पुरानी पेंशन नीति को बहाल करने पर, अलग वेतन आयोग सिफारिश कर सकता है। कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर दी जा रही एक्सग्रेशिया की नीति में कुछ त्रुटियों के साथ साथ ऐसी शर्तें भी हैं जिसके कारण यह लाभ समग्रता में अपनी भावना के अनुसार कर्मचारियों को नहीं मिल पाता। ज्ञापन में विधायक से मांग की कि व्यक्तिगत व अपनी पार्टी की ओर से आगामी बजट सत्र के समय इन मुद्दों को सदन में उठायें। इस मौके पर देशराज नैन जिला प्रधान, जिला सचिव सुनील दत्त, राजा नगरपालिका, जिला प्रधान नफीस अली, दीपक बहोत, रोहतास चहल, राजीव खत्री, बलराज, ओमप्रकाश मलिक, आन्नद हुड्डा आदि मौजूद थे।

# गरीबों का दर्द समझते हैं पीएम-सीएम : हरविंद्र कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। बसंत पंचमी के** शुभ अवसर पर शिव कालोनी स्थित एशियन हाई स्कूल में जिला स्तरीय निशुल्क आयुष हेल्थ कैंप लगाया गया, जिसमें 463 मरीजों की जांच की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ.सतपाल तथा एशियन हाई स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ.रजत आर्य द्वारा मां सरस्वती तथा भगवान धनवन्तरी जी के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।
डॉ. सतपाल ने बताया कि कैम्प में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए आयुर्वेद अनुरूप आहार.विहार, दिनचर्या, रात्रिचर्या, संतुलित जीवनशैली, निःशुल्क



चिकित्सा जाँच, निःशुल्क औषधी वितरण, खान-पान, आहार-विहार, ऋतु चर्या, पथ्य-अपथ्य, शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए विभिन्न यौगिक अभ्यास व ध्यान आदि क्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई।शिविर में 463 मरीजों की जाँच के साथ-साथ निःशुल्क औषधियों का वितरण दीपक, राकेश, आशीष, मुकेश, अभिषेक, जोगिंदर, प्रवीण, नरेश, नीरूबाला और कुमारी पूजा द्वारा किया गया। मरीजों की जाँच डॉ.अंजना, डॉ. प्रियंका, डॉ.समर्थ, डॉ.मीनाक्षी, डॉ.पूजा, डॉ.एकता, डॉ.नितिन तथा डॉ.सुनील द्वारा की गई। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ अमित पुंज तथा योग सहायकों कुसुम शर्मा, गीता, सुषमा, कुसुम रानी, रामपाल, अंकित, सोनिया तथा मुन्ना कुमार शास्त्री द्वारा रोग अनुसार योगा अभ्यास व ध्यान इत्यादि क्रियाएं करवाई गई। शिविर में मुख्यतः त्वचा रोग, एनीमिया, मधुमेह, उच्च तथा निम्न रक्तचाप, बुखार, जुकाम, खाँसी, जोड़ों के दर्द, अर्थराइटिस, गठिया, सरवाईकल, कमर दर्द, साइटिका इत्यादि से पीड़ित मुख्यतः मरीजों की जांच तथा इलाज किया गया। शिविर में लोगों को विभिन्न बीमारियों के उपचार हेतु अपने घर तथा आसपास पार्क इत्यादि में औषधीय पौधे लगाने व प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

# अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद द्वारा आयोजित महासंगम यात्रा पहुँची मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन)**
अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि आज यह महासंगम यात्रा राष्ट्रीय महामंत्री व यात्रा के संयोजक दीप सिहाग सिसाय के नेतृत्व में आन्ध्रप्रदेश में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग व तिरूपति पर पहुँचने पर वहाँ अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के टीम आन्ध्रप्रदेश द्वारा स्वागत, अभिनंदन किया गया। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि इस ऐतिहासिक यात्रा के संयोजक व अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाय के नेतृत्व में



108 शिवालयों के उत्थान एवं युवा पीढ़ी को जोड़ने के लिए हमारी 12 ज्योतिर्लिंग एवं 4 धाम की यात्रा के साथ 108 त्रिशूलों ,नरमदेश्वर महादेव शिवलिंग की 21 दिन नियमित जलाभिषेक एवं पूजा रोजाना सुबह शाम भंडारे के साथ शुरू हो चुकी है। इस दौरान दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि यह यात्रा इतिहास में पहली बार अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद द्वारा चलाई गई है,यह यात्रा भारतीय इतिहास व संस्कृति के अनुसार 12 ज्योतिर्लिंग व 4 धाम व 12 शक्तिपीठ पर सभी जगह जाएगी॥

## संपादकीय

# ऋतूनां कुसुमाकरः स्वागत ऋतुराज

**बृहत्साम** तथा साम्नां गायत्री छन्दसामहम् । मासानां मार्गशीर्षोऽहमृतूनां कुसुमाकरः ॥- श्रीमद्भगवद्गीता के दसवे अध्याय का पैंतीसवां श्लोक। भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, जो ऋतुओं में कुसुमाकर अर्थात वसंत है, वह मैं ही तो हूँ। यही कुसुमाकर तो प्रिय विषय है सृजन का। यही कुसुमाकर मौसम है कुसुम के एक-एक दल के पल्लवित होने का। अमराइयों में मंजरियों के रससिक्त होकर महकने और मधुमय पराग लिए उड़ाते भौरों के गुनगुना उठाने की ऋतु है वसंत। प्रकृति के श्रृंगार की ऋतु। वसंत को सृजन का आधार बताया गया है। सृष्टि के दर्शन का सिद्धान्त बन कर कुसुमाकर ही स्थापित होता है। यही कारण है कि सीजन और काव्य के मूल में तत्व के रूप में इसकी स्थापना दी गयी है। सृष्टि की आदि श्रुति ऋग्वेद की अनेक ऋचाओं में रचनाओं से लेकर वर्तमान साहित्यकारों ने भी अपनी सौंदर्य-चेतना के प्रस्फुटन के लिए प्रकृति की ही शरण ली है। शस्य श्यामला धरती में सरसों का स्वर्णिम सौंदर्य, कोकिल के मधुर गुंजन से झूमती सघन अमराइयों में गुनगुनाते भौरों पर थिरकती सूर्य की रशिमयां, कामदेव की ऋतुराज 'बसंत' का सजीव रूप कवियों की उदात्त कल्पना से मुखरित हो उठता है। उपनिषद, पुराण-महाभारत, रामायण (संस्कृत) के अतिरिक्त हिन्दी, प्राकृत, अपभ्रंश की काव्य धारा में भी बसंत का रस भलीभांति व्याप्त रहा है। अर्थवेद के पृथ्वीसूत्र में भी बसंत का व्यापक वर्णन मिलता है। महर्षि वाल्मीकि ने भी बसंत का व्यापक वर्णन किया है। किष्किंधा कांड में पम्पा सरोवर तट इसका उल्लेख मिलता है- अयं वसन्तः सौ मित्रे नाना विहग नन्दिता। बुध्दचरित में भी बसंत ऋतु का जीवंत वर्णन मिलता है। भारवि के किराताजुर्नीयम, शिशुपाल वध, नैषध चरित, रत्नाकर कृत हरिविजय, श्रीकंठ चरित, विक्रमांक देव चरित, श्रृंगार शतकम, गीतगोविन्दम्, कादम्बरी, रत्नावली, मालतीमाधव और प्रसाद की कामायनी में बसंत को महत्त्वपूर्ण मानकर इसका सजीव वर्णन किया गया है। कालिदास ने बसंत के वर्णन के बिना अपनी किसी भी रचना को नहीं छोड़ा है। मेघदूत में यक्षप्रिया के पदों के आघात से फूट उठने वाले अशोक और मुख मदिरा से खिलने वाले वकुल के द्वारा कवि बसंत का स्मरण करता है। कवि को बसंत में सब कुछ सुन्दर लगता है। कालिदास ने 'ऋतु संहार' में बसंत के आगमन का सजीव वर्णन किया हैः- द्रुमा सपुष्पाः सलिलं सपदमंस्त्रीयः पवनः सुगंधिः। सुखा प्रदोषाः दिवासश्च रम्याःसर्वप्रियं चारुतरे वतन्ते॥ यानी बसंत में जिनकी बन आती है उनमें भ्रमर और मधुमक्खियाँ भी हैं। 'कुमारसंभवम्' में कवि ने भगवान शिव और पार्वती को भी नहीं छोड़ा है। कालिदास बसंत को शृंगार दीक्षा गुरु की संज्ञा भी देते हैंः- प्रफूल्ला चूतांकुर तीक्ष्ण शयको,द्विरेक माला विलसद धनुर्गुणः मनंति भेत्तु सूरत प्रसिंगानां,वसंत योध्दा समुपागतः प्रिये। वृक्षों में फूल आ गये हैं, जलाशयों में कमल खिल उठे हैं, स्त्रियाँ सकाम हो उठी हैं, पवन सुगंधित हो उठी है, रातें सुखद हो गयी हैं और दिन मनोरम, ओ प्रिये! बसंत में सब कुछ पहले से और सुखद हो उठा है। हरिवंश, विष्णु तथा भागवत पुराणों में बसंतोत्सव का वर्णन है। माघ ने 'शिशुपाल वध' में नये पत्तों वाले पलाश वृक्षों तथा पराग रस से परिपूर्ण कमलों वाली तथा पुष्प समूहों से सुगंधित बसंत ऋतु का अत्यंत मनोहारी शब्दों वर्णन किया है।

# जनप्रतिनिधियों के लिए सेवानिवृत्ति संबंधी नियम क्यों नहीं

**बलदेव राज भारतीय**

> "यदि अन्य व्यवसायों में अधिकतम आयु सीमा निर्धारित की जा सकती है, तो राजनीति में क्यों नहीं? हम अक्सर देखते हैं कि बड़े-बड़े नेता अत्यधिक उम्र होने के बावजूद महत्वपूर्ण पदों पर बने रहते हैं। वे कानून बनाते हैं, देश की नीतियों को तय करते हैं और जनता के भविष्य का निर्णय लेते हैं, लेकिन क्या वे स्वयं शारीरिक और मानसिक रूप से इतने सक्षम होते हैं कि वे यह कार्य प्रभावी रूप से कर सकें? अक्सर ऐसे नेताओं की कार्यशैली सुस्त हो जाती है, वे जनता से संवाद स्थापित करने में असमर्थ हो जाते हैं और कई बार तो उन्हें सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी ठीक से बोलने में कठिनाई होती है। क्या ऐसे नेता देश को सही दिशा में ले जा सकते हैं? यदि एक सरकारी कर्मचारी 60 वर्ष की उम्र के बाद कार्य करने में माना जाता है, तो एक 80 वर्षीय नेता कैसे पूर्ण ऊर्जा और क्षमता के साथ राष्ट्र का नेतृत्व कर सकता है?"




**हम** सभी इस तथ्य से भली-भांति परिचित हैं कि किसी भी व्यक्ति की कार्यक्षमता को प्रभावित करने में उसकी आयु एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा, कार्य करने की क्षमता, निर्णय लेने की शक्ति, और जटिल परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखने की योग्यता उम्र के साथ बदलती रहती है। आयु का आरोह व्यक्ति को ऊर्जावान, अनुभवी और आत्मविश्वासी बनाता है, जिससे वह जीवन के विभिन्न पहलुओं में न केवल कुशलता से कार्य करता है बल्कि प्रभावशाली निर्णय भी ले पाता है। दूसरी ओर, उम्र का अवरोह कार्यक्षमता को प्रभावित करता है, शरीर को थकान का अनुभव होने लगता है, निर्णय लेने की गति धीमी हो जाती है और व्यक्ति का प्रदर्शन धीरे-धीरे घटने लगता है। यही कारण है कि अधिकांश व्यवसायों में कार्य करने की अधिकतम आयु निर्धारित की गई है।

सरकारी नौकरियों में, चाहे वह प्रशासनिक सेवाएं हों, सुरक्षा बल हों, शिक्षण संस्थान हों या अन्य कोई सेवा, सेवानिवृत्ति की आयु आमतौर पर 58 से 62 वर्ष के बीच निर्धारित होती है। इसका मुख्य उद्देश्य यही है कि व्यक्ति की घटती शारीरिक एवं मानसिक कार्यक्षमता को ध्यान में रखते हुए उसे विश्राम और नए योग्य व्यक्तियों को अवसर दिया जाए। लेकिन जब बात हमारे देश के जनप्रतिनिधियों की आती है, तो यह नियम पूरी तरह अप्रासंगिक हो जाता है।

यह अत्यंत आश्चर्यजनक और विडंबनापूर्ण है कि जो लोग जनता के सेवक कहलाते हैं, जो लोकतंत्र के कर्णधार माने जाते हैं, वे स्वयं को कार्यक्षमता के इस मापदंड से पूरी तरह मुक्त कर लेते हैं। हमारे देश में अधिकांश नेता 60 वर्ष की उम्र पार कर लेने के बाद भी सक्रिय राजनीति में बने रहते हैं। यहाँ तक कि कई शीर्ष पदों पर आसीन राजनेता 70, 80 या 90 वर्ष की अवस्था में भी कुर्सी कुर्सी की रट लगाए रहते हैं। यह विचारणीय प्रश्न है कि यदि 60 वर्ष के बाद एक सरकारी कर्मचारी को सेवानिवृत्त कर दिया जाता है क्योंकि उसकी कार्यक्षमता में गिरावट आ जाती है, तो वही नियम हमारे नेताओं पर क्यों लागू नहीं होता? क्या वे किसी विशेष मिट्टी के बने होते हैं जिन पर उम्र का कोई असर नहीं पड़ता? क्या उनकी कार्यक्षमता बढ़ती उम्र के साथ बढ़ती ही जाती है? नेताओं के लिए सेवानिवृत्ति की कोई आयु सीमा क्यों नहीं? इस प्रश्न का उत्तर खोजने के लिए हमें राजनीति की उस वास्तविकता को समझना होगा जो इसे अन्य सेवाओं से अलग बनाती है। राजनीति को एक सेवा की बजाय एक व्यवसाय बना दिया गया है, जहाँ आने के बाद व्यक्ति आजीवन उसी में बना रहना चाहता है। अधिकांश नेता राजनीति को एक ऐसी कुर्सी समझते हैं, जिस पर बैठने के बाद वे कभी उठना नहीं चाहते। उनके लिए यह एक निरंतर चलने वाली यात्रा होती है, जो तब तक जारी रहती है जब तक प्रकृति उन्हें स्वयं सेवानिवृत्त नहीं कर देती। इसके पीछे कुछ मुख्य कारण हैं। पहला कारण इन्हें मिलने वाली असीमित शक्तियां और विशेषाधिकार है।

जनप्रतिनिधियों को जो अधिकार और विशेषाधिकार प्राप्त होते हैं, वे किसी अन्य व्यवसाय में उपलब्ध नहीं होते। उनकी निर्णय लेने की शक्ति, सरकारी संसाधनों पर नियंत्रण और उनकी सामाजिक एवं राजनीतिक स्थिति उन्हें पद से चिपके रहने के लिए प्रेरित करती है। यह एक कटु सत्य है कि हमारे सांसद और विधायक जब चाहें, बिना किसी विरोध के, अपने वेतन और भत्ते बढ़वा सकते हैं। इसके लिए उन्हें किसी बाहरी मंजूरी की आवश्यकता नहीं होती। जहाँ सरकारी कर्मचारी अपनी तनख्वाह और भत्तों के लिए सरकार की कृपा पर निर्भर होते हैं, वहीं नेता स्वयं ही अपने वेतन-भत्ते तय करने के लिए स्वतंत्र होते हैं। यही वह दूसरा कारण है, जिसके लिए वे कभी अपनी मर्जी से राजनीति छोड़ना नहीं चाहते। तीसरे, भारतीय राजनीति में वंशवाद एक बड़ा मुद्दा रहा है। अधिकांश वरिष्ठ नेता अपने परिवार के सदस्यों को राजनीति में स्थापित करने के लिए लंबे समय तक सक्रिय रहते हैं। वे तब तक पद नहीं छोड़ते जब तक उनका उत्तराधिकारी तैयार नहीं हो जाता। चौथा कारण यह है कि राजनीति में आम धारणा यह है कि यहां अनुभव सबसे बड़ी योग्यता है। हालांकि यह सच है कि अनुभव महत्वपूर्ण होता है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि केवल उम्रदराज नेताओं को ही राजनीति में रहने दिया जाए। युवा नेताओं के लिए मार्ग प्रशस्त करने के बजाय, अनुभवी नेता राजनीति को अपनी निजी संपत्ति बना लेते हैं। राजनीति का सबसे बड़ा दुर्भाग्य यह है कि इसमें किसी भी प्रकार की सेवानिवृत्ति आयु निर्धारित नहीं की गई है। कोई भी व्यक्ति किसी भी उम्र तक चुनाव लड़ सकता है और जीत सकता है।

यदि अन्य व्यवसायों में अधिकतम आयु सीमा निर्धारित की जा सकती है, तो राजनीति में क्यों नहीं? हम अक्सर देखते हैं कि बड़े-बड़े नेता अत्यधिक उम्र होने के बावजूद महत्वपूर्ण पदों पर बने रहते हैं। वे कानून बनाते हैं, देश की नीतियों को तय करते हैं और जनता के भविष्य का निर्णय लेते हैं, लेकिन क्या वे स्वयं शारीरिक और मानसिक रूप से इतने सक्षम होते हैं कि वे यह कार्य प्रभावी रूप से कर सकें?

अक्सर ऐसे नेताओं की कार्यशैली सुस्त हो जाती है, वे जनता से संवाद स्थापित करने में असमर्थ हो जाते हैं और कई बार तो उन्हें सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी ठीक से बोलने में कठिनाई होती है। क्या ऐसे नेता देश को सही दिशा में ले जा सकते हैं? यदि एक सरकारी कर्मचारी 60 वर्ष की उम्र के बाद कार्य करने में अक्षम माना जाता है, तो एक 80 वर्षीय नेता कैसे पूर्ण ऊर्जा और क्षमता के साथ राष्ट्र का नेतृत्व कर सकता है? क्या नेताओं के लिए देश महत्त्वपूर्ण नहीं होता? अब समय आ गया है कि राजनीति में भी अधिकतम आयु सीमा निर्धारित करने पर गंभीरता से विचार किया जाए। यदि सरकारी नौकरियों में सेवानिवृत्ति की उम्र होती है, तो राजनीति में भी यह नियम लागू होना चाहिए। अधिकतम आयु सीमा होने से युवा और योग्य नेताओं को आगे आने का अवसर मिलेगा, जिससे नई सोच और ऊर्जा राजनीति में आएगी। जब राजनीतिक पदों पर अधिक ऊर्जावान और सक्षम लोग होंगे, तो निर्णय लेने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी। वरिष्ठ नेता जब तक राजनीति में बने रहते हैं, तब तक वे अपने परिवार के सदस्यों के लिए रास्ता तैयार करते रहते हैं। यदि सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित होगी, तो वंशवाद पर कुछ हद तक नियंत्रण लग सकता है। जब अनुभवी लेकिन अति वृद्ध नेताओं की जगह युवा, जोश से भरे और कुशल नेता आएंगे, तो देश का विकास अधिक तेजी से होगा। राजनीति कोई नौकरी नहीं, बल्कि जनता की सेवा करने का माध्यम है। लेकिन इसे व्यवसाय बना लेने की प्रवृत्ति के कारण ही अधिकतर नेता आजीवन पद पर बने रहने की कोशिश करते हैं। कार्यक्षमता और आयु का संबंध अटूट है और इसे राजनीति में भी मान्यता मिलनी चाहिए।

यदि सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, जजों, सेना और अन्य सेवाओं में सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित है, तो जनप्रतिनिधियों के लिए ऐसा कोई नियम क्यों नहीं?

यदि हम सचमुच लोकतंत्र को सशक्त और प्रभावी बनाना चाहते हैं, तो हमें इस विषय पर गंभीरता से विचार करना होगा और राजनीति में भी एक अधिकतम आयु सीमा निर्धारित करनी होगी। इससे न केवल कार्यक्षमता में सुधार होगा, बल्कि एक नए भारत के निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकेगा।

## कविता

मुद्दत हो गई तुम्हे देखा ही नहीं
तेरे प्यार के बारे में सोचा ही नहीं।।

ये मोहब्बत की राहें है प्यारे।
धुप तो है साये का पता ही नहीं।

प्यार भी भीनी भीनी खुशबू है।
काजली आँखों में छुपता ही नहीं।

चैन मिलता है बाँट कर कुछ दुःख।
दौलतों से कभी कुछ मिला ही नहीं।।

उसने वो बात भी पढ़ ली है संजीव,
पहले हमने कुछ जो लिखा ही नहीं।

संजीव ठाकुर

# सैफ अब सेफ लेकिन नहीं थम रहे सवाल अनसुलझे, अनसेफ..!

**-ऋतुपर्ण दवे**

**यह न तो किसी** फिल्म का हिस्सा है और न ही कोई स्टंट।फिल्म अदाकार सैफ अली खान अपने घर पर16 जनवरी की आधी रात बाद बदनीयत से घुसे एक आरोपी के प्राणघातक हमले से बुरी तरह जख्मीं हो खून से लथपथ हो जाते हैं। शेरदिल सैफअपने छोटे बच्चे के साथ ऑटो में बैठकर अस्पताल पहुंचते हैं। घायल सैफ को पहचानते ही अस्पताल में तहलका मचता है। हैसियत के अनुसार बेहतर इलाज मिलता है।खबरिया चैनलों में घटना को दिखाने की होड़ मचती है।देखते ही देखते एक सेलेब्रिटी पर हमला हर जुबान पर होता है।लोग अपने-अपने कयास लगाते हैं। मुंबई पुलिस पर उंगली उठती है। हड़बड़ाहट में पुलिस को जो सुराग, सबूत हाथ लगते हैं उसी पर काम शुरू हो जाता है। सी.सी.टी.वी. फुटेज मिलते ही पलक झपकते हर मोबाइल पर पहुंच जाती है। कई घण्टे बल्कि दिन पुलिस खाली हाथ रहती है। धीरे-धीरे सुराग मिलने के दावे होते हैं।तीन संदेहियों की बात होती है। हद तो तब हो जाती है जब छत्तीसगढ़ जा रहे कथित आरोपी की फोटो जारी हो जाती है जिससे उसकी न केवल नौकरी चली गई बल्कि होने वाली शादी भी टूट गई।उससेहाथ कुछ नहीं लगा। काफी मशक्कत, किरकिरी और नाक के सवाल के बीच35 पुलिस टीमों की 60 घण्टों की भागदौड़ से19 जनवरी कोकथितअसली आरोपी हाथ लगता है।इसे बांगलादेशी घुसपैठिया शरीफुलइस्लाम शहजाद बताया जाता है। दूसरी ओर बांगलादेश में बैठा उसका पिता देखते ही साफ इंकार करता है किसी.सी.टी.वी. में दिख रहा शख्स उनका बेटा नहीं है।

इसी बीच फुटेज और पकड़ाए आरोपी के अलग-अलग हुलिए पर नई बहस और कई तर्क-कुतर्क शुरू हो जाते हैं। वाकई दोनों अलग-अलग दिखते हैं जो पहली नजर में समझ आता है।देश की सबसे स्मार्ट कहलाने वाली मुंबई पुलिस अपने ही जारी वीडियो पर घिर जाती है।बात तकनीक से पहचान तक आती है। वहीं दूसरे आम जानकार भी सवाल उठाते हैं। आम और खास सभी फुटेजऔर गिरफ्तार आरोपी के चित्रों का मिलान करते हैं और संदेहों की झड़ी लग जाती है।सी.सी.टी.वी.में बाल काले हैं आरोपी के बाल थोड़े से सफेद हैं। दोनों की उम्र भी अलग-अलग झलकती है। पकड़ा गया उम्र दराज लगता है तो फुटेजवाला बनिस्बत युवा। माथे काआकार-प्रकार भी अलग-अलग दिखता है। सी.सी.टी.वी.वाले का माथा पकड़ाए आरोपी की तुलना में छोटा है। आँखों में भी साफ अंतर है। पकड़ाए आरोपी की आँखें थोड़ी चौड़ीऔर बादाम के आकार सी है।सी.सी.टी.वी. में दिख रही आँखें गोल और छोटी हैं।

## विचार

# बजट में सबका ख्याल, लेकिन चुनौतिया बरकरार

**प्रेम शर्मा**

**मोदी** सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्य वर्ग को आयकर में बड़ी राहत दी है। मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता की बागडोर संभालने के समय ढाई लाख आय पर कोई टैक्स नहीं था। इस बार इसे बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 बजट के जरिये हर वर्ग, खासतौर पर गरीब, युवाओं और महिलाओं के लिए कई योजनाओं की घोषणा की है, जो उनकी उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करेंगे। इस बजट में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस बजट ने भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं, जो खासकर आम नागरिक, किसानों, युवाओं और छोटे व्यवसायों के लिए सकारात्मक बदलाव लाएंगे। वित्त मंत्री ने जिस तरह से सामाजिक कल्याण, बुनियादी ढांचा और आर्थिक समावेशन पर जोर दिया है, उससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार का उद्देश्य केवल आर्थिक वृद्धि नहीं, बल्कि समग्र समृद्धि है। आयकर में सुधार, कृषि क्षेत्र में निवेश, और स्वास्थ्य-शिक्षा जैसी योजनाओं के जरिए सरकार ने आम आदमी की उम्मीदों को नई दिशा दी है। इस बजट के जरिए भारत अपनी दीर्घकालिक विकास की यात्रा में और मजबूत कदम उठाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम बजट को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करेगाॉ ह्यविकसित भारतश के मिशन को आगे ले जाएगा और साथ ही विकासॉ निवेश और उपभोग को कई गुणा बढेगा। हालांकि विपक्ष द्वारा बजट को लेकर जो प्रतिक्रियाए आई है वह स्वाभाविक है। क्योकि विपक्ष अगर विरोध दर्ज नही करायेगा तो वह विपक्ष कैसा।

बहरहाल वित्त मंत्री सभी को साधने वाले बजट से अर्थव्यवस्था को न केवल बल मिलना चाहिए, बल्कि वह कहीं तेज गति से बढ़नी चाहिए। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि आर्थिक सर्वे जहां यह कह रहा है कि आगामी वित्त वर्ष में आर्थिक विकास की दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, वहीं देश को विकसित बनाने के लिए कम से कम एक दशक तक आठ प्रतिशत विकास दर की आवश्यकता है। आखिर यह आवश्यकता कैसे पूरी होगी ? लोक लुभावन बजट के बाद भारत में कृषि, बेरोजगारी, कुपोषण, जल, महंगाई जैसी चुनौतियॉ अभी भी बरकरार है। जब तक हमारे उद्योग-धंधे वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने में सक्षम नहीं बनते। उन्हें इस प्रतिस्पर्धा का सामना करते हुए उत्कृष्टता भी हासिल करनी होगी, क्योंकि वे तभी वैश्विक बाजार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे। बजट में यह प्रविधान किया गया है कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों को कहीं आसानी से ज्यादा कर्ज मिल सकेगा, लेकिन उनकी समस्या कर्ज नहीं, वह तकनीक है, जिसके अभाव में उनके उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपना स्थान नहीं बना पा रहे हैं।सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्योगों के सशक्त होने से केवल देश को आत्मनिर्भर बनाने में ही सहायता नहीं मिलेगी, बल्कि रोजगार के कठिन सवाल को हल करने में भी आसानी होगी। बजट में सामाजिक विकास की योजनाओं पर धन का आवंटन बढ़ाना समय की मांग थी, लेकिन अच्छा होता कि बजट यह संदेश देता कि जब लोग आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी देश भी आत्मनिर्भर होगा।

टैक्स छूट से अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, लेकिन कितना, यह आने वाला समय बताएगा, क्योंकि टैक्स छूट से जनता के पास करीब एक लाख करोड़ रुपये ही आएगा। बजट में सरकार अपनी नीतियों के जरिये भविष्य की रणनीति भी सामने रखती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं लगा कि सरकार बजट के माध्यम से किसी बड़े बुनियादी बदलाव की ओर बढ़ रही है। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम आदि क्षेत्र में केंद्र की नीतियों पर सही ढंग से अमल राज्यों के सक्रिय सहयोग से ही हो पाता है।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# चिंताजनक है बच्चों के साथ समय न बिताना

**-प्रियंका सौरभ**

**बात** करना बहुत जरूरी है, साथ ही जरूरत पड़ने पर दयालु होना भी जरूरी है। जितना हो सके अपने बच्चे को अपने काम में शामिल करने की कोशिश करें। उन पर ध्यान दें और उनकी पसंदीदा गतिविधियों में शामिल हों; इससे आप दोनों के बीच नजदीकियाँ बढ़ेंगी। बच्चे स्वाभाविक रूप से अपने माता-पिता का ध्यान और स्वीकृति चाहते हैं, इसलिए समझदार माता-पिता इसका इस्तेमाल अपने बच्चों को अलग-अलग तरीकों से सहयोग करने के लिए करते हैं। अनुशासन का मतलब है सिखाना और सीखना। अपने बच्चों को यह समझने में मदद करने के लिए कि उन्हें क्या जानना चाहिए और जरूरत पड़ने पर उनके व्यवहार को सुधारने के लिए, आपको उनसे इस तरह बात करनी होगी कि वे आपका सम्मान करें और समझें। बच्चों के साथ पर्याप्त समय न बिताना और उनकी बातों को अनदेखा करना उन्हें बहुत तनाव में डाल सकता है। उन पर चिल्लाना या बात करने से पहले उन्हें दोष देना उनके तनाव को बढ़ाता है और उन्हें अपने प्रियजनों से नाराज भी कर सकता है। उनके अच्छे और बुरे दोनों गुणों को अनदेखा करने से अवसाद की भावनाएँ पैदा हो सकती हैं। साथ ही, उन्हें दूसरे बच्चों के साथ घूमने न देना या खराब ग्रेड के लिए शिक्षकों द्वारा आलोचना किए जाने से वे एक अंधकारमय जगह में चले जा सकते हैं। दुख की बात है कि कुछ बच्चे इन दबावों के कारण आत्महत्या करने के बारे में भी सोचते हैं। यह बात बच्चों के साथ हमारी चचाओं के दौरान सामने आई, जिन्होंने अपने माता-पिता से जुड़ी कई समस्याओं को साझा किया। हमने उनके परिवारों से भी बात की और पाया कि इनमें से कई बच्चे एकल-अभिभावक वाले घरों से आते हैं। बड़े परिवारों से ज्यादा बच्चे नहीं थे, लेकिन जो थे, उनका संचार बेहतर था, खासकर दादा-दादी के साथ। माता-पिता अक्सर अपने बच्चों से सही व्यवहार की उम्मीद करते हैं, जिससे दबाव और भी बढ़ जाता है।

जबकि बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को सीमित करना अच्छा है, माता-पिता को अपने फोन के इस्तेमाल को नियंत्रित करने और अपने बच्चों के लिए भी समय निकालने की जरूरत है।

# धार्मिक सामाजिक संघर्ष की विद्रूप ताएं ’

**संजीव ठाकुर**

**आजादी** के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं' देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और हमेशा समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### यह बजट देश के गरीब, युवा, अन्नदाता और देश की नारी को समर्पित: सुरेंद्र मदान



**सोनीपत: सोनीपत निगम पार्षद** सुरेंद्र मदान ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा दिए गए बजट को बताया विकास का बजट। सुरेंद्र मदान ने कहा कि यह बजट देश के गरीब, युवा, अन्नदाता और देश की नारी को समर्पित है। उन्होंने कहा किबजट नारी के सशक्तिकरण, युवाओं को नौकरी और किसानों को खुशहाली की तरफ लेकर जाएगा। इस बजट से गरीब का होगा उत्थान होगा। सुरेंद्र मदान ने कहा कि बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने का लिया गया सराहनीय निर्णय है।

### बजट में युवा, किसान, मजदूर एवं महिलाओं तथा हर वर्ग के नागरिकों का ध्यान रखा गया: बबीता त्रिभुवन



**सोनीपत:** सोनीपत वार्ड 4 सोनीपत नगर निगम पार्षद बबीता त्रिभुवन कौशिक ने कहा कि बजट में युवा, किसान, मजदूर एवं महिलाओं तथा हर वर्ग के नागरिकों का ध्यान रखा गया। उन्होंने कहा कि बजट सभी वर्ग के नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में है। इस बजट से कर्मचारियों को भी फायदा होगा। बबीता त्रिभुवन कौशिक ने कहा कि सरकार ने रसोई गैस के दाम कम कर घरेलू महिलाओं को राहत पहुंचाने का कार्य किया। शिक्षा के बजट में भी इजाफा किया है। जिससे देश के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। यह बजट आत्मनिर्भर भारत एवं विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा की ओर है।

### सोनीपत कार्यकारी मेयर राजीव सरोहा ने चौ. रणबीर हूडा जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये



**सोनीपत:** चौ. रणबीर सिंह जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करना एक सच्ची श्रद्धांजलि है। उनका जीवन और संघर्ष हम सभी के लिए एक प्रेरणा है, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया और संविधान सभा के सबसे युवा सदस्य होने का गौरव प्राप्त किया। उनकी विरासत हमें देश सेवा, सामाजिक न्याय, और संविधान के मूल्यों के लिए प्रेरित करती रहेगी। उनके द्वारा दी गई शिक्षा और उनके विचार हमेशा हमारे लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे। कार्यकारी मेयर राजीव सरोहा जी ने भी इस अवसर पर श्रद्धांजलि दी, जो कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं। उनकी उपस्थिति इस अवसर को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। चौ. रणबीर सिंह जी की याद में हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है। हमें उनकी विरासत को आगे बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए।

### कार ने बच्चे को मारी टक्कर, सिर में आई चोटें

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में एक कार** ने 11 साल के बच्चे को टक्कर मार दी। बच्चा कटी पतंग लूटने के लिए हाईवे पर पहुंचा था। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर जुटे लोगों ने घायल बच्चे को करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसा बीती शाम एनएच-44 पर नमस्ते चौक और देवी लाल चौक के बीच हुआ। घायल बच्चे की पहचान गोलू पासवान के रूप में हुई है। वह अपने पिता का नाम ठीक से नहीं बता पा रहा था। बच्चा प्रवासी लग रहा है। पतंग लूटते हुए वह हाईवे पर पहुंच गया। हाईवे पर लोगों की भीड़ लग गई। एक वकील ने बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शी वकील ने बताया कि वह अपने क्लर्क के साथ टाटा की एजेंसी से आ रहा था।

# सर छोटूराम ने की किसानों, मजदूरों व वंचितों की आवाज बुलंद : योगेन्द्र

## रक्तदान शिविर में की शिरकत, बढ़ाया रक्तदाताओं का हौसला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। असंध विधायक** योगेन्द्र राणा ने हलके के गांव बल्ला के आर्य समाज मंदिर में किसान मसीहा दीनबंधु सर छोटू राम की 144वी जयंती व बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत की और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। विधायक योगेन्द्र राणा ने किसानों के मसीहा, रहबर-ए-आजम, दीनबन्धु सर छोटूराम जी को नमन करते हुए कहा कि सर छोटूराम युगपरिवर्तनकारी व क्रांतिकारी नेता के रूप में किसानों, मजदूरों, वंचितों के लिए अपनी आवाज बुलंद करने वाले थे, जिनका जीवन हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा। उन्होंने रक्त दान के महत्व के बारे कहा



कि रक्तदान महादान हैऔर हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्त दान अवश्य करना चाहिए।उन्होंने कहा कि ब्लड प्रकृति द्वारा हमें दिया गया सबसे मूल्यवान उपहार है। हम इसके माध्यम से लोगों की कई तरह से मदद कर सकते हैं। काफी कम लोग यह बात जानते हैं कि रक्तदान करने से हमारे शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचता, बल्कि यह हमे कई तरह से फायदा पहुंचाता है। विधायक योगेन्द्र राणा ने बताया कि रक्तदान के कई सारे स्वास्थ्य लाभ हैं, लेकिन सबसे बड़ा लाभ मनोवैज्ञानिक लाभ है। जब आप रक्तदान करते हैं को आपके मन में एक सुखद अनुभूति होती है कि किसी की मदद करने की। यही आपको तरोताजा महसूस कराती है और आपको खुशी का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान का मतलब होता है कि किसी को कहीं न कहीं बहुत जरूरी सहायता मिलेगी और आप किसी आपात स्थिति में किसी की जान बचा रहे होंगे। इस मदद से आपको जो खुशी मिलती है, वह आपके मेंटल हेल्थ को काफी इंप्रूव करती है तथा मानसिक तौर पर आप काफी मजबूत बनते हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप नियमित रक्तदान करते हैं तो शरीर में आयरन का स्तर नियंत्रित रहता है। रक्त में आयरन की उच्च मात्रा रक्त धमनियों को ब्लॉक करने लगती है, जिससे ब्लड सकुर्लेश ठीक प्रकार से नहीं हो पाता, जिससे दिल का दौरा पडने का खतरा बढ़ जाता है।

## रोहताश मलिक की सेवानिवृत पर हुआ समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। दिल्ली विकास** प्राधिकरण दिल्ली में मुख्य लिपिक के पद पर कार्यरत रोहताश मलिक अपनी सेवा के बाद सेवनिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृती के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के निदेशक एवं विधायक देवेन्द्र कादियान के भाई विरेन्द्र कादियान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कादियान ने सेवानिवृत रोहताश मलिक का स्वागत करते हुए कहा कि रोहताश मलिक ने अपना कार्य मेहनत, लग्न व ईमानदारी से किया। उनके द्वारा किए कार्य के कारण उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। विभाग की तरफ से आए दलेल राठी ने कहा कि मलिक ने अपना कार्य बहुत ही ईमानदारी से किया। विभाग के अन्य कर्मचारियों को भी उनके मार्गदर्शन में चलते हुए कार्य करना चाहिए। उनकी कार्यशैली की विभाग में सराहना है। सेवानिवृत रोहताश मलिक ने कहा कि विभाग में उच्च पद से सेवानिवृत हुए



स्वर्गीय दयाचंद राठी के दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए उन्होंने विभाग में कार्य किया। उन्हीं के दिखाए मार्ग की बदोलत आज विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सराहना कर रहे है। मलिक ने कहा कि स्वर्गीय दयाचंद राठी उनके प्रेरणादायक रहे, आज उन्हीं के दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए विभाग में दलेल राठी अपनी बेहतर सेवाएं दे रहे है। गणमान्य लोगों ने रोहताश मलिक का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया।

## कुख्यात गैंगस्टर जोगिंदर गयोंग एसटीएफ की गिरफ्त में

**चंडीगढ़:** हरियाणा में वांछित खूंखार गैंगस्टर जोगिंदर ग्योंग को फिलीपींस से लाए जाने के बाद दिल्ली पुलिस ने एयरपोर्ट पर ही दबोच लिया। इंटरपोल रेड नोटिस का सामना कर रहे गैंगस्टर जोगिंदर ग्योंग को रविवार को फिलीपींस से दिल्ली प्रत्यर्पित कर दिया गया। जोगिंदर ग्योंग हरियाणा पुलिस द्वारा पानीपत में उसके खिलाफ दर्ज आपराधिक साजिश और हत्या के एक मामले में वांछित था। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने पर दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया।

हरियाणा एसटीएफ ने कुख्यात गैंगस्टर जोगेंद्र ग्योंग को गिरफ्तार किया है।

## कल्पना चावला अवॉर्ड से सम्मानित हुई सशक्त महिलाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा अंतरिक्ष परी कल्पना चावला के स्मृति दिवस पर नेशनल वूमेन आइकन अवॉर्ड समारोह का भव्य आयोजन डिवेंचर होटल में किया गया, जिसमें फिल्म अभिनेता अरुण बक्शी, हरियाणवी एक्ट्रेस शिखा राघव ओर अंशु राणा ने सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.रंजोध सिंह एवं चीफ गेस्ट डॉ.धनबीर सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ.बलविंदर सिंह, इंस्पेक्टर निर्मल बूरा, सुमन सूद,




रणधीर सिंह संधू, कल्पना रंगा, विशाल काठ, गौरव गाबा, पवन शर्मा, अजीत राही, पंकज गर्ग, आशीष मलिक रहे। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए विशेष कार्य कर रहा है। फाउंडेशन का करप्शन फ्री इंडिया एवं सत्यनिष्ठा शपथ अभियान देशभर में चलाया जा रहा है। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों की सशक्त महिलाओं को नेशनल वूमेन आइकन अवॉर्ड से पगड़ी पहनाकर व सर्टिफिकेट ओर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वूमेन अवॉर्ड से गुंजन भटनागर, रेनू शर्मा, प्रियंका, डॉ.निशा गुप्ता, अनीता राही, अनीता कौशिक, सनमदीप कौर, नवजोत, सोनिया, नीना शर्मा, जैस्मीन गर्ग, डॉ.अनुराधा नागिया, डॉ.दीप्ति शर्मा, वैष्णवी, परमजीत हांडा, आदिति मलिक, महक, अमिता मेहता, हरप्रीत कौर, डॉ.सविता रानी, गुंजन शर्मा, रश्मि टेरेंस, पूनम बाली, सारिका मलिक, राज बाला, मीनाक्षी शर्मा, रुचिका मदान, शिल्पा, डॉ.गुरप्रीत कौर, डॉ मनप्रीत कौर, रीता मदान, मनजीत कौर, शशि शर्मा, रमा तिवारी, रूपा, निशु सैनी, अपिंदरजीत कौर, कोनिका सक्सेना, नीलू सैनी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पवन कंसल, योगिंद्र कौशिक, प्रधान शाम कपूर, डॉ.विक्रम सिंह, अनिल मदान, डॉ.सुरेन्द्र नागिया, सुरेन्द्र मोहन गाबा, हरीश वधावन आदि उपस्थित रहे।

## दो कारों की टक्कर हो गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। दिल्ली-चंडीगढ़** नेशनल हाइवे पर बलड़ी बाइपास चौक पर दो कारों की टक्कर हो गई। हादसे में दो लोगों को चोटे आई हैं और एक बच्चा भी मामूली रूप से चोटिल हुआ है। दोनों गाड़ियों में दो परिवार थे। हादसे में घायल लोगों को करनाल के सरकारी अस्पताल में भेजा गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। करनाल निवासी रजत खन्ना ने बताया कि एक तरफ से रेड लाइट हो गई और दूसरी तरफ से ग्रीन लाइट हो गई। दोनों गाड़ी वालों ने ट्रैफिक लाइट नहीं देखी और इंतजार नहीं किया, जिससे दोनों गाडि?ं आपस में टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कारे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों के एयर बैब भी खुल गए। एक गाड़ी के तो चारो एयरबैग खुल गए। गाड़ी में एक डॉग भी था, जो हादसे के बाद से गायब है। हादसे में एक बच्चा चोटिल हुआ है और दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। रजत ने बताया कि हादसा होता देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। हादसा इतना भयानक था कि देखने वालों का दिल दहल गया।

## जगमोहन के साथ चाय में चर्चा पर आमजन में दिख रहा जबरदस्त क्रेज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के** विधायक द्वारा प्रत्येक रविवार को शुरू किए गए चाय पर चर्चा कार्यक्रम में लोगों का जबरदस्त क्रेज है। विधायक जगमोहन आनंद से चाय पर चर्चा के दौरान मिलने के लिए बड़ी संख्या में आमजन नेहरू प्लेस में पहुंचे। इस दौरान विधायक ने शहर की बेहतरी के लिए आमजन के बीच बैठकर विचार विमर्श किया। उन्होंने जनता से भी सुझाव लिए और उन सुझावों पर सामूहिक विमर्श



भी किया। चाय पर चर्चा कार्यक्रम की शुरूआत भजन के साथ हुई। इसके उपरांत विधायक जगमोहन आनंद ने सभी से शहर की बेहतरी के लिए सुझाव देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि चाय पर चर्चा कार्यक्रम किसी व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे शहरवासियों का प्लेटफॉर्म है। कोई भी व्यक्ति यहाँ आकर अपने सुझाव दे सकता है। यदि सुझाव बेहतर होगा तो अवश्य उस पर कार्य किया जाएगा। विधायक ने आमजन की समस्याएं भी सुनी और मौके पर ही उनका समाधान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें भारी बहुमत से जीत दिलाकर हरियाणा विधानसभा तक पहुंचाया है। मैं जनता का सेवक हूं और उनका प्रतिनिधि बनकर उनके हकों की आवाज हरियाणा विधानसभा में उठाउंगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आज भी करनाल की जनता से विशेष लगाव है। मैं उनके प्रतिनिधि के तौर पर कार्य कर रहा हूं। करनाल की जनता से जुड़ी जरुरी मांगों को तत्काल पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी अपने दौरे के साथ निरंतर करनाल शहर को कोई न कोई योजना की सौगात देकर जाते हैं। शहर में तेज गति से विकास कार्य जारी हैं। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का तय सीमा में निवारण ही सरकार की जनता के बीच विश्वसनीयता को बढ़ाता है।

## रौनक पब्लिक स्कूल में सरस्वती मूर्ति स्थापना एवं पूजन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। रौनक पब्लिक** स्कूल में सरस्वती माता की मूर्ति स्थापना के साथ सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सरस्वती माता की पूजा की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। छात्रों ने गीत, नृत्य, और नाटक आदि प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आरंभ 11 कुंडीय हवन- यज्ञ के साथ हुआ, जिसमें शिक्षकों व छात्रों ने आहुति डाली। इसके बाद माता सरस्वती की मूर्ति को पूर्ण विधि



विधान से स्थापित किया गया। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने सरस्वती पूजन के दौरान विद्यार्थियों को सरस्वती माता के महत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि सरस्वती माता ज्ञान, कला, और संस्कृति की देवी हैं और उनका आशीर्वाद हमें ज्ञान और बुद्धि प्रदान करता है। विद्यार्थियों ने सरस्वती माता को फूल, फल व प्रसाद चढाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एक यादगार था।

## आरोपियों ने ज्वलनशील पदार्थ छिडककर खड़ी गेहूं की फसल जलाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के पाढ़ा** गांव में खेत में खड़ी गेहूं की फसल को कोई ज्वलनशील पदार्थ छिडककर नष्ट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने कुछ लोगों पर रंजिश के चलते साजिश रचकर फसल नष्ट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित को करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीडित की शिकायत पर मूनक थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल पुलिस लाइन में रहने वाली राजेश कुमारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसने गांव पाढ़ा में 40 कनाल 18 मरला जमीन खरीदी थी, जिसका कब्जा भी उसके पास है।

## स्पीकर ने 23वें सामूहिक विवाह समारोह में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा विधानसभा** अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने रविवार को घरौंड़ा नई अनाज मंडी में शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा आयोजित 23वें सामूहिक विवाह समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और नवविवाहित परिणय सूत्र में बंधे जोड़ों को स्नेह भरा आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने ऐच्छिक कोष से शिव शक्ति सेवा मंडल को 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। सामूहिक विवाह समारोह में 15 जरूरतमंद कन्याओं की पूरें रिति रिवाज से शादी करवाई गई व उन्हें गृहिणी सामान भी दिया गया। समारोह में पहुंचने पर हरियाणा



विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण का संस्था के पदाधिकारियों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि शिव शक्ति सेवा मंडल गरीब व जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी करके सामाजिक सरोकार का कार्य कर रही है। इसके लिए उन्होंने संस्था के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रमों मे समाज के हर व्यक्ति को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पुण्य के कार्य में सभी को अपनी आहुति डालनी चाहिए और अधिक से अधिक दान कर संस्था की मदद करनी चाहिए। उन्होंने समाज के सभी लोगों से अपील की समाज की भलाई के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। वर्तमान भाजपा सरकार भी हर वर्ग के हित में कार्य कर रही है। समाज के हर व्यक्ति की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे समाज की भलाई में कार्य करे। इस मौके पर सुभाष तोमर, संस्था प्रधान कुलदीप कैमला, सचिव देवेंद्र धीमान, कोषाध्यक्ष धीरज भाटिया, सलाहकार राज सिंगला, सलाहकार पुष्कल टक्कर, दीपक शर्मा, डा. रमेश शर्मा, सतविंदर सिंह, अशोक भटनागर, विनोद गोयल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## किसानों का एक दल 9 फरवरी को विज को मनाने जाएगा उनके निवास

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारतीय किसान** यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि प्रदेश के ऊर्जा एंव परिवहन मंत्री अनिल विज को मनाने के लिए किसानों का एक दल आने वाली 9 फरवरी को अंबाला स्थित उनके निवास स्थान पर जाएगा। यह निर्णय दीनबंधू सर छोटू राम किसान भवन में जिलाध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह घुमन की अध्यक्षता में आयोजित की गई मासिक किसान पंचायत में लिया गया। किसान नेता मान ने कहा कि जब से अनिल विज ने अंबाला सहित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठकों में न जाने सहित खुले



दरबार न लगाने की घोषणा की है। तब से प्रदेश के किसान, मजदूर सहित आमजन आहत है। उन्होंने कहा कि अनिल विज एक ऐसे नेता हैं, जो लोगों की समस्याओं का एक ही झटके में ईमानदारी से समाधान करने की हिम्मत रखते है। ऐसे में उनका नाराज होना कोई सामान्य बात नही है। प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने यह स्पष्ट करते हुए कहा कि भाकियू के अनिल विज से मिलने व मनाने के किसी प्रकार के राजनैतिक मतलब न निकाले जाए। क्योंकि किसी को क्या बनाना या नहीं बनाना, यह भाजपा का आंतरिक मामला है। जिससे भाकियू का कोई लेना देना नही है। लेकिन अनिल विज सुलझे हुए एक राजनेता है। अनिल विज की सच्ची सोच व निष्पक्ष कार्यों के लिए आमजन को जरूरत है।

**धूमधाम से मनाया सर छोटूराम का जन्मोत्सव**

करनाल के दीनबंधू सर छोटू राम किसान भवन में किसानों के मसीहा सर छोटू राम का जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। किसानों ने सर छोटू राम के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें भावभिनी श्रद्वांजलि दी। किसानों ने आज का सर छोटूराम, भारतीय किसान यूनियन के नारे लगा कर अपनी आवाज को बुलंद्व किया। इस मौके पर रतनमान सहित उपस्थित किसानों ने दीनबंधू सर छोटू राम के पदचिन्हों पर चलने का प्रण लिया।

**अन्य किसान संगठन छोड कर कई किसान नेता भाकियू में हुए शामिल**

सर छोटूराम किसान भवन में आयोजित की गई बैठक में किसान संगठन को छोड़ कर कई किसान नेता भाकियू में शामिल होंने का ऐलान किया है, जिनमें नगला चौंक के रहने वाले साहब सिंह बाजवा व गुरविंद्र सिंह गोराया के मुख्यतः नाम शामिल है। उन्होंने साहब सिंह बाजवा को जिला कार्यकारिणी में चेयरमैन तथा गुरविंद्र सिंह गोराया को करनाल खंड का बतौर अध्यक्ष के पद पर नामित किया है। मान ने कहा कि भाकियू का कारवां हररोज बढ़ता जा रहा है।

## जगमोहन आनंद ने बसंत पंचमी पर गोगामाड़ी में नवाया शीश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के** विधायक जगमोहन आनंद ने रविवार को बसंत पंचमी के दिन कलामपुरा में स्थित गोगामाड़ी में गुरु गोरखनाथ जी की प्रतिमा के समक्ष शीश नवाया और समस्त शहरवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने समस्त विधानसभा वासियों को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। विधायक कीर्तन में भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने गांव के युवाओं, माताओं व बहनों का विधानसभा चुनाव में अपना आशीर्वाद देने पर धन्यवाद जताया। उन्होंने कहा कि जिन उम्मीदों के साथ



लोगों ने उन्हें वोट देकर हरियाणा विधानसभा भेजा है, उनकी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया जाएगा। लोगों की जो भी समस्याएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का शत प्रतिशत प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण गर्ग, पूर्व सरपंच बंसी लाल, मंडल अध्यक्ष मोहित सचदेवा, जसवंत जोगी, जोगिंद्र जोगी, विक्रम जोगी, विकास, ईश्वर व अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### किसानों के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना लाभकारी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**डीसी** डाक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि किसानों और मछली पालन का धंधा करने वाले लोगों के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना आर्थिक स्थिति मजबूत करने में वरदान सिद्ध हो रही है। योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। डीसी ने बताया कि जिला में उन गांवों के लोगों को मत्स्य पालन के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिन गांवों में बरसात के पानी के ठहराव होता है या भूमि बंजर है। मछली पालन से किसानों की आय बढ़ रही है। झींगा मछली पालन से 5 से 6 लाख रुपये प्रति एकड़ तक आमदनी होती है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा योजना के तहत अनुसूचित जाति व महिला वर्ग मछली पालकों को 60 प्रतिशत अनुदान तथा सामान्य वर्ग को मछली पालन पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। डीसी डाक्टर वीरेंद दहिया ने बताया की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 60 प्रतिशत सभी वर्गों की महिलाओं व अनुसूचित जाति को तथा 40 प्रतिशत सामान्य व ओबीसी को अनुदान प्रदान किया जाता है। इस योजना के तहत प्रार्थी निजी भूमि में या पट्टे पर भूमि लेकर मछली फीड हैचरी, तालाबों के निर्माण, बायोफ्लॉक, आरएएस, फीड मिल, कोल्ड स्टोर आदि लगाने पर विभाग से वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

**यूनिट लगाने से पूर्व मिट्टी व पानी की टेस्टिंग जरूरी**
डीसी ने बताया कि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना तथा अन्य विभागीय योजनाओं के लिए किसानों को जागरूक करते हुए समय-समय पर विभाग द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाता है। यूनिट लगाने से पहले प्रशिक्षण अवश्य लें तथा मिट्टी व पानी की टेस्टिंग अवश्य रूप से करवाएं ताकि यूनिट कामयाब हो सके।

### रेस आयोजको की तरफ मेडल व ट्राफी देकर किया सम्मानित

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) सनौली खुर्द** निवासी सत्तर वर्षीय त्रिलोक चंद इन्सां ने एक बार फिर गुरूग्राम मे रेस जीतकर सबको हैरान कर दिया।उन्होने सीनियर सिटीजन ग्रूप मे कोच शिवा माही के मार्गदर्शन मे गुरूग्राम मे रेस लगाकर गोल्ड मेडल जीतकर सबको हैरान कर दिया।उन्होने गुरूग्राम मे आरइएम रनिंग एंड इंटरटेनमेंट मीडिया की तरफ से सीनियर सिटीजन ग्रूप मे दौडते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल के साथ शील्ड प्राप्त कर अपना लोहा मनवाया। उन्होने पाच किलोमीटर स्पर्धा मे गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्तकर अपने देश व परदेश का नाम रोशन किया।इस अवसर पर उनको पुरूस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।जिस उम्र मे लोग चारपाई से भी नही उठ पाते और वे रेस लगा कर मेडल हासिल करते है, इससे सभी आचमिभत है।उन्होने बताया की यह उनका ग्यारहवा गोल्ड मेडल है इससे पहले भी वे गुरूग्राम की माड रेस, जालंधर की वन रेस, गुडगाँव रेस तथा वेदांता दिल्ली आफ मेराथन 2024 अन्तरराष्ट्रीय रेस की सीनियर सिटीजन रेस व पानीपत मेराथन मे भी दौड लगाकर गोल्ड मेडल हासिल कर चुके है। जीत की खबर मिलते ही समस्त ग्राम मे खुशी का माहौल छा गया तथा परिवार को बधाई देने वालो का तांता लग गया। वह एक साधारण किसान परिवार मे जन्मे तथा अपना जीवन भी खेती करते हुए यापन करते है उन्होंने अपनी सेहत का राज सरल खाना व प्रतिदिन व्यायाम व कसरत के साथ रेस लगाना व लगातार साईकिल चलाना बताया।

# कोमल मिस फेयरवेल व एकेंद्र मिस्टर फेयरवेल चुने गए

## ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को समारोह पूर्वक दी गई विदाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) के ग्यारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन कर उन्हें विदाई दी। विदाई समारोह में जूनियर छात्र-छात्राओं ने अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया । समारोह में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को अलग-अलग खिताबों से नवाजा गया। इस दौरान एकेंद्र को मिस्टर फेयरवेल व कोमल को मिस फेयरवेल चुन लिया गया। साथ ही तनु दहिया को मिस क्यूट, लाडली कुच्छल को मिस ब्यूटीफुल, पुनीत बंसल को मिस्टर हैंडसम व हिमांशु को मिस्टर एलिगेंट के खिताब से नवाजा गया। इससे पहले स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया । इस मौके पर चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि



विद्यार्थी जीवन भावी जीवन की दिशा और दशा निर्धारित करता है। विद्यार्थी जीवन मानव जीवन का स्वर्णिम काल होता है। जीवन के इस पड़ाव पर वह जो भी सीखता, समझता है अथवा जिन नैतिक गुणों को अपनाता है वही उसके व्यक्तित्व व चरित्र निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाते हैं । उन्होंने कहा कि समाज व राष्ट्र के प्रति सजगता का भाव हमारे अंदर विद्यार्थी काल से ही होना चाहिए। विद्यार्थी के अंदर का यह भाव उसे भविष्य का जिम्मेदार नागरिक बनाता है।उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए अपने स्कूल से विदा होने का क्षण अत्यंत भावुक होता है, लेकिन बच्चे कभी भी अपने गुरु के मन से विदा नहीं होते। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण सुझाव एवं आशीर्वाद दिया। संस्था के सीईओ संजय जैन ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी का अपने माता-पिता के प्रति यह पुनीत कर्तव्य बनता है कि वह सदैव उनका सम्मान करें । छात्र-छात्राओं का यह दायित्व बनता है कि वह पूरी लगन और परिश्रम के साथ अध्ययन करें तथा जीवन में सफलता पाएं । उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी । डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने भी विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत की धुनों पर शानदार प्रस्तुति देकर माहौल को खुशनुमा बना दिया । इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, नमिता, संगीता, रेखा जैन, मधु, मीनाक्षी, मोनिका, बीना, कुसुम, ज्योति, सपना, सोनिया मदान, ज्योति, निशा, सीमा रानी, पारुल, कावेरी स्पोर्ट्स इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने भी आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बसंत पंचमी ऋतु परिवर्तन के साथ नई ऊर्जादायिनीः हरिओम



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र, : ब्रह्मा कॉलोनी** स्थित श्री शिव शक्ति आश्रम एवं वात्सल्य वाटिका में रविवार को मासिक यज्ञ एवं बसंत पंचमी पर्व आयोजित किया गया। सुबह यज्ञशाला में मासिक यज्ञ अनुष्ठान किया गया जिसमें आश्रम से जुड़े श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों ने आहुतियां दी। इसके बाद बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में मां सरस्वती की पूजा की गई। आश्रम संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने कहा कि आज के समय में ग्लोबल वार्मिंग का इलाज केवल यज्ञ ही है। इसके लिए प्रत्येक घर में पौधारोपण अभियान अनिवार्य करना होगा जिससे प्रकृति में संतुलन बना रहेगा। बसंत पंचमी का महत्व बताते हुए स्वामी जी ने कहा कि बसंत पंचमी ऋतु परिवर्तन के साथ नई उजार्दायिनी है, इस दिन प्रकृति की अनुपम छठा बिखरती है। वात्सल्य वाटिका से जुड़े कृष्ण पांचाल ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र में वात्सल्य वाटिका जरूरतमंद एवं निराश्रित बच्चों के शैक्षणिक एवं सवार्गीण विकास के लिए उचित शिक्षा का प्रबंध करेगी इसके लिए आश्रम से जुड़े प्रत्येक सदस्य को संकल्प दिलाया गया कि वे अपने आसपास रहने वाले ऐसे बच्चों का ध्यान रखकर वात्सल्य वाटिका में प्रवेश कराएंगे जिससे वे शिक्षित होकर देश के अच्छे नागरिक बन सकें। इस अवसर पर संत राजेंद्र सिंह, ओमप्रकाश मित्तल, लाभ सिंह, स्नेह लता, मलकीत ढांडा, सुभाष ग्रोवर, अशोक रोशा, डॉ.माणिक, अरुण कुमार, हरपाल कौर और सुनीता रानी इत्यादि मौजूद रहे।

## चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में 16वां वार्षिक उत्सव मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**चंदन बाल विकास पब्लिक** स्कूल आट्टा में 16 वां वार्षिक उत्सव ( संस्कार धारा)बड़ी धूमधाम से मनाया गया । मंच संचालन हरजीत तुषार, रिया ,ऋषि ,कृतिका,कैसी, वैष्णवी, खुशाल, अशना लक्षिका,रीतिका , मानविक, कृष्णांश, मुस्कान ,देवव्रत व मानवी, अक्षिता ने किया । मुख्य अतिथि ऋतुराज मिश्रा व विशिष्ट अतिथि श राजकुमार, हिमांशु व कुमारी शिवानी पांचाल ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया । स्वागत नृत्य कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया । साथ ही कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना व कक्षा चौथी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। स्वागत भाषण डॉक्टर श्वेता द्वारा प्रस्तुत किया गया । मुख्य अतिथि ऋतुराज मिश्रा ने बच्चों के कार्यक्रम की प्रशंसा की व बच्चों को प्रेरक प्रसंग द्वारा बच्चों को आकर्षित किया।

## सभी वर्गों के लिए हितकारी केंद्रीय बजट किया गया पेशः सुभाष सुधा

**हितकारी**


▶▶ सभी अस्पतालों में डे केयर कैंसर केंद्रों की स्थापना की सुविधा स्थापित करेगी: सुभाष सुधा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हरियाणा के** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री ने सभी वर्गों के लिए हितकारी बजट पेश किया है। इस बजट से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश को और तरक्की मिलेगी। इस बजट से हरियाणा को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय वित मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद किया।पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि इस बजट में कृषि, स्वास्थ्य, रोजगार, उद्योग, किसान सभी वर्गों के लिए घोषणाएं की गई है। किसान क्रेडिट कार्ड पर ऋण सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है। धन धान्य कृषि योजना के तहत 100 कम उत्पादकता वाले जिलों पर ध्यान दिया जाएगा। इस बजट से हरियाणा को भारी लाभ होगा क्योंकि हरियाणा एक कृषि प्रधान राज्य है। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि यह बजट गरीब एवं मध्यम वर्ग सहित सभी वर्गों के हित में है। बजट से मेडिकल एजुकेशन का विस्तार होगा। मेडिकल पेशेवरों की कमी को दूर करने के लिए केंद्र सरकार ने आने वाले साल में 10,000 मेडिकल सीटें बढ़ाने की घोषणा की है, जिसका लक्ष्य अगले पांच वर्षों में 75,000 सीटें बढ़ाना है। सरकार के इस कदम से डॉक्टरों और विशेषज्ञों की वृद्धि होने की उम्मीद है, खासकर ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में लोगों को डॉक्टरों की उपलब्धता आसान होगी। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों की आमदनी को बढ़ाने, कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और ग्रामीण विकास को गति देने वाला है। स्टार्ट अप व उद्यमियों के लिए नई-नई योजनाएं शुरू की गई हैं। इसके साथ-साथ सभी अस्पतालों में डे केयर कैंसर केंद्रों की स्थापना की सुविधा स्थापित करेगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया।

# कला कीर्ति भवन में शुरू हुआ गांधी शिल्प बाजार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : किसी भी प्रदेश** की संस्कृति तथा परम्पराओं की रक्षा प्रदेश के लोक कलाकार तथा शिल्पकार करते हैं। जहां एक ओर लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से युवा पीढ़ी को संस्कृति से जोड़े रखते हैं, वहीं प्रदेश के शिल्पकार अपनी हस्तशिल्पकला के द्वारा पारम्परिक तथा पुरातन धरोहर को आमजन तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य करते हैं। गांधी



शिल्प बाजार के माध्यम से देशभर से आए शिल्पकारों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी कुरुक्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। ये कहना था कुवि के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निदेशक डा. विवेक चावला का। ये शब्द उन्होंने कला कीर्ति भवन के परिसर में लगे गांधी शिल्प बाजार के उद्घाटन के दौरान कहे। हरियाणा कला परिषद के कला कीर्ति भवन में कार्यालय विकास आयुक्त, हस्त शिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार तथा ग्रीनवैल चिल्ड्रन सोसायटी, नागौर के संयुक्त सहयोग से 10 दिवसीय गांधी शिल्प बाजार का शुभारम्भ शनिवार को डा. विवेक चावला ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय की ओर से हस्तशिल्प संवर्धन अधिकारी चेतना वर्मा, हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा, ग्रीनवैल चिल्ड्रन सोसायटीके सचिव साहबराम चौधरी तथा हरियाणा कला परिषद के कार्यालय प्रभारी धर्मपाल गुगलानी अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन अवसर पर शॉल तथा पगड़ी पहनाकर आयोजकों द्वारा मुख्यअतिथि डा. विवेक चावला का सम्मान किया गया। 9 फरवरी तक चलने वाले गांधी शिल्प बाजार में समूचे भारत के 70 से अधिक शिल्पकारों ने अपनी कृतियों की प्रदर्शनी लगाई हैं।

## जोगना खेड़ा स्कूल के विद्यार्थियों ने वेस्ट मैनेजमेंट थीम पर हासिल किया प्रथम स्थान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः हरियाणा स्कूल** शिक्षा परियोजना परिषद् की तरफ से जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 13 अर्बन एस्टेट में किया गया। खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी की तीनों विद्याओं में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसी क्रम में राजकीय माध्यमिक विद्यालय जोगना खेड़ा के विद्यार्थियों ने साईंस ड्रामा रोल प्ले में जिला स्तर पर वेस्ट मैनेजमेंट थीम में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के हेडमास्टर मोहिंदर पाल शर्मा ने बच्चों, साइंस अध्यापिका रेणु बाला



और अध्यापक संदीप सिंह की भूरी-भूरी प्रशंसा की और बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन करने से बच्चों का उत्साह बढ़ता है और सभी बच्चों को इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी साईंस अध्यापिका रेणु बाला के नेतृत्व में कक्षा आठवीं का छात्र वरदान साइंस मॉडल मेकिंग में खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर चुका है। उन्होंने खंड स्तर और जिला स्तर के विजेता बच्चों को ट्राफी और उपहार देकर सम्मानित किया।

## शहर के मुख्य बाजार की सड़क की हालात हुई खस्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर के मोहल्ला मसानी से राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल तक की सड़क की हालात खस्ता होने के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। शहर का मुख्य बाजार होने के कारण लोगों की परेशानी ओर अधिक बढ़ गई। इसके अलावा इस मार्ग पर इस मार्ग पर दो राजकीय स्कूल, कई निजी शिक्षण संस्थान व निजी अस्पताल, सैकड़ों की संख्या में दुकाने होने के कारण लोगों का आवागमन बना रहता हैं। इस मार्ग पर जगह-जगह पर गड्ढे बने हुए हैं। आए दिन गड्ढों के कारण हादसे हो रहे है।

## डीएवी स्कूल में आशीर्वाद समारोह का भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः डीएवी सीनियर** सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए 'आशीर्वाद समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में सुसज्जित विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कला का परिचय देते हुए विद्यालय के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की छात्रा जैनिस ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, अर्थ ने अपनी मधुर आवाज से सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय के हेड बॉय



अनादित्य और हेड गर्ल कुंजल ने मंच पर अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय को अपने योगदान के लिए धन्यवाद दिया।
विशेष अतिथियों का योगदान और प्रेरणा विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्हें भविष्य में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने इस बैच की प्रशंसा करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ये छात्र अपनी विशिष्ट प्रतिभा से न केवल अपना, बल्कि मुरलीधर डीएवी का नाम भी विश्व स्तर पर रोशन करेंगे। इस अवसर पर "मिस और मास्टर डीएवी" प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में श्री सुरेश कॉल, श्रीमती नीना सूरी और श्रीमती अलका सैनी ने अपने कुशल नेतृत्व से विजेताओं का चयन किया।
प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे। मिस डीएवीः दीया कक्षा 12वीं मेडिकल, मास्टर डीएवीः साहिल कक्षा 12वीं नॉन मेडिकल, मिस पर्सनैलिटी (विभागवार): आर्ट्सः हंसिका, कॉमर्सः हिमांशी, साइंसः सिमरन, मास्टर पर्सनैलिटी (विभागवार): आर्ट्सः अर्थ, कॉमर्सः तनमय, साइंसः कुणाल।

# हसला कुरुक्षेत्र जिला कार्यकारिणी का विधिवत रूप से गठन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हरियाणा स्कूल** लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान डॉ तरसेम कौशिक ने जिला कार्यकारिणी का गठन किया जिसका कार्यकाल 2024-27 तक रहेगा। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि हरियाणा में लगभग 32000 प्राध्यापक विद्यालयों में कार्यरत है तथा संख्या के हिसाब से हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) शिक्षा विभाग में सबसे बड़ा संगठन है। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है जिसमें सतबीर कौशिक को हसला का चैयरमैन, डॉ दिनेश यादव एवं डॉ शीशपाल जांगड़ा को संरक्षक बनाया गया है।



राजेश सैनी को वरिष्ठ उपप्रधान बनाया गया है। जय प्रकाश गागट को महासचिव व उप महासचिव पद की जिम्मेदारी संदीप फोगाट को दी गई है। अलीशेर को वित्त सचिव, डॉ रामशरण को उप वित्त सचिव बनाया गया है। संजीव जिंदल को प्रेस सचिव, जितेंद्र को उप प्रेस सचिव, डॉ कृष्ण कुमार तथा संजीव परूथी को प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी दी गई। देवेंद्र जिंदल को ऑडिटर बनाया गया है। रविदत्त, अनिल चौधरी, तरणदीप सिंह, रामकुमार, नरेश शर्मा, सुमन लता, रवींद्र कुमार को उप प्रधान का दायित्व दिया गया है। अरविंद कुमार, अनुज कुमार, सोमदत्त, रामकुमार, डॉ गुरचरण सिंह, धर्मपाल, सोहन लाल, डॉ मिनटों, पवन कुमार,राजेंद्र कुमार तथा अरुण बंसल को सचिव, संजीव कुमार, मनोज कुमार, विकास शर्मा, रेणु बाला, जसविंदर सिंह, हरविंदर सिंह, विपुल शर्मा, सतीश शर्मा, चंद्रिका, सुशील कुमार को संगठन सचिव, बारु राम, जगबीर पन्नु, बलबीर कुमार, रमाकांत, सुरेश राणा, राजकुमार कथूरिया, आशिमा, सरोज रानी, स्वाति चौधरी, सुंजन सांघी, कैलाश सैनी को संयुक्त सचिव, मनीष कुमार, गौरव, सुरेंद्र कुमार, अनिल राणा, अशोक कुमार, सर्वजीत सिंह, रघुबीर सिंह, मुकेश कुमार, मेहर सिंह, ओमप्रकाश तथा मनजिंदर सिंह को कॉर्डिनेटर बनाया गया है। सलाहकार प्रकोष्ठ में लोकेश राणा को संयोजक तथा बलवान सिंह, राजबीर सिंह, अनूप मलिक, सर्वजीत सैनी, डॉ रोहित कुमार, उमाकांत वालिया तथा सुभाष चंद को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया। शैक्षिक प्रकोष्ठ में प्रवीण कुमार को संयोजक तथा अनिल घई, संजीव कुमार, संदीप चंदेल, बलविंदर पाल, डॉ सविता खरब, मुकेश कुमार, संजीव कुमार तथा संजय कुमार को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया। न्यायिक प्रकोष्ठ में दिनेश कुमार को संयोजक तथा मुकेश गर्ग, अनिल कुमार, सतीश कुमार, राजेश कुमार, बलवान, रासोवीर, सुखविंदर देशवाल तथा रमेश कुमार को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। महिला प्रकोष्ठ में प्रतिका हुड्डा जाखड़ को संयोजक तथा सुमन चौधरी, परमजीत कौर, सीमा रानी, निधि रतन, प्रियंका शर्मा, अनीता, रीना रानी, केतकी राणा, मंजू यादव, स्वाति पूनिया, सुनीता नैन, आराधना गोयल, सुषमा रानी, जयप्रीत कौर, कविता, हेमलता, मंजीत कौर, इंदु भाटिया, प्रियंका शर्मा, सुनीता देवी, अंबिका देवी, शालिनी चौधरी, सोनिया अग्रवाल, कविता रानी, रेखा रानी, अनीता रानी, जसबीर कौर, वंदना तथा रेखा को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है।

## बसंत पंचमी पर राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: बसंत पंचमी के** अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहोली में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत राष्ट्रपति पुलिस पदक विजेता, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यालय शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने रक्तदान शिविर के संचालन में भरपूर योगदान दिया। शिविर में 15 इकाई रक्तदान हुआ। शिविर के साथ साथ हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा और विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुदेश कुमारी और राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई प्रभारी नरेश कुमार के नेतृत्व में नशा मुक्ति पर पैदल जागरूकता यात्रा निकाली गयी। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने पैदल जागरूकता यात्रा से पूर्व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और श्रीमती पंखुडी कुमार जी के नेतृत्व में रात दिन अथक प्रयास किए जा रहे हैं। हरियाणा में ही नहीं अपितु भारत में अब ड्रग तस्करों की गुप्त सूचनाएं ब्यूरो के नंबर 9050891508 अथवा भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत मादक पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र की वेबसाइट (६६६.ल्लॅुल्लं२.ङ्म५.ल्ल) टअठअर पोर्टल अथवा 1933 पर दी जा सकती है। शिविर में कुलदीप, जसपाल सिंह, नरेश कुमार ने 35 वीं बार, राहुल कुमार, डॉ. पवन, निकुंज, आकाश, शेख, नवदीप, आकाश, प्रवक्ता मनोज वर्मा, देवांश वर्मा, अभिषेक कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी नरेश कुमार और विकास ने रक्तदान किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्रांगण में रुद्राक्ष और अन्य पौधे रोपित किए गए। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुदेश कुमारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी नरेश कुमार और सभी स्वयंसेवकों को शिविर के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# पवित्र सरस्वती नदी को फिर से धरा पर लाने के लिए 80 प्रतिशत जमीन खरीदने या दान में लेने का कार्य हुआ पूरा: मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/पिहोवा : केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल** ने कहा कि पवित्र सरस्वती नदी को हरियाणा की पावन धरा पर प्रवाहित करने के प्रयास 1986 से शुरू किए गए थे। इस अहम कार्य को लेकर ही 10 वर्ष पूर्व हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की स्थापना की गई। इन 10 वर्षों में बोर्ड के माध्यम से सरस्वती नदी के मार्ग पर जमीनों से कब्जा हटवाने के लिए करीब 80 प्रतिशत जमीन या तो दान में या फिर खरीद ली गई है। इस कार्य के पूरा होने के बाद सरस्वती नदी को फिर से



प्रवाहित करने के प्रयास पूरे हो जाएंगे। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल रविवार को पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के समापन समारोह के अवसर पर बोल रहे थे। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल, भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी, उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती ने हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की प्रदर्शनी के साथ-साथ सरस मेले का अवलोकन किया। इसके उपरांत केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सरस्वती तीर्थ पर बनाए गए आरती स्थल पर पहुंचे, यहां पर शंखनाद की ध्वनि के साथ 1100 विद्यार्थियों के संग केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने मां सरस्वती के श्लोकों का उच्चारण किया। इन श्लोकों उच्चारण से बसंत पंचमी के पावन पर्व पर सरस्वती तीर्थ का पूरा माहौल सरस्वतीमय बन गया। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने महोत्सव के मुख्य मंच पर दीप शिखा प्रज्वलित करके विधिवत रूप से प्रसिद्ध लोक कलाकार गजेन्द्र फौगाट की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने सरस्वती जंगम का विमोचन किया और प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी और सरस्वती जयंती की बधाई और शुभकामनाएं दी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि हजारों वर्षों से नदियों को पवित्र माना गया है और प्रकृति के पांच तत्वों को भूमि, गगन, वायु, अग्नि और जल को भगवान की संज्ञा देकर हमेशा पूजा जाता रहा है। इन पांचों तत्वों की पूजा करने से अच्छे संस्कार मिलते है और अच्छे संस्कारों से अच्छे समाज और देश की नीव रखी जा सकती है।

# सेवा ट्रस्ट ने ब्रम्हासरोवर कुरुक्षेत्र पर बसंत पंचमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : अन्तरराष्ट्रीय** सामाजिक संस्था सेवा ट्रस्ट यूके(भारत) द्वारा ब्रह्मसरोवर कुरुक्षेत्र पर बसंत पंचमी का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सेवा ट्रस्ट की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से वहां उपस्थित साधु संतों को सेब का जूस वितरित किए गया।आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी पंजाबी प्राध्यापक प्रवीन गोयल ने की।उन्होंने कहा की विद्या, बुद्धि, कला और संगीत की अधिष्ठात्री माँ सरस्वती के पावन पर्व बसंत पंचमी पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं । यह पर्व आपके जीवन में ज्ञान, खुशहाली और समृद्धि का संचार करें माँ सरस्वती की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे। सेवा ट्रस्ट यूके (भारत)के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने सबसे पहले सभी देशवासियों




को माँ सरस्वती की आराधना के पर्व बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा की विद्यादायिनी माँ सभी के जीवन को ज्ञान के सुख से प्रकाशित करें और सभी का कल्याण करें, यही प्रार्थना करता हूँ। सेवा ट्रस्ट समय-समय पर खिलाड़ियों, जरूरतमंद बच्चों ,करोना वैरीयस एवं अनाथालय वृद्धाश्रम, ब्लड डोनेशन कैम्प एवं अन्य जरूरतमंद स्थानों पर इम्यूनिटी बूस्टर किट देकर के समाज में एक सराहनीय कदम उठा रही है। सेवा ट्रस्ट के थानेसर खंड कोआर्डिनेटर राजेश सेन वह सुमन्त सैनी ने कहा की सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा जो दुर्लभ रोग ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) बीमारी से ग्रस्त बच्चों की मदद के लिए गांव साहा, जिला अम्बाला में 6655 वर्ग गज में बन रहे (सेवा धाम) निर्माण कार्य जोर-शोर से चला हुआ है। आप सभी से निवेदन है की आप सब भी सेवा कार्यों में सहयोगी बनें।

## न्यूज फ्लैश

### श्री सत जींदा कल्याणा के तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव का समापन

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) सनौली** रोड स्थित श्री सत जींदा कल्याणा आश्रम मंदिर में चल रहे तीन दिन के वार्षिक उत्सव के अंतिम दिवस पर श्री श्री 1008 महंत श्री जमना दास जी के आशीर्वाद से महंत श्री खुशहाल दास जी के पावन सानिध्य में हवन यज्ञ से शुभ आरंभ हुआ। तत्पश्चात सत्संग से महंत खुशहाल दास जी पानीपत की जनता को फि र से निहाल कर दिया। गुरु महाराज जी ने बताया कि सत्संग का असली लाभ तब है जब हम उसे अपने जीवन में उतारें। समय तो वहीं रुका है लेकिन स्वास पर नियंत्रण करना जिसने सीख लिया उसने जीवन जीना सीखा लिया। स्वास से ही मन पर भी नियंत्रण सम्भव है। महाराज जी के मुहरबंद से भजन में मुझे ऐसा वर दे दो गुण गणन करूँ तेरा ,भक्ति हो शक्ति हो अज्ञान को दूर करो। प्रधान सुरेन्द्र मलिक ने बताया कि हर वर्ष गुरु जी के आशीर्वाद से हम सब इतना विशाल समागम करने में समर्थ हो पाते हैं। सचिव राहुल तनेजा ने बताया कि सभी सेवादार अपनी-अपनी सेवाएं तन मन धन से कर रहे हैं। वहीं इसके अलावा हरिद्वार वाले आश्रम का भी नवनिर्माण पूरा होने वाला है। आगामी 21 अप्रैल 2025 को गुरु जी के आशीर्वाद से वहां भी आश्रम की शुरूआत नवनिर्माण निर्माण रूप में सबको अवसर मिलेगा। तीन दिन के उत्सव में सभी शहर वासियों ने अपनी उपस्थिति के साथ-साथ सेवा में भी भाग लिया। इस अवसर पर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, शिव कुमार आहूजा, सोमनाथ आहूजा, जय दयाल तनेजा, अशोक तनेजा, अमित तनेजा ,सुरेश मलिक, दिनेश जौहर, राज कुमार जौहर, सुभाष छाबड़ा, अशोक कालरा, मोहिंदर खुराना, कमल कांत, चमन लाल, सुरेश मदान, सुरेन्द्र बत्रा उपस्थित रहे।

### ऑस्ट्रेलिया की ला ट्रोब यूनिवर्सिटी ने भारत से साझेदारी की 30वीं सालगिरह मनाई

**नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आए ला ट्रोब यूनिवर्सिटी के वाइस-चांसलर और प्रेजिडेंट प्रोफेसर थियो फैरेल ने आज (31 जनवरी 2025) लेडी श्री राम कॉलेज फॉर विमेन (एलएसआर) के साथ इस ऑस्ट्रेलियाई संस्थान की अटूट साझेदारी की 30वीं सालगिरह मनाई। इस अवसर पर प्रोफेसर फैरेल के संग दक्षिण एशिया में विक्टोरिया की कमिश्नर मिशेल वेड भी एलएसआर की प्रिंसिपल प्रोफेसर सुमन शर्मा से मिलीं। उन्होंने संस्थान के दक्षिण दिल्ली कैम्पस में इस साझेदारी की 30वीं वर्षगांठ मना कर एक इतिहास रचा। यह भारत में ला ट्रोब की सबसे लंबी में साझेदारियों में एक है जिससे दोनों संस्थानों के बीच विद्यार्थियों का आदान-प्रदान आसान हुआ है। साथ ही, एलएसआर के कार्मिकों को ला ट्रोब में प्रोफेशनल डेवलपमेंट के अवसर मिले हैं और अनुसंधान और नवाचार के अवसर भी बढ़े हैं। प्रोफेसर फैरेल ने कहा कि एलएसआर से ला ट्रोब की अटूट साझेदारी पर हमें गर्व है क्योंकि इससे यूनिवर्सिटी के लक्ष्य पूरे होंगे, जो समुदाय में सब का विकास सुनिश्चित करना, शिक्षा में उत्कृष्टता की विरासत आगे बढ़ाना और बड़े बदलावों के लिए काम करना है। प्रोफेसर फैरेल ने कहा, भारत के सबसे सम्मानित और सफल संस्थानों में लेडी श्री राम कॉलेज का बड़ा नाम है और पिछले 30 वर्षों से हमारा इस संस्थान से मजबूत संबंध रहा है जो हमारे लिए अनमोल है।इसकी शुरूआत ला ट्रोब यूनिवर्सिटी के एक सामान्य बैठक कक्ष से 1995 में की गई। आज यह हमारी यूनिवर्सिटी की सबसे स्थायी और सफल अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों में से एक है।

### यह वाकई एक शानदार बजट है: अतुल कुर्लेकर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बजट पर** अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बिजनेस लोडस्टार के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट अतुल कुर्लेकर जी ने कहा कि यह वाकई एक शानदार बजट है और इसके दीर्घकालिक प्रभाव बहुत व्यापक हैं। इस बजट से मध्यम वर्ग के परिवारों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा और हम आर्थिक रूप से बहुत मजबूत देश की ओर बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री की सरकार द्वारा उठाए गए प्रभावशाली कदमों को सलाम।



# बसंत पंचमी पर श्याम बाबा के दरबार में पहुंचे लाखों भक्त

**समालखा ( कुलदीप सिंह ) बसंत पंचमी का पर्व** पूरे देश में बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाया जाता है इस दिन मां सरस्वती की विशेष पूजा अर्चना की जाती है लेकिन इसी दिन श्री श्याम बाबा की भी विशेष पूजा अर्चना होती हैं उसके साथ बाबा का पीतांबर वस्त्र भी बदला जाता हैं पुराने वस्त्र को श्याम भक्तों में बांट दिया गया और श्री श्याम बाबा को नया अंत वस्त्र पहनाया गया श्री श्याम बाबा का पंचामृत से स्नान करवाया गया पीले फूलों से श्री श्याम बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया भक्त देर रात से ही श्री श्याम बाबा के दर्शन पाने के लिए मंदिर के गेट पर लाइनों में खड़े हो गए थे जैसे ही मंदिर परिसर को खोला गया गेट नंबर 1



ओर गेट नंबर 3 से भक्तों की लंबी लंबी कतारें लग गई भक्त लाइनों में दर्शन कर रहे थे और प्रसाद में भक्तों को बाबा का पीतांबर वस्त्र दिया जा रहा था चुलकाना धाम में बसंत पंचमी पर पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा ओर मंदिर कमेटी,सेवादारों के साथ व्यवस्था को संभाले रखाचुलकाना धाम में आने वाले भक्तों की संख्या जैसे जैसे दिन बढ़ता गया भक्तों की संख्या भी बढ़ती गई अनेक शहरों से जत्थे के जत्थे पैदल ध्वज निशान लेकर चुलकाना धाम में पहुंचे वहीं श्री श्याम बाबा की रथयात्राएं भी दिनभर चुलकाना धाम में आती रही यहां तक कि हरियाणा के अलावा उत्तर प्रदेश पंजाब दिल्ली राजस्थान मध्य प्रदेश सहित दूर दराज से लाखों की संख्या में भक्त पहुंचे विशेष आकर्षण का केंद्र श्री श्याम बाबा मंदिर परिसर को पीले रंग के गुब्बारों से सजाया गया श्री श्याम बाबा को पीले रंग के वस्त्र पहनाए, गए वहीं श्री श्याम बाबा का पीले रंग के फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया श्री श्याम बाबा के साथ विराजमान श्री कृष्ण बलराम ओर हनुमान जी का भी पीले फूलों से श्रृंगार किया गया चुलकाना धाम के सभी रास्तों पर स्वागत द्वार बनाए गए इस अवसर पर प्रधान रोशन लाल, हरीश बंसल,, राकेश रामबिलास मौजूद रहे।

# मनीष पहलवान जलमाना ने दीपक पहलवान उत्तर प्रदेश को हराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) अनाज मंडी बापौली** में रविवार को ईनामी कुश्ती दंगल का शुभारंभ समाजसेवी प्रदीप पहलवान और बिल्लू शर्मा ने पहलवानों के हाथ मिलवा कर किया । विजेता पहलवानों को नगद ईनाम राशी देकर सम्मानित किया गया । दंगल में आसपास समेत दूर-दराज से आए पहलवानों ने जोर आजमाइश दिखाई । मनीष पहलवान जलमाना ने दीपक पहलवान उत्तर प्रदेश को हराया कर 2100 का इनाम जीता । दिपक पहलवान सोनीपत ने मोहसीन पहलवान उत्तर प्रदेश को हराया 1100 सौ रूपए का इनाम दिया गया । समीर पहलवान गोयला और सुरज पहलवान की कुश्ती बराबर पर रहे । दंगल में रैफरी ओमपाल रावल रहे । इस दौरान दंगल में मुख्यअतिथि प्रदीप पहलवान ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव का असली खेल दंगल है जिसको बढ़ी दूर-दूर से ग्रामीण देखने और पहलवान जोर अजमाईश करने आते है । इसलिए हमें खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए । जिससे आपस में प्रेम व भाईचारे की भावना बढती है । बिल्लू शर्मा ने कहा कि युवाओं को खेलो में बढ चढ कर हिस्सा लेना चाहिए ।

# लाखों की संख्या में भक्त बसंत पंचमी पर पहुंचे श्याम बाबा के दरबार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) चुलकाना धाम में** लाखों की संख्या में भक्त बसंत पंचमी पर श्याम बाबा के दरबार में पहुंचे। बसंत पंचमी जहां मां सरस्वती की विशेष पूजा अर्चना की जाती वहीं इसी दिन श्री श्याम बाबा की भी विशेष पूजा अर्चना होती है। उसके साथ ही श्री श्याम बाबा का पीतांबर वस्त्र भी बदला जाता है। आज पुराने वस्त्र को श्याम भक्तों में बांट दिया गया और श्री श्याम बाबा को नया अंत वस्त्र पहनाया गया। श्री श्याम बाबा का पंचामृत से स्नान करवाया गया। पीले फूलों से श्री श्याम बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। भक्त देर रात से ही श्री श्याम बाबा के दर्शन पाने के लिए मंदिर के गेट पर लाइनों में खड़े हो गए थे। जैसे ही मंदिर परिसर को खोला गया। गेट नंबर 1 ओर गेट नंबर 3 से भक्तों की लंबी लंबी कतारें लग गई। भक्त लाइनों में दर्शन कर रहे थे और प्रसाद में भक्तों को बाबा का पीतांबर वस्त्र दिया जा रहा था। वहीं चुलकाना धाम में बसंत पंचमी पर पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा। मंदिर कमेटी सेवादारों के साथ व्यवस्था को संभाले रखी। वहीं श्री चुनकट ऋषि जी महाराज के मंदिर में भी हवन यज्ञ और भंडारा किया गया। श्री श्याम रसोई चुलकाना धाम संस्था द्वारा पीले चावलों का प्रसाद बनाया गया।

# नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर में जांचा 394 मरीजों का स्वास्थ्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) आयुष हरियाणा पंचकूला के** महानिदेशक संजीव कुमार के निर्देशानुसार व डा. वीरेंद्र कुमार दहिया उपायुक्त के मार्गदर्शन में बसंत पंचमी पर नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर विजय बाल निकेतन स्कूल गोपाल कॉलोनी में लगाया गया। जिसमें आयुर्वैदिक व होम्योपैथिक औषधियां मरीजों की जांच उपरांत नि:शुल्क वितरित की गई। मुख्य अतिथि प्रगतिशील पूर्वांचल समिति के अध्यक्ष दयानंद यादव रहे। जबकि अध्यक्षता डॉ.संजय राजपाल जिला आयुर्वेद अधिकारी ने की। मुख्य अतिथि का स्वागत डा. सुदेश पाल ने पुष्प गुच्छ



देकर व विजय बल निकेतन विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार का स्वागत डॉक्टर नितिन रॉय ने पुष्प गुच्छ देकर किया। इस अवसर पर सुनील कुमार, पप्पू प्रजापति, डीपीएम महीपाल बंसल होम्योपैथिक ओपीडी डा.प्राची साहनी, डा.सुदेश पाल, जसबीर, पूजा, डा. जसबीर, डा.रेखा, डा.नितिन रॉय, हरीश, प्रदीप, संगम, रितेश कुमार,चांदनी, काजल आदि मौजूद रहे। चिकित्सा शिविर में कुल 394 मरीजों ने जांच करा दवाई प्राप्त की।

# बजट में की गई हर वर्ग की अनदेखी: मोनू

**पानीपत ,( कमाल हुसैन )** ओबीसी कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव एवं स्व. राजेश पायलट किसान संगठन हरियाणा के जिला अध्यक्ष मोनू रावल ने केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए पेश किए बजट को किसान, कामगार, छोटे व्यापारी, युवा और आम आदमी विरोधी बताते हुए कहा कि आज जो सबसे ज्यादा जरूरतमंद वर्ग है उनकी पूर्णतया अनदेखी की गई है। इस बजट में न तो आम आदमी के लिए महंगाई दूर करने की, न ही युवाओं के लिए बेरोजगारी दूर करने की और न ही किसानों को उसकी फसलों पर एमएसपी की कानूनी गारंटी देने की कोई योजना बनाई गई है।

# हिमगिरी पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**समालखा ( कुलदीप सिंह ) हिमगिरी पब्लिक स्कूल,** बिहौली रोड समालखा में बड़ी धूमधाम व उत्साह के साथ वार्षिक महोत्सव 'उमंग' मनाया गया । मुख्यातिथि मनमोहन सिंह भडाना एम एल ए समालखा व विशिष्ट अतिथि राकेश बुरा डीईओ पानीपत , स्कूल चेयरमैन पी. आर.धीमान,सचिव जिलेसिंह, रेनू धीमान पार्षद समालखा, राजेश राठी, , ज्योति कोचर, मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी, राजबीर राठी रिटायर्ड डिप्टी डीईओ, प्रधानाचार्य प्रमोद राठी, उपप्रधानाचार्य रितु लठवाल, ए. ओ रामनिवास पांचाल आदि गणमान्य व्यक्तियों ने माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की



शुरूआत की । सर्वप्रथम तीसरी,चौथी,पांचवी कक्षा के विद्यार्थियों ध्रुव एंड ग्रुप ने ' गणेश वंदना' गीत पर नृत्य किया। वहीं अल.के.जी. सैक्सन के छोटे-छोटे बच्चों सिया एंड ग्रुप ने तेरी उंगली पकड़ के चला ' गीत पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया । छोटे बच्चों की मासूमियत, सुंदरता एवं प्रतिभा को देखकर सभी अभिभावक भावविभोर हो गए तथा सारा सदन तालियों से गूंज उठा । छठी कक्षा के छात्रों हार्दिक एंड ग्रुप ने हिंदू धर्म के अघोर पंथ के अनुयायियों के विषय में दर्शाते हुए अघोरी नृत्य किया। मां बाप भगवान का रूप होते हैं उनका सम्मान करना हम सबका कर्तव्य बनता है इसी विषय पर आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों दिशा एंड ग्रुप ने ओल्ड ऐज होम विषय पर एक लघुनाटिका प्रस्तुत की तो छठी, सातवीं,आठवीं कक्षा के छात्रों सिद्धि एंड ग्रुप ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया । हम सबको जागरूक करने के लिए आठवीं कक्षा के छात्रों रिया एंड ग्रुप ने साइबर सिक्योरिटी विषय पर एक लघुनाटिका की प्रस्तुती दी। तीसरी कक्षा के बच्चों लवप्रीत एंड ग्रुप ने गुरु की महत्वता को दर्शाते हुए एकलव्य और द्रोणाचार्य पर मैथोलॉजी डांस किया। हमारे देश में नारी को भगवान से ऊपर का दर्जा दिया गया है जहां पर नारी का सम्मान होता है।

# बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) राजकीय कन्या** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापौली में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठे दिन स्वयंसेविकाओ से रूबरू होने के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बापौली सुमित पुनिया उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि मने अब तक सात बार सरकारी नौकरी प्राप्त कर ली है दो बार आई ए एस का परी क्लियर किया है अपनी मेहनत के बल पर आई ए एस बनना चाहता हूं। शायद मुझे सफलता मिल जाए। हमे आखिरी दम तक प्रयास करने चाहिए और अपने माता पिता के सपनो को साकार करना चाहिए। ज्यादा तर ग्रीब लोगों के पास संसाधनों की कमी होती है उनके पास रोजगार पाने का एक मात्र साधन केवल व्यावसायिक शिक्षा ही रह जाती है जो बेहद कम खर्च में आई टी आई और पॉलिटेक्निक में प्राप्त की जा सकती है। जो आप को स्किल्ड कर रोजगार दिलाने में सहायक होगी। प्राध्यापक आजाद सिंह ने बताया कि ये दुनिया हुनर मंद लोगों को ही पूछती है। पहले मां बाप अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर बनाना पसंद करते थे क्योंकि अच्छा रोजगार इसी क्षेत्र में हुआ करता था।

# कृष्ण गौशाला में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन ) बरसत रोड स्थित श्री** राधा कृष्ण गौशाला में आज बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। जिसमें मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ किया गया। वहीं श्री राधा कृष्ण गौशाला के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद के सहयोग से जरूरतमंद बच्चों के लिए रानी लक्ष्मी बाई पाठशाला का भी शुभारंभ किया गया। जिसकी शुरूआत 80 बच्चों से की गई। श्री राधा कृष्ण गौशाला के प्रधान राजीव जैन एवं विश्व हिंदू परिषद की ओर से सीएस सिंगला ने बताया कि पाठशाला की शुरूआत आज बसंत पंचमी के पर्व पर 80 बच्चों से की गई है। जिन्हें स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ वर्दी व भोजन की भी व्यवस्था की जाएगी। इस पाठशाला में आसपास की झुग्गी झोपडियों में रहने वाले बच्चों को पढ़ा लिखा कर अच्छा नागरिक बनाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं इस अवसर पर तुड़े के भंडार के लिए भी एक बड़े शैड की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर प्रधान राजीव जैन,विश्व हिंदू परिषद की ओर से सीएस सिंगला,अतुल कंसल,संजीव जैन,दिनेश खुराना,नवीन बंसल, दिनेश बंसल, रमेश सैनी एडवोकेट, वीरेंद्र शर्मा विक्की, अनिल जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। श्री राधा कृष्ण गौशाला के प्रधान राजीव जैन ने कहा कि गौ माता की सेवा के साथ-साथ जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा देने का सौभाग्य मिला है। यह सब समाज सेवियों के सहयोग से संभव हो पा रहा है। गौ माता की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। वहीं अशिक्षित को शिक्षित करना भी बहुत पुण्य का कार्य है।

# वेद पूरे संसार के लिए ज्ञान की ज्योति: राज्यपाल महर्षि दयानन्द

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : पंजाब के महामहिम** राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा है कि वेद पूरे संसार को ज्ञान का रास्ता दिखाते हैं, हमें महर्षि दयानन्द सरस्वती के आह्वान को याद करते हुए वेदों की ओर लौटना होगा और उस ज्ञान की ज्योति से लाभ लेना होगा। वेदों के रास्ते पर चलकर ही हमारा देश 2047 में पूरी दुनिया का नेतृत्व करते हुए विश्व गुरू बनेगा। वे रविवार को कुरुक्षेत्र ब्रहमसरोवर के योग भवन प्रांगण में वेद विद्या शोध संस्थान के तत्वाधान में महर्षि दयानन्द सरस्वती की द्वितीय जन्मशताब्दी वर्ष समारोह के समापन, सत्यार्थ प्रकाश के लेखन




के 150 वर्ष पूरे होने व आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। महामहिम पंजाब राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द सरस्वती ने उस समय समाज में फैली कुरितियों छुआछूत, जातपात को मिटाते हुए समानता से जीने का अधिकार देने का काम किया था। सबसे बड़ी बात तो उस समय महिला शिक्षा को जरूरी बताकर महिला शक्ति को सबसे बड़ा सम्मान दिया था। स्वामी जी ने नशे के खिलाफ लोगों को जगाया व लोगों को पाखंड ओर अंधविश्वास के प्रति जगाया। उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं उस धरता का रहने वाला हूं जहां पर महर्षि दयानन्द ने दुनिया को सच्चाई से जोड़ते हुए वेदों को उन तक पहुंचाने के लिए सत्यार्थ प्रकाश के लेखन का कार्य किया था। सत्यार्थ प्रकाश ने न जाने कितने लोगों का जीवन बदल दिया है। महामहिम राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि वेद मानव कल्याण का साधन है। हमें वेदों की ओर लौटना होगा। उन्होंने कार्यक्रम के संयोजक स्वामी सम्पूर्णानन्द को बधाई देते हुए कहा कि स्वामी जी ने जिस धरती से पूरी दुनिया को गीता का ज्ञान मिला था, उस धरती पर चारों वेदों का लगातार बारह दिनों तक सुर्योदय से सुर्यास्त तक यज्ञ आयोजित कर पूरी दुनिया से विद्वानों, संतों, आर्य समाज से जुड़े लोगों का कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर जमावड़ा लगा कर महर्षि दयानन्द सरस्वती के विचारों व उनके चिंतन को सही मायने में पूरी दुनिया तक पहुंचाने का पुण्य का कार्य किया है। पूरी दुनिया के लिए सबसे बड़ा चिंतन महर्षि दयानन्द का: सम्पूर्णानन्द
इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक स्वामी सम्पूर्णानन्द सरस्वती ने अपने सम्बोधन में कहा कि पूरी दुनिया के लिए, महर्षि दयानन्द का चिंतन सबसे बड़ा है। जिससे लोगों में बड़ा बदलाव आया।

# आदर्श नगर: भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी हुई है आम आदमी पार्टी: शिवांक सिंघल

## ● कांग्रेस जनता से किया हुआ हर वादा करेगी पूरा: शिवांक सिंघल ● शिवांक सिंघल उमड़ रहा भारी जनसमूह



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा** चुनाव में प्रचार थमने में कुछ ही घंटों का समय रह गया है। प्रत्याशी भी चुनाव प्रचार में दिन-रात एक किए हुए हैं और जनता के बीच अपनी बात और योजनाओं को रख रहे हैं। इसी कड़ी में आर्दश नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने गांधी विहार में जनसंपर्क कर लोगों से वोट की अपील की। इस



मौके पर शिवांक ने लोगों के बीच कांग्रेस की नीतियों को रखा। कांग्रेस द्वारा जारी किए गए घोषणापत्र को रखा।

**गांधी विहार में शिवांक ने किया जनसंपर्क, हुआ भव्य स्वागत:** कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक ने गांधी विहार में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान गांधी विहार की जनता ने शिवांक का जहां भव्य स्वागत किया वहीं फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। इस मौके पर कांग्रे पार्टी जिंदााद, शिवांक सिंघल जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया।

शिवांक ने जनता का अभिवादन स्वीकार किया और कहा कि आप सबका प्यार पाकर मैं निशब्द हूं और आप सबका प्यार आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र का विकास कर लौटाऊंगा। यह मेरा वादा है।

**जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता का मिल रहा प्यार**

शिवांक सिंघल ने पदयात्रा के साथ-साथ डोर-टू-डोर अभियान कर लोगों से समर्थन की अपील कर रहे है। जनता भी शिवांक सिंघल को अपना भरपूर प्यार दे रही है। जनसंपर्क के दौरान लोग कहते हुए देखे जा सकते हैं कि शिवांक हमारे बीच का बच्चा है। क्षेत्र की समस्याओं से पूरी तरह से वाकिफ है, हमारा प्यार और आशीर्वाद शिवांक सिंघल के साथ है।

**शीला दीक्षित के किए हुए सारे विकास कार्यों को खत्म कर दिया केजरीवाल सरकार ने:** शिवांक सिंघल

शिवांक सिंघल ने आम आदमी पार्टी पर करारा हमला करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी हुई है और इस बार दिल्ली की जनता ने भ्रष्टाचारियों को हटाने का फैसला कर लिया है। केजरीवाल हार की डर से कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं को साध रहे हैं। केजरीवाल की घबराहट बता रही है कि वो अपनी सीट के साथ-साथ दिल्ली चुनाव बुरी तरह से हार रहे हैं।

**पूर्व मुख्यमंत्री जेल की खा चुके हैं हवा:** जनसंपर्क के दौरान पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने आम आदमी पार्टी की सरकार को घेरते हुए आरोपों की बौछार कर दी। जनता के आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए घोटालों की लाईन लगा दी।

मंगत राम सिंघल ने कहा कि दिल्ली की वर्तमान सरकार ने पिछले 12 वर्षों से दिल्ली में विकास कार्य के नाम पर सिर्फ जुमले दिए। आज दिल्ली की सभी व्यवस्थाएं











# दिल्ली में भी खिलेगा कमल, बनेगी डबल इंजन की सरकार: रेखा सिन्हा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली की** जनता अब केजरीवाल की झूठी और चिकनी चुपड़ी बातों से उब चूंकि है और इस बार विधानसभा चुनाव में दिल्ली के लोग न तो केजरीवाल के झूठे वादों में फंसने वाले है और एन ही आप के प्रत्याशियों किसी भी लोभन में। क्योंकि दिल्ली की जनता केजरीवाल सरकार से धोखा ही खाया है,इसलिय केजरीवाल सरकार का दिल्ली की सत्ता में यह वर्ष अंतिम वर्ष ही साबित होने वाला है। उक्त सभी बाते बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले



झड़ौदा वार्ड से भाजपा की पूर्व निगम पार्षद रेखा सिन्हा ने कहीं। रेखा ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली का बेड़ागर्क कर दिया है और उनके विधायक पूरे दस सालों तक कुंभकर्णी नींद में सोते रहे और दिल्ली की जनता बुनियादी सुविधाओं सहित तमाम तरह की समस्याओं से जूझते रही। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता का अब केजरीवाल सरकार से भरोसा उठ चूका है जिसके चलते दिल्लीवासी दिल्ली में एक बड़ा बदलाव देखना चाहते है वह दिल्ली में भी सेंटर की तरह ही डबल इंजन की भाजपा सरकार को लाकर दिल्ली में भी विकास देखना चाहते है।

रेखा ने कहा कि दिल्ली में इस बार जैसे ही भाजपा की सरकार बन जाती है तो दिल्ली का विकास दोगूना रफ्तार से किया जाएगा।

# वांछित गैंगस्टर जोगिंदर गिओंग गिरफ्तार, फिलीपींस से किया गया डिपोर्ट

**नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस** की स्पेशल सेल और हरियाणा पुलिस ने एक जॉइंट ऑपरेशन में इंटरनेशनल गैंगस्टर जोगिंदर गिओंग को गिरफ्तार किया। जोगिंदर लंबे समय से फिलीपींस में छुप कर को अपराधों को अंजाम दे रहा था। जोगिंदर को फिलीपींस से डिपोर्ट कर भारत लाया गया। गैंगस्टर जोगिंदर गिओंग पर 15 आपराधिक मामलों में दोष साबित हो चुका है, जिनमें 5 हत्या के मामले भी शामिल हैं। वह काफी समय से फरार था और विदेश से अपनी गैंग को ऑपरेट कर रहा था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और हरियाणा पुलिस ने मिलकर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।



इस कुख्यात गैंगस्टर को पकड़ने के लिए कई महीनों की निगरानी और खुफिया जानकारी पर लगातार नजर बनानी पड़ी, जिसके आधार पर यह बड़ी सफलता मिली है। दिल्ली पुलिस और हरियाणा पुलिस इस गिरफ्तारी को लेकर रविवार को पुलिस मुख्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता किया गया। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुशवाहा ने कहा, ह्ययह दिल्ली पुलिस और हरियाणा एसटीएफ का संयुक्त अभियान था। हम गैंगस्टर जोगिंदर गियोंग को फिलीपींस से निर्वासित कराकर लाए हैं। जोगिंदर गियोंग और इसका भाई कौशल चौधरी के करीबी सहयोगी थे। 2017 में इसके भाई की पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी। इसी के बाद से जोगिंदर गियोंग देश से बाहर चला गया था। इसकी गिरफ्तारी से आतंकियों के नेटवर्क को खत्म कर दिया है। जोगिंदर गिओंग की गिरफ्तारी को कानून-व्यवस्था की बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस का कहना है कि इससे गैंगस्टर के अपराध नेटवर्क को कमजोर किया जाएगा। आगे की कार्रवाई अभी जारी है। पुलिस के अनुसार जोगिंदर गिओंग उर्फ जोगा डॉन कैथल के ग्योंग गांव का रहने वाला है। गोगा कांग्रेस नेता सांसद रणदीप सुरजेवाला को धमकी देने के मामले में सुर्खियों में आया था, क्योंकि जोगा को शक था कि उसके भाई सुरेंद्र ग्योंग का एनकाउंटर करवाने के पीछे रणदीप सुरजेवाला का हाथ है। एनकाउंटर के 6 महीने बाद गोगा सुरजेवाला को जान से मारने की धमकी देने लगा था। सुरजेवाला ने हाईकोर्ट से सुरक्षा की मांगी की थी। जोगा पर बिहार के राज्यसभा सांसद संजय यादव से 20 करोड़ की रंगदारी मांगने का भी आरोप लगा था। जोगा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोस्ट वांटेड घोषित किया गया था। जोगा ने 30 दिसंबर 2017 को पानीपत में रिटायरमेंट पार्टी के वक्त पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर जयदेव शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# आप ने लॉन्च किया योजनाओं का बचत वेब पोर्टल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। आम आदमी** पार्टी (आआपा) ने नाम से वेब पोर्टल लॉन्च किया है। पार्टी का कहना है कि इससे दिल्लीवासी विभिन्न सरकारी योजनाओं से होने वाली बचत का पता लगा सकते हैं। आआपा की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने रविवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि दिल्ली के लोग इस वेब पोर्टल पर जाकर हर महीने हो रही अपनी बचत का हिसाब लगा सकते हैं। एक अनुमान के मुताबिक, दिल्ली में फ्री बिजली, पानी, शिक्षा, इलाज व महिलाओं की बस सफर से हर परिवार की कम से कम 25 हजार रुपये की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि आआपा सरकार बनने के बाद महिला सम्मान, संजीवनी योजना और छात्रों की फ्री बस यात्रा व मेट्रो किराए में 50 फीसद की छूट लागू की जाएगी। इसके बाद दिल्लीवालों को हर महीने कम से कम 35 हजार रुपये की बचत होगी। प्रियंका कक्कड़ ने आगे कहा कि उनकी सरकार ने कहा था कि भाजपा की सरकार घोषणा कर दे कि वह 16 लाख करोड़ रुपये माफ नहीं करेगी, ताकि लोगों की ईएमआई, इनकम टैक्स की दरें आधी हो जाएं और आवश्यक चीजों पर लगा जीएसटी खत्म कर दिया जाए। एक तरफ खपत वाली सरकार है, जिसने जनता को वोट और नोट बैंक समझकर लोगों से केवल टैक्स निचोड़ा है।

# सोमनाथ जमीन हड़पने में लगे हैं, अधिकारियों को धमका रहे: पात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। भाजपा के** राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ संबित पात्रा ने आज एक ऑडियो क्लिप जारी कर आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आआपा) विधायक सोमनाथ भारती ने एक जांच अधिकारी को धमकाकर जमीन हड़पने के मामले को रफादफा करने की कोशिश की है। इस प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी और प्रदेश प्रवक्ता डॉ अनिल गुप्ता भी उपस्थित रहे। संबित पात्रा ने कहा, ह्लआआपा की सबसे बड़ी पूंजी ही भ्रष्टाचार है, चाहे वह दिल्ली जल बोर्ड घोटाला, डीटीसी बस घोटाला या फिर अन्य कोई घोटाला हो। इन्हीं में से एक बड़ा मामला जमीन हड़पने का भी है। जमीन घोटाला




तो जैसे ह्यआआपाह्ल नेताओं का कारोबार बन चुका है। उन्होंने आगे कहा कि एक तरफ अरविंद केजरीवाल शीशमहल में रहते हैं, तो उनके विधायक भी किसी से कम नहीं हैं। ऐसा लगता है कि घोटाला ह्यआआपाह्ल नेताओं के लिए पर्यायवाची बन चुका है। डॉ संबित पात्रा ने बताया कि 10 नवंबर 2023 को जैतपुर में एक व्यक्ति की जमीन हड़प ली गई। जमीन हड़पने वाला व्यक्ति आम आदमी पार्टी विधायक सोमनाथ भारती का करीबी बताया जा रहा है। पेशे से वकील होने के कारण, सोमनाथ भारती अपने मित्र को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्टिंग ऑपरेशन में यह सब कुछ रिकॉर्ड हो गया। इस ऑडियो में सोमनाथ भारती को साफ तौर पर यह कहते सुना जा सकता है कि पैसे लो और लॉजिक को भूल जाओ, उस मेमो को फाड़ दो। जमीन हड़पने वाले के खिलाफ पीड़ित व्यक्ति ने एफआईआर दर्ज करवाई, और केस की पूरी जानकारी सीजर मेमो में दर्ज की गई। इस मामले में सोमनाथ भारती जाँच अधिकारी को सीजर मेमो फाड़ने की धमकी दे रहे हैं। डॉ पात्रा ने इस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जांच अधिकारी को धमकाया जा रहा है, लेकिन वह साफ इनकार कर रहा है। आज डकैत के घर में ही डकैती हो गई है।

# आप बच्चों के हाथों में पेन और कॉपी पकड़ाने का काम करती है: मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। पंजाब के** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को दिल्ली की अलग-अलग विधानसभाओं में ताबड़तोड़ जनसभा व रोड शो कर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में जनता से वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता एक बार फिर काम की राजनीति करने वाले केजरीवाल की सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी बच्चों के हाथों में पेन और कॉपी पकड़ाने का काम करती है। वहीं भाजपा चुनाव हार रही है। भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली के लोगों में आम आदमी पार्टी को लेकर भारी उत्साह है। झाड़ू का बटन



दबाकर दिल्ली से भाजपा का सफाया करेंगे। भगवंत मान ने रविवार को संगम विहार में दिनेश मोहनिया के लिए जनसभा, जंगपुरा में मनीष सिसोदिया, मालवीय नगर में सोमनाथ भारती और राजेंद्र नगर में दुर्गेश पाठक के समर्थन में रोड शो की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली के लोगों के दिलों में बसते हैं।

# अजय माकन ने शिक्षा, स्वास्थ्य और यातायात व्यवस्था को लेकर आआपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी** के कोषाध्यक्षअजय माकन ने शिक्षा, स्वास्थ्य और यातायात व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी पर आज हमला बोला। उन्होंने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम आम तौर पर लोगों का हाल पूछते हैं तो कहते हैं कि आपका स्वास्थ्य कैसा है। जब शहर का हाल पूछते हैं तो कहते हैं आपके यहां का हवा पानी कैसा है। जब शहर में रहने आते हैं तो देखते हैं कि शिक्षा स्वास्थ्य और यातायात व्यवस्था ठीक है कि नहीं। और जब ये सब चीजें खराब हों तो कहते हैं कि वहां की सरकार अच्छी नहीं



है। हवा, दवा, पानी, जवानी और शिक्षा की कहानी वही बर्बाद कर सकता है, जिस नेता की नीयत खराब हो। माकन ने खुलासा किया कि 2008-09 में दिल्ली में कांग्रेस शासन में सरकारी स्कूलों में 12वीं कक्षा में पास होने वालों की संख्या 74,974 थी जो 2013-14 में बढ़कर 1,47,420 छात्र पास हुए। 2019-2020 में आम आदमी पार्टी के शासन में कोरोना से पहले 12वीं पास होने वाले छात्रों की संख्या घटकर 1,09,098 रह गई जबकि लगातार दिल्ली की जनसंख्या बढ़ रही थी।2023-24 में 12वीं पास करने वाले छात्रों की संख्या घटकर 1,46,885 रह गई। 12वीं कक्षा की परीक्षा में बैठने वालों का अनुपात देखा जाए तो जहां कांग्रेस के शासन के आखिर 2013-14 में 166257 छात्रों ने परीक्षा दी, वहीं आआपा सरकार में 2023-24 में 151429 छात्रों ने ही परीक्षा दी। इस दौरान दिल्ली की जनसंख्या लगभग 3 करोड़ पहुंच गई। इन आंकड़ों साफ हैं कि सरकारी स्कूलों के छात्र कम परीक्षा में बैठ रहे हैं। माकन ने बताया कि 2012-13 में कांग्रेस सरकार के दौरान डीटीसी बसों में प्रतिदिन 47.77 लाख लोग सफर करते थे, आम आदमी पार्टी की सरकार में अगस्त 2024 में घटकर सिर्फ24.43 लोग बसों में सफर करते है। 2012-13 में डीटीसी बसें 5609 कांग्रेस छोड़कर गई थी। आआपा सरकार के दौरान 2023-24 में 3937 डीटीसी बसें थी जो अगस्त 2024 में 4541 बसें रह गई। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का मुख्य कारण आठ वर्ष की अविध पूरी कर चुकी सड़कों पर चल रही पुरानी बसें हैं। 2014 में 1440 पुरानी बसें सड़कों पर चलती थी, वहीं 2024 में 2866 बसें सड़कों पर चल रही है। 2024 में 64 प्रतिशत बसें मापदंडों के अनुसार अपनी आठ वर्ष उम्र पूरी कर चुकी है। डीटीसी बस डिपो लगातार कम हो रहे हैं। 2014-15 में डीटीसी डिपो 43 थे। जो अब 2023-24 में सिर्फ 38 रह गए है।

# उदित राज ने लगाया केजरीवाल पर आंबेडकर का अपमान करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। पूर्व सांसद** उदित राज ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर आंबेडकर की प्रतिमा अस्वीकार करके उनका अपमान करने का आरोप लगाया। उदित राज ने रविवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सैनिक विभाग के चेयरमैन कर्नल रोहित चौधरी भी मौजूद रहे। उदित राज ने कहा कि रविवार को वह 50-60 आंबेडकरवादियों के साथ पंजाब में आंबेडकर की मूर्ति को तोड़ने को लेकर और दिल्ली में दलितों के मुद्दों और आंबेडकर विरोधी विचारधारा रखने के लिए केजरीवाल के घर का घेराव करने गए थे। उनकी मांग थी कि केजरीवाल मांफी मांगे और वह उन्हें आंबेडकर की मूर्ति भी भेंट करना चाहते थे। परंतु उन्होंने मिलने से और आंबेडकर की मूर्ति स्वीकार करने से साफ मना कर दिया। उन्होंने केजरीवाल पर आरक्षण, संविधान और आंबेडकर विरोधी होने का आरोप लगाया। इस मौके पर कर्नल रोहित चौधरी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में अरविन्द केजरीवाल और भाजपा ने जिस तरह लोगों के साथ वादा खिलाफी की है, आज वक्त आ गया है इन्हें उखाड़ फैंकने का। भाजपा और आम आदमी पार्टी के झूठे वादों और सत्ता के अधिकारों की लड़ाई में दिल्ली की जनता पिस रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2 करोड़ रोजगार वार्षिक देने का वादा किया था और केजरीवाल 5 लाख रोजगार देने का वादा किया था। भाजपा और आम आदमी पार्टी की युवाओं के प्रति अनदेखी के कारण आज देश और दिल्ली में बेरोजगारी ने पिछले 45 वर्षों के रिकार्ड तोड़ दिए है।

# शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सुंडली में की क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता

टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

**शिमला:** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर आज अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान जुब्बल के सुंडली गाँव में थे जहाँ उन्होंने जय बनाड़ स्पोर्ट्स क्लब सुंडली द्वारा आयोजित 25वीं क्रिकेट खेल कूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। उन्होंने सर्वप्रथम इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी और साथ ही जय बनाड़ स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों को भी इस 25वीं प्रतियोगिता के आयोजन पर हार्दिक बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजनों को निरंतर जारी रखने के लिए भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित

**प्रतियोगिता**

**▶▶ विद्यार्थियों के जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी एक महत्वपूर्ण स्थान है**

करते हुए शिक्षा मंत्री ने बताया कि सुंडली गाँव के साथ उनका एक पारिवारिक और भावनात्मक सम्बन्ध है, और यहां के निवासियों का सहयोग एवं आशीर्वाद सदैव उन्हें मिलता रहा है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र पूरे प्रदेश भर में अपना एक अलग स्थान रखता है जिसका श्रेय यहाँ के दो बड़े नेताओं भूतपूर्व विधायक और प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके ठाकुर राम लाल और



वीरभद्र सिंह को जाता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के पिछले दो वर्षों के कार्यकाल के दौरान प्रदेश और उनके विधानसभा क्षेत्र में विकास के नये आयाम प्रतिस्थापित हुए है। हिमाचल एक पहाड़ी राज्य है और यहाँ के विकास में सड़कों का विशेष योगदान और महत्ता है और इसी दृष्टि से जुब्बल नावर कोटखाई में लगभग 400 करोड़ रुपये का आवंटन सड़कों के निर्माण के लिए किया गया है जो की पूरे प्रदेश में सार्वधिक है। इसके अतिरिक्त, भवन निर्माण के क्षेत्र में भी 200 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि पूर्व भाजपा सरकार में जहाँ निर्माण कार्य पूरी तरह ठप्प हो चुका था और शिक्षा के क्षेत्र में भी हिमाचल की अवनति हुई। वहीं वर्तमान सरकार ने मात्र दो वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल को अग्रणी बनाया है और ऐनुअल स्टेट ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट ( असर ) 2024 के आंकड़ों के अनुसार विद्यार्थियों के रीडिंग स्तर में हिमाचल को पहला स्थान मिला है जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है जिसका श्रेय प्रदेश के परिश्रमी अध्यापकों एवं अभिभावकों को जाता है। इसके अतिरिक्त उन्हें उम्मीद है की नेशनल एसएसमेंट सर्वे के आंकड़ों में भी हिमाचल बेहतर प्रदर्शन करेगा और प्रदेश सरकार के गुणवतायुक्त शिक्षा प्रदान करने के अभियान को और अधिक बल मिलेगा।

विद्यार्थियों के जीवन में पढ़ाई के साथ खेलों का भी महत्वपूर्ण स्थान

रोहित ठाकुर ने खेलों की जरूरत पर बल देते हुए बताया कि विद्यार्थियों के जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी एक महत्वपूर्ण स्थान है जिसके दृष्टिगत ठाकुर रामलाल स्पोर्ट्स हॉस्टल जुब्बल में खिलाड़ियों के लिए सीटों को बढ़ाया गया है और वॉलीबाल के साथ-साथ कब्बड्डी और बैडमिंटन का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा जो कि विद्यार्थियों और खिलाडि़ों के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा। इसके साथ ही जुब्बल में शीघ्र ही शिक्षकों के लिए एक प्रशिक्षण संस्थान भी स्थापित किया जायेगा। रोहित ठाकुर ने बताया कि आगामी समय में हमारे विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री का दौरा प्रस्तावित है

## एलोपैथी तथा आयुर्वेदिक पद्धति में भेदभाव को लेकर आयुष के राज्य अध्यक्ष ने किया रोष प्रकट

टीम एक्शन इंडिया
हामिद

**चंबा :** इन्टेग्रेटड मैडीकल एशोसियेशन (आईएमए) आयुस के राज्याध्यक्ष डॉक्टर दिनेश कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा एलोपैथी चिकित्सा के लिए एक लाख करोड़ रुपए और आयुष चिकित्सा पद्धति के लिए केवल 3700 करोड़ रुपए की बजट असमानता पर गहरा रोष व्यक्त किया है और भारतीय चिकित्सा पद्धति के साथ अपने भारत देश में ही सौतेला व्यवहार करार दिया है जबकि आयुष के अन्तर्गत पांच चिकित्सा पद्धतियां आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध एवं सोवा रिग्पा के अतिरिक्त होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति भी सम्मिलित है। इस अपर्याप्त बजट के अन्दर आयुष के अन्तर्गत उपरोक्त चिकित्सा पद्धतियों मे अन्वेषण व नवाचार शून्य रहेगा जो भारतीय चिकित्सा पद्धति के उत्तरोत्तर ह्रास का कारण बनेगा। उन्होंने सभी आयुष चिकित्सा पद्धति के संगठनो से एक जुट होकर एक मंच के माध्यम से



भारत सरकार के शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रपति,प्रधान मन्त्री, वित मन्त्री व आयुष मन्त्री से मिलकर भारतीय चिकित्सा पद्धति के मान सम्मान की बात कर बराबर बजट प्रदान करने की तथ्यों सहित बात करने पर बल दिया और उन्होंने कहा कि भारत सरकार भारतीय चिकित्सा पद्धति को राष्ट्रीय चिकित्सा पद्धति के रूप मे मान्यता प्रदान करे तभी अन्य राष्ट्र के देश भी विश्व की सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति को मुख्य चिकित्सा पद्धति के रूप मे मान्यता देंगे और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के टेग से भी मुक्ति मिलेगी।

## जाबल बाग-कंडईवाला-त्रिलोकपुर सड़क तीन करोड़ की लागत से बनेगी : अजय सोलंकी

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन:** विधायक अजय सोलंकी ने बताया कि नाहन विधानसभा के जाबल बाग-कंडईवाला-त्रिलोकपुर सड़क



को सरकार की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। यह सड़क 28 अगस्त 2023 को नाबार्ड द्वारा स्वीकृत की गई थी, जिसके बाद इसे वन विभाग की मंजूरी (फॉरेस्ट क्लीयरेंस) के लिए भेजा गया था। अब इस सड़क को फॉरेस्ट क्लीयरेंस भी मिल चुकी है, जिससे निर्माण कार्य में कोई बाधा नहीं रहेगी और जल्द ही कार्य प्रारंभ होगा। यह सड़क 12.5 किलोमीटर लंबी होगी और इसके निर्माण पर 7.43 करोड़ की लागत आएगी। इसमें से 3 करोड़ की राशि पहले ही जारी की जा चुकी है, जिससे कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण परियोजना से क्षेत्र की 11-12 पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे नाहन के लिए आवागमन अधिक सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। इसके अतिरिक्त, छह अन्य महत्वपूर्ण सड़कों की भी फॉरेस्ट क्लीयरेंस पहले ही प्राप्त हो चुकी है। इनमें आदि बद्री-जली-बड़ो-कठाना-कुन स्कूल से दांडी पुल तक की सड़कें शामिल हैं, जो इन क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को और मजबूत बनाएंगी और स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा प्रदान करेंगी।उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता हमेशा से क्षेत्र के लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना रही है। सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती हैं और मैं संकल्पित हूं कि नाहन विधानसभा के हर गांव और हर घर को सड़क मार्ग से जोड़ा जाए।

इन परियोजनाओं से न केवल लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक भी उनकी पहुंच आसान होगी।

## जन आकांक्षाओं को समर्पित है केंद्रीय बजट

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू:** केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट हर वर्ग के लिए किसी सौगात से कम नहीं है और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मध्यम वर्ग के लिए यह बजट किसी स्वप्न के पूरा होने से कम नहीं। केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कुल्लू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित सूद ने मीडिया को जारी बयान में यह बातें कही। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं के लिए राहत लेकर आया है। 12 लाख तक की आय को कर मुक्त करना अपने आप में बहुत बड़ी बात है जिसकी कल्पना तो किसी ने भी नहीं की थी। इस फैसले से पूरे देश का नौकरी पेशे वाला वर्ग झूम उठा



है। इसके साथ ही आयकर रिटर्न को चार साल में एक साथ भरने का फैसला भी करोड़ों लोगों को राहत देने वाला है। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा को 3 लाख से 5 लाख करने से किसानों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी तो वहीं युवाओं को स्टार्टअप के लिए लोन की सीमा को 10 करोड़ से 20 करोड़ करने से अनेकों नए रोजगार सृजित होंगे।

## द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर में मनाई बसंत पंचमी

टीम एक्शन इंडिया
विवेकानंद वशिष्ठ

**हमीरपुर:** द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर में बसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण करके किया। इस अवसर पर किंडरगार्डन के सभी बच्चों ने पीले रंग की पोशाकें पहनी हुई थी।

स्कूल के सभी बच्चों ने माँ सरस्वती के समक्ष फूल अर्पित किए। इस उत्सव की शुरुआत छोटे बच्चों की तरफ से माँ



सरस्वती की वंदना से की गई। इस अवसर पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। छोटे-छोटे बच्चों के नृत्य ने सब का मन मोह लिया। अन्त में स्कूल के प्रधानाचार्य अरूण कुमार चौहान ने सभी बच्चों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। साथ में ही बसंत पंचमी के महत्त्व को बताया।

**न्यूज फ्लैश**

### औटसोर्स कर्मचारियों का साथ दे हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोशिएशन महासंघ ताकि औटसोर्स पॉलिसी बने : डॉ. सुरेंद्र डोगरा

टीम एक्शन इंडिया
विवेकानंद वशिष्ठ

**हमीरपुर:** डॉक्टर सुरेंद्र डोगरा, अध्यक्ष हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन जिला हमीरपुर और उपाध्यक्ष संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने या जानकारी दी । उन्होंने कहा कि .... मेडिकल प्रोफरेशनल के साथ होने वाले असाल्ट के हर कर्मचारी आगे आये और साथ दे ,साथ मे औटसोर्स पॉलिसी बने ताकि औटसोर्स कर्मचारियों के साथ न्याय हो। हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोशिएशन की तरफ से स्टेट उपाध्यक्ष ने एडवांस करियर प्रोग्रेशन स्कीम को पंजाब की तर्ज पे लागू किया जाए ताकि एक मेडिकल ऑफिसर मेडिकल ऑफिसर बन के ही ना सेवानिवृत ना हो जाए।

साथ मे डॉ सुरेंद्र सिंह डोगरा ने जो भी सयुंक्त मांगे अलग विभागों से डिमांड चार्टर मे हैं उसका समर्थन किया और सभी कर्मचारियों को संगठित होने का आवाहन किया और कहा एकता मे ही बल है। जय हिंद जय हिमाचल जय सयुंक्त कर्मचारी महासंघ।

### बजट में हिमाचल के प्रति केंद्र के सौतेले व्यवहार,आर्थिक संकट से उबारने के लिए किसी प्रकार की सहायता का जिक नहीं : प्रेम कौशल

टीम एक्शन इंडिया
विवेकानंद वशिष्ठ

**हमीरपुर:** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रेम कौशल ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट हिमाचल प्रदेश के प्रति केंद्र के सौतेले व्यवहार की सोच को ही आगे बढ़ाने वाला है इसमें प्रदेश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए किसी प्रकार की सहायता का जिक्र नहीं है , प्रदेश में नए उद्योगों की स्थापना की संभावनाओं को धक्का लगा है।

कौशल ने कहा कि अर्निग क्लास को इनकम टैक्स में राहत देने के अतिरिक्त यह बजट निशाजनक है और देश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के विषय में भी किसी सार्थक योजना का खुलासा इसमें नहीं किया गया। कुल मिलाकर यह चुनावी राज्यों में वोट प्राप्त करने के लिए बनाया गया बजट है।

## लाहुल के विकास को लेकर भाजपा नेता रवि ठाकुर ने की जेपी नड्डा से मुलाकात

**मुलाकात**

**▶▶ रवि ठाकुर ने बताया कि इस दौरान उन्होंने परिवहन व राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा से भी मुलाकात की**

टीम एक्शन इंडिया
अंगारिया

**केलांग :** भाजपा नेता एवं लाहुल स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर लाहुल स्पीति में केंद्रीय योजनाओं से हो रहे विकास कार्यों पद चर्चा की । लाहुल में बीजेपी की



संगठनात्मक ढांचे की मजबूती को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई । लाहुल स्पीति में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर एक खाका तैयार कर केंद्र की ओर से यथासंभव मदद का आश्वासन केंद्रीय मंत्री द्वारा दिया गया । रवि ठाकुर ने बताया कि इस दौरान उन्होंने सड़क परिवहन व राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा से भी मुलाकात की और लाहुल स्पीति में सीमा सड़क संगठन द्वारा 1400 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे सुमदो काजा ग्राम्फू रोड केडी कार्यों में तेजी लाने और 1800 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले एसकेटीटी रोड के लिए भू अधिग्रहण कर लोगों को उचित मुआवजा देकर शीघ्र चौड़ीकरण का कार्य शुरू करने की मांग की । रवि ठाकुर ने बताया कि परिवहन व राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों की सड़कों को लेकर काफी गंभीर है और जोजिला टनल की तरह ही शिंकुला टनल को भी शीघ्र ही देश को समर्पित किया जाएगा । रवि ठाकुर ने बताया कि दोनों केंद्रीय मंत्रियों को लाहुल स्पीति का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा लेने का भी निमंत्रण दिया गया जिसे दोनों ने स्वीकारते हुए जल्द लाहुल स्पीति का दौरा करने की बात की है ।

### सांबल, रोपड़ू, स्कोर, तुंग व लोअर बिजनी में 3 फरवरी को बिजली बंद

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी:** सहायक अभियन्ता विद्युत उपमण्डल मंडी तीन ई. होशियार सिंह ने बताया कि विद्युत उपकरणो के आवश्यक रख-रखाव व मरम्मत 3 फरवरी को 11 केवी सौली खड्ड के अधीन क्षेत्रों सांबल, बुरासधार, रोपड़ू, अरड़ा, स्कोर, तुंग व लोअर बिजनी में विद्युत आपूर्ति प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। इस दौरान उन्होंने खेत्र की समस्त जनता से सहयोग की अपील की है।

## डीसी ने किया प्राथमिक पाठशाला व आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन:** उपायुक्त सिरमौर सुमित खिम्टा ने राजकीय मॉडल प्राथमिक पाठशाला नाहन और राजकीय प्राथमिक पाठशाला बड़ा चौंक का कर शैक्षणिक गतिविधियों व शिक्षण संस्थान में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद भी किया तथा विद्यार्थियों से पठन-पाठन संबंधी तौर तरीकों का भी जायजा लिया।

इसके उपरांत उपायुक्त ने आंगनबाडी केन्द्र बड़ा चौक का





**औचक निरीक्षण**

**▶▶ शैक्षणिक गतिविधियों व शिक्षण संस्थान में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।**

भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है और एक अनुभवी शिक्षक शिक्षण कार्य के साथ-साथ मार्गदर्शक व परामर्शदाता के रूप में भी अपने कर्तव्य व उत्तरदायित्व का निर्वाहन करता है।

उन्होंने कहा कि पढाई के अतिरिक्त विद्यार्थियों को बुनियादी ज्ञान व देश-प्रदेश तथा जिला संबंधी सामान्य ज्ञान की जानकारी अवश्य होनी चाहिए ताकि प्रतिस्पर्धा के दौर में अपने आप को सक्षम बनाकर आगे बढ़ सके।

इस दौरान उन्होंने विद्यालय में चलाये जा रहे मिड डे मील के तहत विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाये जा रहे भोजन की गुणवत्ता भी जांची तथा स्कूल प्रबंधन को बच्चों को उपलब्ध कराये जाने वाला मिड डे मील की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिये।

एसएल-05

## केंद्रीय बजट से बौद्ध टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा, मैडीकल टूरिज्म से भी मिलेगा बल : नंदा



टीम एक्शन इंडिया
चमन शर्मा

**शिमला:** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पीएम मोदी के विकसित भारत की नींव है। हमने पिछले 10 सालों में दुनिया का ध्यान भारत की ओर आकर्षित किया है,

मोदी का फोकस ज्ञान (जी.वाई.ए.एन.) यानी गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर है। इसके साथ ही स्वास्थ्य, निर्माण और मेक इन इंडिया, रोजगार और इनोवेशन पर हमारा ध्यान केंद्रित है। साथ ही कृषि और निर्यात पर हम काम कर रहे हैं, हमारा उद्देश्य विकसित भारत बनाने पर है। पी.एम. मोदी के नेतृत्व में इकोनॉमी को गति देंगे। नंदा ने कहा कि यह बजट सरकार के विकास को बढ़ाने, सभी के विकास, मिडल क्लास की क्षमता को बढ़ाने के लिए समर्पित है। हम इस सदी के 25 साल पूरे करने जा रहे हैं। हमारी विकसित भारत की उम्मीदों ने हमें प्रेरणा दी है। नंदा को कहा कि अगर हम हिमाचल की बात करें तो केंद्रीय बजट बड़े वर्ग को राहत प्रदान करने वाला है। विशेषकर नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर नहीं लगने से प्रति वर्ष 80 हजार रु की राहत मिलेगी। इस निर्णय से कर्मचारियों और पैंशनरों वर्ग के साथ छोटे व्यापारियों एवं कारोबारियों को राहत मिल सकेगी। इसके अलावा किसान क्रैडिट कार्ड लिमिट बढ़ने से करीब 9.97 लाख किसान परिवारों को लाभ मिलेगा। केंद्रीय बजट में प्रदेश सरकार हर्ष की खबर यह है कि आर्थिक सुधारों के लिए राज्य को 50 वर्ष तक ब्याज मुक्त ऋण देने की बात कही गई है। इसके लिए डेढ़ लाख करोड़ रुपए के आबंटन का प्रस्ताव है, जिसमें हिमाचल प्रदेश की हिस्सेदारी भी होगी। जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ाने से भी प्रदेश को बड़ा फायदा मिलेगा।

## बसंत पंचमी पर सतगुरु की महिमा से गूंजा मंडी, नामधारी संगत ने किया नगर कीर्तनों का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
खेमचंद शास्त्री

**मंडी: नामधारी** संगत स्वतंत्रता सेनानी राम सिंह सतगुरु राम सिंह के जन्म दिन को बसंत पंचमी के दिन मनाती है। शनिवार को मंडी में इस मौके पर अल सुबह रामनगर मंगवाई स्थित नामधारी संगत ट्रस्ट की ओर से नगर कीर्तन का आयोजन किया गया तो दोपहर बाद स्कूल बाजार स्थित नामधारी गुरुद्वारा की ओर से नगर कीर्तन का आयोजन हुआ। सुबह से लेकर शाम तक अपनी झक सफेद वेशभूषा में नगर कीर्तनों में शामिल हुई संगत गुरु की महिमा को दर्शाती झांकियों के साथ संगत के शब्द कीर्तन व भजनों से शहर गुंजायमान रहा। जगह जगह तोरणद्वारों व भंडारों के साथ इन नगर कीर्तनों का स्वागत किया गया। नगर कीर्तनों में नामधारी युवकों ने



कई रोमांचकारी करतब दिखाकर सबको अचंभित कर दिया। इसमें शहर की कई संस्थाओं व अन्य संप्रदायों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। सतगुरु राम सिंह के 209 वे प्रकाश पर्व को मंडी में नामधारी संगत द्वारा बड़े धूम धाम से आयोजित किया जा रहा है।

विश्व नामधारी संगत के मीडिया प्रभारी हरमीत सिंह बिट्टू ने बताया कि पिछले दो दिनों से नामधारी गुरुद्वारा में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें कथा कीर्तन के अलावा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं इसी कड़ी में आज ऐतिहासिक सेरी मंच पर नामधारी विरसा के शीर्षक से एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें चित्रों द्वारा और वीडियो फिल्म द्वारा नामधारियों के देश की आजादी और सामाजिक सुधारों में किए गए योगदान को दर्शाया गया है आज के इस सादे लेकिन गरिमामई कार्यक्रम और प्रदर्शनी का शुभारंभ उपायुक्त अपूर्व देवगन और मेयर वीरेंद्र भट्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कियाएंच से बच्चों सहित अन्य कुछ वक्ताओं ने नामधारी इतिहास पर कविता और भाषणों द्वारा प्रकाश डालाए उपायुक्त अपूर्व देवगन ने अपने संबोधन में नामधारी संप्रदाय के मुख्य सतगुरु राम सिंह के देश की आजादी और सामाजिक सुधारों के लिए दिए गए योगदान की खुले मन से प्रशंसा की। कार्यक्रम के समापन पर नामधारी सूबा गुरमीत सिंह और सूबा साधा सिंह ने सभी उपस्थित लोगों का विश्व नामधारी संगत मण्डी की ओर से हार्दिक धन्यवाद किया। इसी तरह रामनगर में भी कई दिनों से इस उपलक्ष्य में आयोजन चल रहे रहे हैं। रविवार को दोनों ही स्थानों पर लगातार कार्यक्रम आयोजित होंगे।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2


एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 03 फरवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# भारी जनआशीर्वाद से भाटिया बनेंगे आदर्श नगर के 'राजकुमार': हिमंत बिस्व शर्मा









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** विधानसभा चुनाव प्रचार में अब केवल एक ही दिन शेष है। आदर्श नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया का चुनाव अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ते हुए शिखर पर मजबूत स्थिति बनाए हुए है। पिछले दिनों में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के स्थानीय मजबूत कार्यकर्ताओं के राजकुमार भाटिया के समर्थन में भाजपा के साथ आने और समाज के हर वर्ग के लोगों व जनसाधारण से मिल रहे समर्थन व उनके चुनाव में हिस्सा लेने से पूरा माहौल उनके पक्ष में बना हुआ है। इसी कड़ी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सर्मा ने राजकुकमार भाटिया के लिए प्रचार करने पहुंचे। इस मौके पर हिमंत ने केजरीवाल सरकार पर जमकर निशाना साधा। हिमंत ने केजरीवाल से सवाल पूछते हुए कहा कि केजरीवला बताएं पिछले 11 वर्षों में दिल्ली में क्या किया। शिक्षा क्रांति की बात करते हैं केजरीवाल बताएं उन्होंने दिल्ली में कितने कॉलेज खोलें। केजरीवाल के पास आज जवाब नहीं है। दिल्ली की जनता को सिर्फ झूठी गारंटी दे रहे हैं, लेकिन इस बार दिल्ली की जनता केजरीवाल के झूठे झांसे में नहीं आएगी। हिमंता ने कहा कि बीजेपी सरकार सुशासन व लोककल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतारेगी। हिमंता ने कहा अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी ने जनता से सिर्फ झूठ ही बोला है और दिल्ली को लूटा है। केजरीवाल ने दिल्ली को उसके हक से वंचित रखा है। इसलिए दिल्ली में भाजपा सरकार बनने पर महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह दिए जाएँगे।

लगातार चुनावी माहौल में बढ़त के चलते भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह में भी वृद्धि देखी जा रही है। दिल्ली में कल आप के भाजपा में सम्मलित हुए आठ विधायकों में आदर्श नगर से दो बार विधायक रहे पवन शर्मा भी थे। प्रदेश कार्यालय से भाजपा में सम्मलित होने के बाद चुनाव कार्यलय में पहुँचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पवन शर्मा के भारी सँख्या में समर्थक भी मौजूद रहे। पवन शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध अन्ना आंदोलन से जुड़े हुए थे जिस उद्देश्य को लेकर आम आदमी पार्टी बनी थी उसके उलट इन्होंने भ्रष्टाचार की एक नई इबारत लिख दी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल समेत उनके मंत्री व अन्य नेता भ्रष्टाचार में डूब चुके हैं। दिल्ली की जनता की भलाई और विकास से हट इन्होंने अलग ही लाइन पकड़ ली है। अब वहाँ दम घुटने लगा था। उन्होंने कहा कि राजकुमार भाटिया साफ छवि के बेदाग समाज सेवा को समर्पित ईमानदार नेता हैं। वहीं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश सुरक्षित होंने के साथ विकास के रास्ते पर अग्रसर है। इन्हीं सबसे प्रभावित हो भाजपा में आया हूँ। उन्होंने राजकुमार भाटिया को भारी मतों से विजयी बनवाने का संकल्प लिया। राजकुमार भाटिया ने एच 4 और जी ब्लॉक में साहु समाज के साथ बैठक की। इसके अतिरिक्त गली न. 1 और 3 मजलिस पार्क, भगत सिंह रोड़ आदर्श नगर व केवल पार्क में इंडोर बैठक ली जिसमें भारी सँख्या में क्षेत्रवासी उपस्तिथ रहे। राजकुमार भाटिया ने आज गाँधी विहार, निरंकारी कालोनी और धीरपुर गाँव मे विशाल रोड़ शो निकाला जिसमें सैंकड़ो दो पहिया वाहन के साथ अन्य वाहन रहे।







# वजीरपुर: सिख समाज ने किया भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज का भव्य अभिनंदन













**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: व**जीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने रविवार को वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अशोक विहार, केशवपुरम, भारत नगर, वजीरपुर जेजे कॉलोनी सहित कई इलाको में जनसंपर्क किया।

**पूनम भारद्वाज ने केशवपुरम में किया जनसंपर्क:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने केशवपुरम में जहां एक ओर जनसंपर्क किया, वहीं केशवपुरम के बी-4 में जनसंवाद भी किया। साथ ही पूनम भारद्वाज माता की चौकी में पहुंची और मां भगवती का आशीर्वाद भी लिया।

**अशोक भारद्वाज ने सावन पार्क में जनसभा को किया संबोधित:** भाजपा नेता अशोक भारद्वाज ने सावन पार्क इलाके में जनसभा को संबोधित किया और भाजपा के फेवर में वोट करने की लोगों से अपील की। श्री भारद्वाज ने कहा कि आप सभी भाजपा का समर्थन करें, मैं आप सभी से वादा करता हूं कि क्षेत्र में विकास होगा।

**अशोक विहार के जैन मंदिर में पूनम भारद्वाज ने टेका माथा:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने अशोक विहार के जैन मंदिर में माथा टेका और वहां के पदाधिकारियो से भी मुलाकात की।

**पूनम शर्मा भारद्वाज ने कई इलाकों में किया जनसंपर्क:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के कई इलाको में जनसंपर्क किया और जनता से कहा कि आप सभी मेरा समर्थन करें, मैं आप सभी से वादा करती हूं कि क्षेत्र का विकास करके दिखाउंगी, आपकी जो भी समस्याएं है, उनका उचित समाधान किया जायेगा।

**आम आदमी पार्टी ने दिया जनता को धोखा:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने वजीरपुर क्षेत्र की जनता को केवल धोखा देने का कार्य किया है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की जनता बाजार से मंहगे दामों पर पानी खरीदकर पी रही है, क्योंकि कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है।









